

4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 347 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 07 अक्टूबर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


# AAP सांसद राघव चड्ढा को बड़ा झटका, खाली करना होगा सरकारी आवास,

## कोर्ट बोला- आपके पास बंगले में रहने का कोई औचित्य नहीं

नई दिल्लीः राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को अब अपना सरकारी बंगला खाली करना पड़ेगा. पटियाला हाउस कोर्ट ने अपने उस अंतरिम आदेश को वापस ले लिया, जिसमें उसने राज्यसभा सचिवालय को राघव चड्ढा से बंगला खाली न करवाने का निर्देश दिया था. इस आदेश के खिलाफ दायर सचिवालय की याचिका पर अपने आदेश में कोर्ट ने आज यानी शुक्रवार को कहा कि बंगला का अलॉटमेंट रद्द होने के बाद राघव चड्ढा का उस बंगले में रहने का कोई औचित्य नहीं बनता है. राघव चड्ढा ये दावा नहीं कर सकते कि राज्यसभा के सांसद के तौर पर कार्यकाल पूर्ण



होने तक उनका इस बंगले पर रहने का अधिकार बनता ही है. दरअसल, राघव चड्ढा को राज्यसभा सांसद बनने के बाद दिल्ली के पंडारा रोड पर टाइप-7 का बंगला आवंटित हो गया था, लेकिन बाद में पता चला कि पहली बार सांसद बने राघव चड्ढा इसके लिए अधिकृत नहीं थे. नियम के तहत पहली बार सांसद बनने वाले नेताओं को सरकारी फ्लैट आवंटित किया जाता है. अपनी भूल सामने आने के बाद राज्यसभा सचिवालय ने बंगला खाली कराने के लिए नोटिस दिया था, जिसे राघव चड्ढा ने चुनौती दी और कहा कि बतौर सांसद उन्हें एक बार निवास आवंटित हो गया है तो सांसद रहते हुए उसे खाली नहीं करवाया जा सकता. अदालत ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता बतौर राज्यसभा सांसद अपने पूरे कार्यकाल में बंगले में रहने का अधिकार नहीं जता सकते. अगर उसका आवंटन खारिज हो जाता है, तो उन्हें उसे खाली करना होगा. राज्यसभा सचिवालय के वकील ने कहा कि दलील देते हुए कहा था कि राज्यसभा सांसद होने के नाते राघव चड्ढा को टाइप 6 बंगला आवंटित करने का अधिकार है, न कि टाइप 7 बंगला.

पटियाला हाउस कोर्ट में राघव चड्ढा को बंगला खाली करने के मामले में लगाई अंतरिम रोक को हटाया. पटियाला हाउस कोर्ट ने राज्यसभा सचिवालय के बंगला खाली करने के नोटिस को सही ठहराया है. पटियाला हाउस कोर्ट ने कहा राघव चड्ढा के पास टाइप 7 बंगले पर कब्जा जारी रखने का कोई निहित अधिकार नहीं है क्योंकि यह केवल एक सांसद के रूप में उन्हें दिया गया विशेषाधिकार था.

# अर्थशास्त्र में अनुसंधान विचार विधि एवं दृष्टिकोण विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना



लखनऊ । नवयुग कन्या महाविद्यालय, में अर्थशास्त्र विभाग एवं अनुसंधान और विकास प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में "अर्थशास्त्र में अनुसंधान : विचार, विधि एवं दृष्टिकोण" विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती को पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ।डॉ प्रतिमा घोष ने अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम को गति प्रदान कीइस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप मे डॉ योगेश बंधु स्टेट कॉर्डिनेटर, वर्ल्ड बैंक तथा विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ कविता बलियान, गिरि इंस्टीट्यूट ऑफ डवलपमेंट स्टडीज, लखनऊ रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० मंजुला उपाध्याय द्वारा की गयी ` प्राचार्या एवं डॉ शर्मिता नंदी अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्षा द्वारा अतिथियों को स्मृति चिह्न और पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया`

विशिष्ट वक्ता डॉ कविता बलियान ने अनुसंधान के महत्व एवं भूमिका पर प्रकाश डाला` उन्होंने बताया कि अच्छे अनुसंधान के लिए समाज की रचना, आर्थिक एवं राजनीतिक दशाओं, इतिहास तथा साहित्य का अध्ययन आवश्यक है ` आकंड़ों के संकलन, व्यवस्थापन एवं विश्लेषण में उपयुक्त अनुसंधान पद्धतियों का चयन कर परिकल्पना को किस प्रकार सत्यापित किया जाता है` मुख्य वक्ता डॉ योगेश बंधु ने अर्थशास्त्र में अनुसंधान की समाज में उपयोगिता के बारें में विस्तार से बताया कि कैसे रोज की जिंदगी में अर्थशास्त्र काम करता है जब हमें कोई चीज अच्छी है या बुरी लगती है, अच्छे या बुरा होने की वही बजह अनुसंधान का विषय बनती है जिसके कारण समाज में सर्विस उत्पन्न होती हैं ` प्राचार्या ने अपने अध्यक्षीय भाषण में छात्राओं को नयी शिक्षा नीति के तहत अनुसंधान का महत्व समझाया ` उन्होंने बताया कि छात्राओं को अपनी रुचि अनुसार समस्या का चयन कर छोटे- छोटे अनुसंधान करना चाहिऐ सरकारी योजनाओं पर अनुसंधान करने के लिए छात्राओं को प्रोत्साहित किया`

डॉ श्वेता उपाध्याय धर ने कार्यक्रम का संचालन किया ` धन्यवाद ज्ञापन अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्षा डॉ शर्मिता नंदी ने किया ` अर्थशास्त्र विभाग की वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ नीतू सिंह और डॉ अन्जुला कुमारी ने इस कार्यक्रम में सहयोग किया ` अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ की कॉर्डिनेटर प्रो.अर्चना सिन्हा एवं सदस्य प्रो. सुषमा त्रिवेदी,प्रो. राशिदा खातून प्रो. निशि गुप्ता डॉ अर्पणा राय उपस्थित रही `महाविद्यालय की समस्त सम्मानित प्रवक्ताओं ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढायी` बी.ए., बी .एससी एव. बी. काम संकाय से छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# भारत ने हॉकी में भी लहराया परचम, 22वां गोल्ड आया, पहली बार 100 मेडल पक्के

नई दिल्ली. भारतीय खिलाड़ी चीन में चल रहे एशियन गेम्स में रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन कर रहे हैं. जब दूसरे खेल में एक के बाद एक मेडल आ रहे हैं तो भारतीय हॉकी टीम क्यों पीछे रहती. भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशियन गेम्स के 13वें दिन शुक्वार को गोल्ड मेडल जीत लिया. यह गेम्स में भारत का 22वां गोल्ड मेडल है. भारत के अब कुल 95 मेडल हो गए हैं. जल्दी ही भारत 100 मेडल की संख्या पार कर सकता है.

भारत के लिए शुक्रवार की सुबह एक हद तक निराश करने वाली रही. देश के शीर्ष शटलर एचएस प्रणय मेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल में अपने चीनी प्रतिद्वंद्वी से सीधे गेम में मुकाबला हार गए और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा. आर्चरी में महिला रिकर्व टीम ने भी ब्रॉन्ज जीता. रेसलर बजरंग पूनिया भी अपना मुकाबला हार गए. मेडल टेली में भारत शतक की ओर बढ़ रहा है. भारत ने एशियाई खेलों में अब तक 22 गोल्ड, 34 सिल्वर और 39 ब्रॉन्ज के साथ कुल 95 मेडल जीत चुका है. जबकि 9 मेडल पक्के हैं. यानी पहली बार भारत के 100 मेडल गेम्स आ रहे हैं.

भारत ने हॉकी का गोल्ड मेडल जीतने से पहले पुरुष ब्रिज टीम इवेंट में सिल्वर मेडल जीता. इससे पहले अमन सेहरावत ने पुरुषों की 57 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती में कांस्य पदक जीता. महिला कुश्ती में सोनम मलिक (62 किग्रा) और किरन बिश्नोई (76 किग्रा) ने भी ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए. इससे पहले बैडमिंटन में एचएस को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा. चीन के ली शिफेंग ने प्रणय को 21-16 और 21-9 से शिकस्त दी. रेसलर बजरंग पूनिया भी सेमीफाइनल में हार गए. बजरंग को ईरान के रेसलर ने 1-8 से हराया.

क्रिकेट में भारतीय पुरुष टीम ने बांग्लादेश को हराकर फाइनल में जगह बना ली है. इस मैच में तिलक वर्मा ने बेहतरीन अर्धशतक जमाया. महिला टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर सेपक टकरा में भी मेडल सुनिश्चित कर लिया है.

# सरकारी शिक्षकों को कोचिंग चलाने पर प्रतिबन्ध हैं ,

## ......तो फिर सरकारी डॉक्टर को निजी क्लीनिक चलाने पर प्रतिबंध क्यों नहीं ?

**करोड़ों रुपएं की एमडीएम घोटाले का निष्पक्ष जांच कराया जाय तो सरकार को पैरों तले जमीन घिसक जाएंगे ।**

**और तो और हेडमास्टरों के साथ साथ बिहार के शिक्षा विभाग के काली करतूतों का भी पोल खुल जायेंगे**




समाज जागरण , अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरोचीफ, बिहार झारखंड। बिहार राज्य के शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक के तरह ,काश स्वास्थ्य विभाग में भी ऐसे अधिकारी होते तो स्वास्थ्य विभाग का दयनीय हालत इस तरह नही होती और उद्देश्यों से भटक चुकें सरकारी डॉक्टरों द्वारा लूटने से गरीब बच जाते और उन्ही डॉक्टरों से गरीबो को सही और समुचित इलाज मिल पाता ।

पत्रकारों का सर्वेक्षण बताते हैं कि बिहार प्रदेश में शिक्षक और चिकित्सक ,अपने -अपने कर्तव्य बोध को समझ ले ,तो शिक्षा और चिकित्सा के माध्यम से पूरे समाज में अमूल चूल परिवर्तन लाया जा सकता है, जब शिक्षा और चिकित्सा सुधर जाएंगे तो हमारा यह समाज पूर्णतः स्वस्थ्य व स्वच्छ बन जाएगा और शिक्षा एवं चिकित्सा पर अनावश्यक रूप से होने वाले खर्चे से मध्यम वर्गीय परिवार बच जाएंगे,जो मध्यम वर्गीय परिवार के दयनीय हालत में परिवर्तन ला सकेगा है

बताते चले कि बिहार राज्य के शिक्षा विभाग में के.के पाठक ने एक के बाद एक, नया आदेश लागू कर शिक्षा विभाग में तहलका मचा दिया।फलस्वरूप शिक्षकगण घर बैठे वेतन उठाने /पाने की जगह स्कूल जाना मुनासिब समझ रहे हैं, क्योंकि उनके कोचिंग सेंटर की आय सरकारी वेतन के सामने फीके पड़ जा रहे हैं । सरकारी वेतन के सामने सरकारी शिक्षकों द्वरा कोचिंग सेंटर संचलन ,दाल -भात पर चटनी का बोध कर दिया है ! अंततः शिक्षक भी अपने दायित्व को निभाना मुनासिब समझ रहे है। ठीक इसी तरह बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग एवम संबंधित जिला स्तरीय मंत्री जी तथा जिला पदाधिकारी महोदय भी शिक्षा विभाग के अपर सचिव के. के .पाठक के पद चिन्हों पर चल पड़ते तो 90% सरकारी डॉक्टर से गरीबो को समुचित इलाज मिल जाता और विशेष परिस्थितियों में 10% अच्छे डाक्टर के पास गरीबो को इलाज के लिए जाना पड़ता ,इससे आयुष्मान भारत योजना के तहत सरकारी खजाने की लुट रुक जाता और देश का आर्थिक ढ़ाचे भी मजबूत होते। वही डाक्टरो द्वारा गरीबों को रेफर की परिपाटी भी थम जाता और गरीब हमेशा रेफर की परिपाटी से भी बच जाते ।

जनता की दबी-जुबान बताते हैं कि जो शिक्षक बगैर स्कूल जाए, अपना महीना का सैलरी बड़ी आसानी से उठा लिया करते थे,आज वही शिक्षक स्कूल के लिए निर्धारित समय सीमा से 10 मिनट पहले स्कूल पहुंच जाते हैं।

सूत्रों की बात मान लि जाए तो बिहार सरकार के अपर मुख्य सचिव के. के. पाठक द्वारा सरकारी विद्यालय में पढ़ाने वाले शिक्षक को कोचिंग चलाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है,साथ ही निजी कोचिंग संचालको को सरकारी विद्यालय अवधि में कोचिंग नही चलाने का निर्देश दिया गया है ।

**तो फिर सरकारी हॉस्पिटल के डॉक्टर को निजी क्लीनिक चलाने पर प्रतिबंध क्यों नहीं हैं ?**

क्या बिहार राज्य के तमाम स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी किसी बड़े मंत्री की दबाव में काम करते हैं या फिर जिले में बैठे स्वास्थ्य अधिकारी मोटी रकम लेकर अपना अपना अधिकार को भी खो दिए है।

शिक्षक और चिकित्सक अपने अपने कर्तव्य बोध समझ ले तो शिक्षा और चिकित्सा के माध्यम से पूरे समाज में आमूल चूल परिवर्तन लाया जा सकता है, जब शिक्षा और चिकित्सा सुधर जाएंगे तो हमारा यह समाज पूर्णतः स्वच्छ बन जाएगा।

सूत्रो के माने तो आज भी सारे विद्यालय में फर्जी एडमिशन हेड हेडमास्टरों द्वारा किया गया है जो चिंता का विषय है निजी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों का सरकारी विद्यालयों में नामांकन से




हेडमास्टरों के साथ -साथ शिक्षक को भी बले- बले रहता है । वहीं एमडीएम से बचने वाला पैसों को बंदर बांट भी किया जाता है ! और तो और निजी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों का सरकारी विद्यालय में एडमिशन से बच्चों की संख्या सरकारी विद्यालय में अधिक हो जाती है और बच्चो की संख्या शिक्षकों के अपेक्षा कम हो जाती है ।

मामले की निष्पक्ष जांच कराया जाय तो सरकार के पैरों तले जमीन घिसक जाएगी और तो और बच्चों की अपेक्षा शिक्षकों की कमी भी दूर हो जाएगा और हेडमास्टरों के साथ साथ बिहार के शिक्षा विभाग का काली करतूतों का भी पोल खुल जाएगा।

सरकारी शिक्षकों को कोचिंग चलने पर प्रतिबन्ध हैं , तो फिर सरकारी डॉक्टर को निजी क्लीनिक चलाने पर प्रतिबंध क्यों नहीं ?

सर्वेक्षण बताता है कि संबंधित विभाग के अधिकारियों तथा जिला प्रशासन की इच्छा सक्ति के अभाव में बिहार सरकार के तमाम नीतियां विफल साबित होते आ रहे हैं और मुख्यमंत्री के द्वारा जनहित एवम राज्यहित में कठोर निर्णय एवं संघर्ष के बाद भी जनता के बीच मुख्यमंत्री का फैलते बदनामी ,अच्छे मुख्यमंत्री को भी पराजित करते जा रहे है। जैसे, शिक्षा विभाग में सुधार के लिए शिक्षा विभाग के अपर सचिव के. के .पाठक के द्वारा उठाये गये कदम , जहां बिहार सरकार को मजबूती प्रदान कर रही है। वहीं शराब बंदी कानून की विफलता तथा कानून की आड़ में पुलिस द्वरा दमन की करवाई ,सरकार की पतन का कारण बनते जा रहें हैं । वहीं विजली विभाग के अधकारियों का दमन की कार्रवाई,बिहार सरकार के प्रति नफड्डत फैला रहे है जो बिहार सरकार के पतन की कारण बनते जा रहा हैं ! आखिर अकेले मुख्यमंत्री कर भी क्या सकते हैं ! फिर भी आँख मूंद कर सरकार को प्रसासनिक अधिकारियों पर विश्वास करना, बिहार- सरकार के लिए हार का कारण बन सकता है।

# एटा में फूड प्रोसेसिंग तो संडीला में प्लाईवुड परियोजना के लिए भूमि आवंटित

### यूपीसीडा ने ई नीलामी के माध्यम से विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में आवंटित किए 68 भूखंड

लखनऊ, 6 अक्टूबर। प्रदेश में औद्योगिक विस्तार के लिए प्रयासरत योगी सरकार विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में भूखंडों की ई नीलामी को रफ्तार दे रही है।




इसी क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) द्वारा अपने औद्योगिक क्षेत्रों में लगातार प्लाट्स का ई-ऑक्शन किया जा रहा है। 05 अक्टूबर को ई-नीलामी के माध्यम से विभिन्न परियोजनाओ के लिए 68 भूखण्डों का आवंटन किया गया। इनमें जिन औद्योगिक समूहों के साथ एमओयू हुआ है उन्हें भी प्लॉट्स आवंटित हुए हैं। इसके तहत एटा में फूड प्रोसेसिंग परियोजना के अंतर्गत तथा संडीला में प्लाईवुड परियोजना के अंतर्गत भूमि आवंटित हुई है। प्राधिकरण ने इस कड़ी में मथुरा, अलीगढ़, अमेठी, गौतमबुद्ध नगर, वाराणसी, कानपुर, शाहजहाँपुर, हरदोई एवं चन्दौली जनपदों के औद्योगिक क्षेत्रों के भूखण्डों के आवंटन हेतु आवेदन मांगे थे। प्राधिकरण के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने बताया कि ई नीलामी में पूरी पारदर्शिता के साथ लगातार भूखंडों का आवंटन हो रहा है।

### गुरुद्वारा श्री नाडा साहब 10 पातशाही को पार्किंग के लिए लगभग साढ़े चार एकड़ जमीन देने पर अकाली दल हरियाणा ने किया मुख्यमंत्री का धन्यवाद

# नाडा साहब गुरुद्वारा आने वाले श्रद्धालुओं को वाहन पार्किंग में नहीं आएगी अब दिक्कत- मलविंदर सिंह बेदी

विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ

चण्डीगढ़, अक्टूबरः शिरोमणि अकाली दल हरियाणा के जिलाध्यक्ष मलविंदर सिंह बेदी ने गुरुद्वारा श्री नाडा साहब पातशाही दसवीं पंचकूला को पार्किंग के लिए करीबन साढ़े चार एकड़ जमीन पार्किंग के लिए दिए जाने पर हरियाणा सरकार व मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर धन्यवाद किया । अपने धन्यवाद प्रस्ताव में बेदी ने बताया कि जब हरियाणा में भाजपा सरकार बनी थी तो करीबन 8 साल पहले हमने गुरुद्वारा साहब में श्री मनोहर लाल खट्टर जी के आने पर



उनसे आग्रह किया था कि हमें जो गुरुद्वारा के साथ लगती खाली पड़ी जमीन है पार्किंग के लिए दी जाए इस पर विचार करते हुए मुख्यमंत्री ने कल यह जमीन गुरुद्वारा साहब को दे दी इससे गुरुद्वारा साहब में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को पार्किंग की भविष्य में दिक्कत नहीं आएगी बेदी ने विधानसभा अध्यक्ष व पंचकूला विधायक श्री ज्ञानचंद गुप्ता जी का भी विशेष तौर पर धन्यवाद किया हरियाणा गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी ने कल रात ही इस जमीन पर काम लगाकर पार्किंग व्यवस्था शुरू कर दी थी।

बेदी ने इस मौके पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के नवनियुक्त प्रधान जत्थेदार भूपेंद्र सिंह असंध वह नवनियुक्त जनरल सेक्रेटरी रमनीक मान का भी विशेष तौर पर धन्यवाद किया इस मौके पर सुखदेव सिंह, भूपेंद्र सिंह जगजीत सिंह, लखविंदर सिंह, दलजीत सिंह, इंद्रपाल सिंह व अन्य मौजूद रहे।


आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।। 1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक

साइज 3X5 Cm

# भाजपा में चल रही है बदलाव की बयार

**दैनिक समाज जागरण**

कभी चाल, चरित्र व चेहरा की बात करने वाली भाजपा में अब बड़े बदलाव की बयार चल रही है। इन दिनो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक नई भाजपा बन रही है। पार्टी के सभी पुराने छत्रपों को एक-एक कर किनारे लगाया जा रहा है। प्रदेशों में भाजपा के बड़े नेताओं को सक्रिय राजनीति से दूर कर घर बैठा दिया गया है। जो थोड़े बहुत पुराने नेता अभी सक्रिय है उनको भी अगले लोकसभा चुनाव तक राजनीति से आउट कर दिया जाएगा।

2014 में जब नरेंद्र मोदी पहली बार देश के प्रधानमंत्री बने थे। तब पार्टी में बड़ी संख्या में बुजुर्ग नेताओं का दबदबा कायम था। लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, सुषमा स्वराज जैसे बड़े नेताओं की पार्टी में तूती बोलती थी। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद सबसे पहले लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी जैसे बड़े नेताओं को सक्रिय राजनीति से दूर किया गया था। उसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में भी बड़ी संख्या में पुराने नेताओं के टिकट काटकर उनके स्थान पर नए लोगों को आगे लाया गया था। कई प्रदेशों के विधानसभा चुनाव में भी वर्षों से जमे वरिष्ठ नेताओं को दरकिनार कर नए लोगों को मुख्यमंत्री बनाया गया। अब ऐसा लगता है कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा पूरी तरह से बदल जाएगी। पार्टी नेतृत्व में ऐसे लोगों की बहुलता होगी जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना नेता मानते हैं।

कभी भाजपा में संगठन का बहुत महत्व होता था। संगठन से जुड़े लोगों को ही राजनीति में आगे बढ़ने का अवसर मिलता था। मगर अब स्थिति उसके एकदम उलट हो गई है। आज पार्टी में संगठन का महत्व पहले की तुलना में कम हो गया है। भाजपा का अब एक ही ध्येय रह गया है की जिताऊ प्रत्याशी को मैदान में उतार जाए। दूसरे दलों से आने वालों को पार्टी में महत्व मिल रहा है। इससे पार्टी के मूल कार्यकर्ता खुद को उपेक्षित महसूस करने लगे हैं।

देश के पूर्वोत्तर में स्थित असम, त्रिपुरा, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री के पदों पर पार्टी ने दूसरे दलों से आए नेताओं को बैठा रखा है। हालांकि राजनीति के बदलते दौर में सभी दलों की यही स्थिति है। मगर भाजपा में ऐसा खेल कुछ ज्यादा ही चल रहा है। पंजाब में कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए सुनील कुमार जाखड़ को तुरंत ही प्रदेश अध्यक्ष बना दिया गया है। वही झारखंड में बाबूलाल मरांडी को विधायक दल का नेता बना दिया गया है। हालांकि बाबूलाल मरांडी मूलतः भाजपा से ही जुड़े रहे थे। मगर पिछले कई वर्षों से वह भाजपा विरोध की राजनीति करते थे। यही स्थिति पश्चिम बंगाल में है। पहले कांग्रेस फिर तृणमूल कांग्रेस की राजनीति करने वाले शुधेंदु अधिकारी वहां पार्टी के मुख्य चेहरे व विधायक दल के नेता है।

कर्नाटक में भाजपा ने कांग्रेस व जनता दल एस की राजनीतिक कर चुके बसवराज बोम्मई को मुख्यमंत्री बनाया था। जिनके शासन में वहां भ्रष्टाचार के पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। कर्नाटक में भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार सहित कई वरिष्ठ नेताओं के टिकट काटे थे। जिससे नाराज होकर कई नेताओं ने पार्टी से बगावत कर चुनाव लड़ा। फलस्वरुप भाजपा को वहां अपनी सरकार तो गवानी ही पड़ी साथ ही पार्टी विधानसभा में 66 सीटों पर सिमट कर रह गई। कर्नाटक में पहले बीएस येदयुरप्पा के नेतृत्व में भाजपा की सरकार चल रही थी। मगर उन्हें हटाकर दूसरे दल से आए बस-वराज बोम्मई को मुख्यमंत्री बनाने का खामियाजा भाजपा को सत्ता गवां कर चुकाना पड़ा। आज कर्नाटक में भाजपा हासिये पर पहुंच गई है।

इसी तरह महाराष्ट्र में शिवसेना को सत्ता से हटाने के लिए भाजपा ने जो हथकंडे अपनाये हैं उसका खामियाजा उन्हें आगे आने वाले चुनाव में उठाना पड़ेगा। महाराष्ट्र में शिवसेना को तोड़कर भाजपा ने सरकार तो बना ली मगर वहां मुख्यमंत्री शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे को बनाकर अपने ही पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को तगड़ा झटका दिया है। फिर से मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे फडणवीस को उपमुख्यमंत्री बनाकर पार्टी ने उनका कद कम कर दिया है। रही सही कसर वहां अजीत पवार को भी गठबंधन में शामिल करने से पूरी हो गई है। भाजपा के जो विधायक मंत्री बनने का सपना देख रहे थे। गठबंधन बनने से अब उनका सपना कभी पूरा नहीं होगा। अगले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भाजपा कर्नाटक की तरह महाराष्ट्र में भी बहुत कमजोर हो जाएगी।

कांग्रेस से भाजपा में आए असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा अपनी आक्रामक शैली को लेकर भाजपा नेताओं के बहुत प्रिय हो रहे हैं। मगर जिस तरह से वह भाजपा का कांग्रेसीकरण कर रहे हैं। उससे असम भाजपा के पुराने नेताओं में गहरी नाराजगी व्याप्त हो रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेन गोहेन ने नगांव लोकसभा क्षेत्र के प-रसीमन के विरोध में असम खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। जिसका उन्होंने चार बार प्रतिनिधित्व किया है। असम भाजपा में पुराने नेताओं और हाल ही में दूसरी राजनीतिक पार्टियों से शामिल हुए नेताओं के बीच खींचतान तेज हो गई है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेन गोहेन, असम भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और विधायक सिद्धार्थ भट्टाचार्य, पूर्व विधायक अशोक सरमा, मोरीगांव के विधायक रमाकांत देवरी ने भाजपा छोड़ने की धमकी दी है। राज्य में पार्टी के नए और पुराने कार्यकताओं के बीच मतभेद के कारण असम भाजपा एक गंभीर संकट का सामना कर रही है। काफी दिनों से भाजपा के पुराने कार्यकर्ता और पार्टी के वफादार आरोप लगाते रहे हैं कि नए कार्यकर्ता और जो अन्य दल छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं। वे पार्टी पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं और पुराने कार्यकताओं को उचित सम्मान नहीं दे रहे हैं।

मध्य प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया, कैलाश मेघवाल, देवीसिंह भाटी, त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री विप्लव कुमार देव, पूर्व केंद्रीय मंत्री व स-ांसद मेनका गांधी, महाराष्ट्र में पंकजा मुंडे, हरियाणा में पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी वीरेंद्र सिंह, दिल्ली में पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल जैसे कई प्रभावशाली नेता पार्टी में लगातार हो रही अपने उपेक्षा से नाराज है। मध्य प्रदेश में उमा भारती ने तो खुलेआम ऐलान कर दिया है कि वह अभी राजनीति में पूरी तरह से सक्रिय रहेगी तथा अगला चुनाव भी लड़ेगी। उमा भारती तो यहां तक बोल गई कि किसी में हिम्मत नहीं है जो उसे अगला चुनाव लड़ने से रोक सके।

राजस्थान विधानसभा के चुनाव में वसुंधरा राजे भी अपने अपेक्षा से नाराज नजर आ रही है। उनके कट्टर समर्थक कैलाश मेघवाल को पार्टी ने निलंबित कर दिया है। उनके समर्थक विधायकों को भी अपना टिकट कटने की संभावना लग रही है। पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने पिछले दिनों बयान देकर अपनी उपेक्षा करने पर नाराजगी जाहिर की थी। मेनका गांधी के सांसद पुत्र वरुण गांधी अक्सर पार्टी लाइन से हटकर बयान बाजी करते रहते हैं। भाजपा में वरिष्ठ नेताओं को जिस गति से किनारे लगाया जा रहा है। उसे लगता है आने वाले समय में सभी वरिष्ठ नेता सक्रिय राजनीति से दूर कर दिए जाएंगे।



**आलेखः- रमेश सर्राफ धमोरा**

# भारत के सख्ती से जमीन पर आए कनाडाई पीएम ट्रूडो

**दैनिक समाज जागरण**

भारत के कठोर रवैये को देख कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अब आसमान से जमीन पर आ गए हैं। जस्टिन ट्रूडो ने मंगलवार को कहा कि उनका देश भारत के साथ विवाद नहीं बढ़ाना चाहता । वह नई दिल्ली के साथ जिम्मेदारीपूर्वक और रचनात्मक तरीके से जुड़ा रहना चाहता है। ट्रूडो ने कहा कि हम कनाडा के परिवारों की मदद के लिए भारत में मौजूदगी चाहते हैं। इससे पहले भारत ने कनाडा के 41 राजनयिकों को देश छोड़ने को कहा है कनाडा के भारत में 62 राजनयिक मौजूद हैं। भारत ने कहा है कि कनाडा के राजनयिकों की कुल संख्या 41 तक कम की जानी चाहिए। भारत ने स्पष्ट कहा है कि दस अक्तूबर के बाद भी अगर ये राजनयिक भारत में रहते हैं तो इनकी राजनयिक छूट भी खत्म कर दी जाएगी।

दरअस्ल कनाड़ा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भारत पर आरोप तो लगा गए , पर आरोप लगाते उम्मीद नही होगी कि भारत इसे इतनी गंभीरता से लेगा।जस्टिन ट्रूडो ने बिना कोई सबूत के भारत की खुफिया एजेंसी पर कनाडा में ऑपरेशन करने का आरोप लगाने से भारत गुस्से में है। कनाडा में मौजूद भारत के वीजा एप्लिकेशन सेंटर ने गुरुवार को कनाडा के लोगों के लिए वीजा सेवाएं सस्पेंड कर दीं।भारत ने कनाडा में रहने वाले भारतीय नागरि-रकों के लिए एडवाइजरी जारी कर दी है।यह भी सूचना है कि भारत कनेड़ा स्थित दूतावास में अपने कर्मचारी कम करने जा रहा है। इस पूरे विवाद के पीछे खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या है। कनाड़ा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का आरोप है कि हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में कनेडा में तैनात रहे एक भारतीय राजनयिक का हाथ है।भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरंदिम बागची ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि कनाडा में हमारे डिप्लोमैटिक यूनिट को धमकियां मिल रही हैं। वे अपना काम नहीं कर पा रहे हैं। यही वजह है कि वीजा सर्विसेज सस्पेंड की गई हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा- हमें काफी समय से पता है कि पाकिस्तान आतंकवाद का मददगार है और उन्हें पैसे भी देता है। वहीं, कनाडा आतंकियों को रहने और उनके मंसूबों को अंजाम देने की जगह दे रहा है।हमने कनाडा को बता दिया है कि भारत को भगोड़े अपराधियों को कानूनी प्रक्रिया के तहत भारत लाया जाएगा और इंटरनेशनल लॉ के तहत यह मेंडेटरी है।

दूसरी तरफ बुधवार को खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कनाडा में रह रहे हिंदुओं को देश छोड़ने की धमकी दी थी। इस पर कनाडाई हिंदुओं ने जस्टिन ट्रूडो सरकार को चिट्ठी लिखी है। चिट्ठी में पन्नू के बयानों पर चिंता जताई गई है और उसे हेट क्राइम घोषित करने की अपील की गई है।कनाडाई हिंदू संगठन 'हिंदू फोरम कनाडा' ने मिनिस्टर ऑफ पब्लिक सेफ्टी डोमिनिक लेब्लेन को ये खत लिखा। हिंदू संगठन ने अपने पत्र में कहा- पन्नू ने अपनी और अपने खालिस्तानी सहयोगियों के विचारों को स्पष्ट रूप से रखा है। वे ऐसे लोगों को टारगेट करना चाहते हैं, जो उनकी विचारधारा से सहमत नहीं हैं। कनाडा सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए।खत में ये भी पूछा गया है कि क्या पन्नू के इस बयान को अभी भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के रूप में लिया जाएगा।

प्रधानमंत्री ट्रूडो ने कहा- कनाडा में रहने वाले भारतीय मूल के सिखों की बड़ी आबादी इस हत्या को लेकर गुस्से से भरी है। कई सिख अपनी सुरक्षा को लेकर डर में हैं। देश में करीब 18 लाख भारतीय मूल के नागरिक हैं, जिनमें से कई सिख हैं। कनाडा की विपक्षी पार्टी न्यू डेमोक्रेटिक

**पार्टी के लीडर जगमीत सिंह सिख समुदाय से हैं।**

उधर भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा- कनाडा के सभी आरोप बेतुके हैं। इसी तरह के आरोप कनाडाई प्रधानमंत्री ने हमारे प्रधानमंत्री मोदी के सामने भी रखे थे और उन्हें पूरी तरह से खारिज कर दिया गया था।इस तरह के निराधार आरोप खालिस्तानी आतंकवादियों और चरमपंथियों से ध्यान हटाने की कोशिश है। इन्हें कनाडा में पनाह दी गई है और ये भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा हैं।

कनाडा के भारतवंशियों का कहना है कि ट्रूडो का आरोप हास्यास्पद है। एक साल के दौरान कनाडा में भारत विरोधी 15 घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें नौ सभाएं, खालिस्तान के समर्थन में दो जनमत संग्रह और चार मंदिरों पर हमले शामिल हैं। ट्रूडो सरकार ने एक भी मामले में कोई गिरफ्तारी को अंजाम नहीं दिया है।

ब्रैम्पटन के अक्षय गर्ग और ओंटारियो में इटोबिकोक के अश्विनी शर्मा का कहना है कि यहां पर भारत विरोधी घटनाओं के बाकायदा वीडियो पुलिस को सौंपे जाते हैं, लेकिन पुलिस को कोई आरोपी नहीं मिलता। कोई कार्रवाई नहीं की जाती है, लेकिन खालिस्तानी निज्जर की हत्या के तीन महीने के भीतर ही कनाडा को बड़े सुराग हासिल हो गए... ये कैसे हुआ।

उधर एनआईए ने 40 आतंकियों की लिस्ट जारी की थी, उसमें भी निज्जर का नाम था। ब्रैंपटन शहर में खालिस्तान के हक में रेफरेंडम करवाने में भी उस-की भूमिका थी। निज्जर के खिलाफ पुलिस ने 23 जनवरी, 2015 को एक लुकआउट नोटिस और 14 मार्च, 2016 को एक रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था।इसमें उसके प्रत्यर्पण की मांग की गई थी। निज्जर के खिलाफ 10 लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था।कनाडा में रहते हुए निज्जर प्रतिबंधित खालिस्तान समर्थक संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू के करीब आया। पन्नू और निज्जर की निकटता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि निज्जर की हत्या के बाद से ही पन्नू तिलमिलाया हुआ है और कनाडा में भारत के खिलाफ और खालिस्तान के समर्थन में जनमत संग्रह करवाने का दावा कर रहा है।

कनाडा और भारत के तनाव के बीच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 11 गैंगस्टरों-आतंकियों की फोटो समेत लिस्ट जारी की है। जो भारत में क्राइम करने के बाद कनाडा में शरण ले रहे हैं। इस लिस्ट में पहला नाम पंजाब के शहूर सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या करवाने वाले गैंगस्टर गोल्डी बराड़ का है। इसके बाद दूसरे नंबर पर जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई है। इसके अलावा ठक्अ ने अर्शदीप सिंह गिल उर्फ अर्श डल्ला, दरमन सिंह काहलों, लखबीर सिंह, दिनेश शर्मा उर्फ गांधी, नीरज उर्फ पंडित, गुरपिंदर, सुखदूल, गौरव पटियाल उर्फ सौरभ गैंगस्टर दलेर सिंह के फोटो जारी किए हैं। खालिस्तान टाइगर फोर्स का कमांडर हरदीप सिंह निज्जर, की 18 जून को रात 8.30 बजे कनाडा में हत्या कर दी गई। सरे शहर में एक गुरुद्वारे के बाहर बाइक से आए दो लोगों ने उसे गोली मार दी। छह मई को इसी तरह पाकिस्तान में खालिस्तान समर्थक परमजीत सिंह पंजवड़ को गोली मारी गई थी।दोनों की हत्या क्यों की गई, इसकी जांच चल रही है, लेकिन निज्जर के मामले पर नजर रख रही खुफिया एजेंसियों को शक है कि खालिस्तान समर्थक संगठन आपस में भिड़ रहे हैं। ये हत्याएं इसी का नतीजा है।

कनाडा को दूसरे पंजाब की संज्ञा दी जा सकती है।कनाडा में अपने नागरिकों के बाद सबसे ज्यादा संख्या वहां पर पंजाबियों की है। वैसे भी पंजाबी दूसरे देशों में जाने की बजाय ज्यादातर कनाडा में जाना ही पसंद करते हैं। यही वजह है कि हर साल पंजाब से 50 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राएं स्टडी वीजा पर विदेश जाते हैं इनमें से 85 से लेकर 90 प्रतिशत सिर्फ कनाडा का वीजा लेते हैं।कनाडा में इस वक्त 1.60 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स पंजाब से वहां पर स्टडी वीजा में पढ़ने के लिए गए हुए हैं। इसके अलावा बहुत सारे लोग 10 साल का वीजा लगवा कर पर वहां पर काम कर रहे हैं। हजारों लोग पंजाब से पीआर पर या फिर वर्क वीजा लेकर वहां पर डॉलर कमाने जाते हैं। भारत-कनाडा के बीच चल रहे विवाद के कारण इन सभी लोगों और इनके परि-वारों में डर बना हुआ है कि तनातनी से उनका नुकसान हो सकता है।

भारत सरकार ने पिछले पांच साल में कनाडा से खालिस्तानी समर्थक और आपराधिक गतिविधियों से जुड़े लोगों के प्रत्यर्पण के लिए 26 बार अपील की, लेकिन ट्रूडो सरकार ने कोई एक्शन नहीं लिया और सकारात्मक जवाब नहीं दिया।सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि भारत में जघन्य अपराध में वॉन्टेड 13 आतंकवादी और अपराधी इस वक्त कनाडा में घूम रहे हैं। इसमें संदीप सिंह उर्फ सनी भी है। यह कनाडा बॉर्डर स-र्विसेज एजेंसी में सुपरिनटैंडैंट के पद पर काम कर रहा है।खालिस्तानी आतंकी अर्श डल्ला का राइट हैंड पंजाबी गैंगस्टर सुक्खा दुन्नेके का नाम भी शामिल है, इसकी गुरुवार को हत्या कर दी गई। इस पर 30 से ज्यादा मामले दर्ज थे। फिर भी ट्रूडो सरकार ने उन्हें भारत भेजने से मना कर दिया था।

भारत ने यह सख्त उठाया है तो अब उसे और भी सख्ती के साथ मांग करनी चाहिए कि हमारे अपराधी हमें सौंपे जाए।यह ही नही , अपितु पाकिस्तान की तरह कनाडा को भी संयुक्त राष्ट्र संघ तथा अन्य मंच पर उसकी सच्चाई बतानी चाहिए। मांग की जानी चाहिए कि ये भारत के अपराधी हैं।इन्हें तुरंत भारत को सौंपा जाना चा-हिए। भारत को कनेडा के लोगों के लिए बीजा सुविधा तब तक कैंसिल रखनी चाहिए, जब तक की समस्या का हल न निकले। भारत के अपराधी भारत को न सौंपें जांए। उधार कनाडा मे भारत विरोधी गतिविधि में शामिल भारतीयों की पहचान कर उनके आ-ईओसी कार्ड निरस्त किए जाने चाहिंए। इनकी भारत की संपत्ति भी जब्त की जानी चाहिए।



**अशोक मधुप**

# बालेश्वर चाचा

मेरे गांव में एक बूढ़े चाचा रहते हैं
अस्सी के होगें पर मेहनत,अभी भी करते हैं।
मुंह में नही है दांत , गाल भी धसें हुए हैं
सफेद दाढ़ी मूंछ,बाल भी पके हुए हैं।

निरंतर करते मेहनत,ढेला खींचते हैं
लहू को बना पसीना,परिवार को सींचते है।
तड़के निकले घर से,शाम को घर को लौटते हैं
बिना काम मन नहीं लगता,पूछो तो बोलते हैं।

विषाद की नही रेखाएं,चेहरे मुस्कान खेलती है
कर्महीन जीवन व्यर्थ है,उनकी धड़कन बोलती है।
अद्वितीय हैं वो,जवानों के लिए मिशाल हैं,
जर्जर तन की हालत,अपने परिवार की वो ढाल हैं।

कौन कहता है मेहनत..उम्र की मोहताज होती है..?
यह मेहनत करने वालों के सिर का ताज होती है।
तन आड़े नही आता यदि,हौसला बुलंद हो,
पंखों से नही हौसलों से,परवाज होती है।
मैं जब भी इन्हे देखती हूं,मेरा सर श्रद्धा से झुक जाता है। चाचा आज की उन
युवा पीढ़ी के लिए मिशाल हैं जो, यहां- वहां बैठ कर फिजूल में अपने जीवन के अनमोल
वक्त को बर्बाद कर रहे हैं।

**बिंदु अग्रवाल**

# 14 अक्टूबर को सूर्य ग्रहण करेगा इन राशि वालों का भाग्योदय, जीवन में शुरू होंगे सुनहरे दिन...

**सामाज जागरण वाराणसी**

वाराणसीः साल 2023 में लगने वाले सूर्य ग्रहण और चंद्र ग्रहण में से 2 ग्रहण लगने बाकी हैं. ये दोनों सूर्य ग्रहण और चंद्र ग्रहण अक्टूबर में महज 15 दिनों के अंदर लगेंगे. 14 अक्टूबर 2023, शनिवार को साल का दूसरा व आखिरी सूर्यग्रहण लगेगा, वहीं 29 अक्टूबर को साल का आखिरी चंद्र ग्रहण लगेगा. ज्योतिष शास्त्र के अनुसार साल 2023 का सूर्य ग्रहण 5 राशि वालों के लिए बेहद शुभ रहने वाला है.
मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों के लिए साल का दूसरा सूर्यग्रहण शुभ रहने वाला है. इन लोगों को करियर में उन्नति मिलेगी. रुका हुआ पैसा मिलेगा. मानसिक शांति मिलेगी. परिवार में सुख-समृद्धि बढ़ेगी. आपके काम की तारीफ हो सकती है.



सिंह राशिः सिंह राशि वालों के लिए 14 अक्टूबर को लगने वाला सूर्यग्रहण लाभ देगा. खासतौर पर व्यवसाय करने वाले जातकों को लाभ हो सकता है. शत्रु परास्त होंगे. आप परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे.

तुला राशिः तुला राशि वालों के लिए साल का आखिरी सूर्यग्रहण बेहद शुभ रहने वाला है. आपको पद, पैसा, प्रतिष्ठा सब कुछ मिलेगी. आपका समाज में कद बढ़ेगा. लोग सम्मान करेंगे. कार्यों में सफलता हासिल करेंगे. भाग्य का साथ मिलने से अटके काम भी बन जाएंगे. अचानक धन लाभ होगा. कोई बड़ी मनोकामना पूरी हो सकती है.

वृश्चिक राशिः वृश्चिक राशि वालों के लिए भी यह ग्रहण शुभ रहेगा. आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा. कामकाज में आपकी मेहनत रंग लाएगी, अच्छे नतीजे मिलेंगे. धन लाभ के योग बन रहे हैं. परिवार का सहयोग मिलेगा.

मकर राशिः मकर राशि वालों को सूर्य ग्रहण आय में बढ़ोतरी कराएगा. हालांकि पैसा खर्च भी होगा लेकिन आपको समस्या नहीं होगी. भाग्य का साथ मिलेगा. इस अवधि में आप भूमि, भवन या वाहन की खरीदी संबंधी योजना बना सकते हैं

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित। संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# दिव्या प्रेम सेवा मिशन हिंदवी स्वराज्य स्थापना पर विश्व के सबसे बड़े महानाट्य जाणता राजा का करेगा आयोजन

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । दिव्य प्रेम सेवा मिशन द्वारा 26 से 31 अक्टूबर 2023 तक हिंदवी स्वराज्य स्थापना के 350वें वर्ष पर छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित विश्व के सबसे बड़े महानाट्य 'जाणता राजा' का आयोजन लखनऊ, उ0प्र0 के जनेश्वर मिश्र पार्क में किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारियों एवं 8 अक्टूबर को आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के संदर्भ में एक प्रेस वार्ता का आयोजन लखनऊ के एक होटल में सम्पन्न हुई ।




प्रेस वार्ता को दिव्य प्रेम सेवा मिशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गौतम जाणता राजा आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश दयाल, सेवा मिशन के संयोजक संजय चतुवेर्दी, एवं जाणता राजा आयोजन समिति के संयोजक अमरजीत मिश्र ने सम्बोधित किया।

आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश दयाल ने महानाट्य के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि जाणता राजा महानाट्य की अवधारणा के बारे में आपके साथ चर्चा करना हमारे लिए खुशी की बात है भारत, इंग्लैंड सहित दुनिया भर में 1200 से अधिक मंचन हो चुका है। 70 लाख से अधिक दर्शकों द्वारा प्रशंसित 2 लाख वर्ग फीट का चार मंजिला नाट्य मंच 250 कलाकारों की उत्कृष्ट प्रस्तुति। 20 फीट ऊँची माँ तुलजा भवानी की भव्य प्रतिमा 2 लाख वर्ग फीट की विशाल रंगभूमि, हाथी, घोड़े, ऊँट और बैलगाड़ियां, पालकी का प्रत्यक्ष प्रयोग अत्याधुनिक ध्वनि, प्रकाश व्यवस्था, शानदार आकर्षक आतिशबाजी, उत्कृष्ट संगीत से सुसज्जित जाणता राजा महानाट्य हमारे भीतर छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन चरित्र को उतारते चले जाते हैं। इसमें सबसे महत्वपूर्ण है रामराज्य की कल्पना नाट्य में शुरू से लेकर अंत तक हिंदवी स्वराज का ही वर्णन है।

दिव्य प्रेम सेवा मिशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गौतम ने कहा कि इस महानाट्य को आयोजित करने का निर्णय दो सात्विक उद्देश्यों के लिए किया गया है पहला यह कि वर्तमान युवा पीढ़ी के सामने एक ऐसे महान योद्धा के चरित्र की प्रस्तुति हो जिसे देखकर व समझकर युवा पीढ़ी अपने जीवन की दशा-दिशा तय कर सकें। अपनी संस्कृति एवं इतिहास अनेक वीरों की शौर्य गाथाओं से भरा हुआ है परन्तु समाज के एक बड़े वर्ग को इसकी जानकारी तक नही है। उन्ही वीरों में से एक हैं छत्रपति शिवाजी महाराज। दूसरा पवित्र उद्देश्य यह है कि संवेदनशील समाज को दिव्य प्रेम सेवा मिशन के सेवा कार्यों से जोड़ना इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए सेवा मिशन द्वारा सवा लाख शुभचिंतक सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है।

डॉ.आशीष गौतम ने बताया कि कार्यक्रम को सवा लाख लोगों को दिखाने का लक्ष्य रखा गया है इसके लिए लखनऊ के आस पास के 40 जिलों मे संगोष्ठी और बैठक का आयोजन किया जा चुका है।

सेवा मिशन के संयोजक संजय चतुवेर्दी ने बताया 8 अक्टूबर को जनेश्वर मिश्र पार्क में कार्यक्रम स्थल का भूमि पूजन किया जाएगा साथ ही बाबा सत्यनारायण मौर्य द्वारा भारत माता की आरती कार्यक्रम की प्रस्तुत की जाएगी जिसमें प्रमुख रूप से परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के स्वामी चिदानंद मुनि, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, लखनऊ के सभी सम्मानित विधायक विधान परिषद एवं महापौर सहित हजारों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे भूमि पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए युवाओं द्वारा जाणता राजा यात्रा लखनऊ विश्वविद्यालय के छत्रपति शिवाजी महाराज पार्क से प्रारंभ होकर महानगर के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरती हुई कार्यक्रम स्थल पर आएगी आयोजन समिति के संयोजक अमरजीत मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आम नागरिकों के साथ छात्रों, व्यावसायिक राजनीतिक, चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों से संपर्क किया जा रहा है।

# आगामी 9 दिसंबर को जनपद गौतमबुद्धनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का किया जायेगा आयोजन।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्राप्त निदेशों के अनुपालन में तथा माननीय जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर की अध्क्षता में दिनांक 09.12.2023 को जनपद गौतमबुद्धनगर में मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विषेषतः आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामलें, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामले, बिजली व पानी से संबधित मामले, धारा 138 एन.आई. एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा सम्बन्धित मामले एवं प्री-लिटीगेषन मामलों के साथ-साथ सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद, जिनमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन सन्धि के लिए इच्छुक हो वह मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किये जायेगे। लोक अदालत द्वारा जारी किए गए फैसले को दीवानी अदालत के डिक्री का दर्जा प्राप्त होता है। यह फैसले बाध्यकारी होते हैं और इनके खिलाफ अपील नही की जा सकती। लोक अदालत का कोई न्यायालय शुल्क नहीं है और यदि न्यायालय शुल्क का भुगतान पहले ही कर दिया गया है, तो लोक अदालत में विवाद का निपटारा होने पर राशि वापस कर दी जाती है।

# आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निदेशों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर एवं जिलाधिकारी के नेतृत्व में आबकारी विभाग निरंतर एक्शन में।

**आबकारी निरीक्षक ने निर्धारित मूल्य से ज्यादा मूल्य पर विक्रय करते पाये जाने पर 1 विक्रेता के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कराकर भेजा जेल, अनुज्ञापी के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी।**




गौतमबुद्धनगर 06 अक्टूबर, 2023 आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निदेशों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह एवं जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं अवैध शराब के व्यापार के विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर सुबोध कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 3 डा० शिखा ठाकुर द्वारा छपरौली देशी शराब दुकान पर निर्धारित मूल्य से ज्यादा मूल्य पर विक्रय करते पाये जाने पर दुकान पर उपस्थित विक्रेता हरकेश पुत्र खड्ग सिंह निवासी ग्राम खाजपुर थाना लखावटी जिला बुलंदशहर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करा कर अभियुक्त को जेल भेजा गया एवं अनुज्ञापी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसी प्रकार जनपद गौतमबुद्ध नगर की आबकारी टीम द्वारा सोरखा, सफाबार्द, बरौला नंबर 2, डाबरा, दनकौर, झाझर बस अड्डा, विलासपुर स्थित कम उठान वाली देशी, विदेशी, बीयर दुकानों का निरीक्षण किया गया। दुकानों पर गोपनीय रूप से टेस्ट परचेज कराया गया। आबकारी टीम द्वारा विक्रेताओं को नियमानुसार दुकानों को संचालित करने के लिए निर्देशित किया गया एवं दुकानों पर पोस मशीन, पेटीएम, गुगल पे से ही बिक्री हो इसको भी सुनिश्चित किया गया। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री को लेकर आगे भी जनपद में निरंतर गहन सर्च अभियान जारी रहेगा। उन्होंने अवैध शराब का कारोबार करने वालों को सचेत करते हुए कहा है कि उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# महाकुंभ से पहले प्रयाग के द्वादश माधव मंदिरों का होगा कायाकल्प

**- योगी सरकार ने द्वादश माधव मंदिरों के कायाकल्प का पूरा रोड मैप किया तैयार**

**- यूपी पर्यटन विभाग ने हाल ही में मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत किया विस्तृत प्रेजेंटेशन**

**- द्वादश माधव मंदिर की परिक्रमा से मिटते हैं जन्म-जन्मांतर के पाप**

**- मुगल और ब्रिटिश काल में द्वादश माधव मंदिरों को पहुंचाया गया भारी नुकसान**

**- आजादी के बाद भी किसी सरकार ने प्रयाग के रक्षक द्वादश माधव मंदिरों की नहीं ली थी सुध**

लखनऊ, 6 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश धार्मिक पर्यटन की असीम संभावनाओं वाला राज्य है। काशी, मथुरा, अयोध्या, नैमिषारण्य, चित्रकूट, गोरखपुर, विंध्याचल और प्रयागराज दुनियाभर में फैले सनातनियों की आस्था के केंद्रबिंदु हैं। हाल के वर्षों में प्रदेश में धार्मिक पर्यटन एक बड़े सेक्टर के रूप में उभरा है। इससे प्रदेश की आय तो बढ़ ही रही है, साथ ही बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन भी हो रहा है। योगी सरकार राज्य के प्रमुख तीर्थस्थलों में मूलभूत सुविधाओं के विकास और विस्तार के कार्य में जुटी हुई है। इसी कड़ी में अब प्रयागराज के द्वादश माधव मंदिरों का भी कायाकल्प होने जा रहा है।

## महाकुंभ से पहले द्वादश माधव मंदिरों का होगा पुनरुद्धार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यूपी पर्यटन विभाग प्रयागराज के सभी माधव मंदिरों के विकास को लेकर पूरा रोड मैप तैयार कर चुका है। हाल ही में पर्यटन विभाग की ओर से इससे संबंधित प्रेजेंटेशन मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत किया गया, जिसके बाद सीएम योगी ने आगामी महाकुंभ से पहले द्वादश माधव मंदिरों के कायाकल्प के लिए विभाग को निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री की मंशा है कि महाकुंभ-2025 से पहले देश-दुनिया के संतों और भक्तों को तीर्थाटन के रूप में द्वादश माधव सर्किट की सौगात मिले। इस 125 किमी लंबी आध्यात्मिक सर्किट में तीर्थ परिक्रमा के साथ ही पर्यटन की मूलभूत सुविधाओं का भी विकास किया जाएगा।

## महर्षि भारद्वाज करते थे सभी माधवों की परिक्रमा

बता दें कि भगवान माधव प्रयागराज के प्रधान देवता के रूप में पूजे जाते हैं। इनके द्वादश (बारह) स्वरूप प्रयाग में प्रतिष्ठित हैं। पौराणिक मान्यता है कि प्रयागराज में संगम की रक्षा के लिए श्रीकृष्ण ने द्वादश स्वरूप धारण किए थे। मत्स्य पुराण में लिखा है कि द्वादश माधव परिक्रमा करने वाले को सारे तीर्थों व देवी-देवताओं के दर्शन का पुण्य प्राप्त होता है। महर्षि भारद्वाज सहित अनेक ऋषि-मुनि इसकी परिक्रमा करते रहे हैं। मगर मुगल और ब्रिटिश काल में ये द्वादश मंदिर दुर्दशाग्रस्त हो गये थे। वहीं आजादी के बाद भी इन्हें लेकर सरकारों में उदासीनता ही रही। माधव मंदिरों के आसपास बड़े पैमाने पर अतिक्रमण सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। झूंसी में शंख माधव, नैनी में गदा माधव पूरी तरह से अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुके हैं। कहीं सीधा रास्ता नहीं है तो कहीं महज दो फीट चौड़ा रास्ता ही बचा है। अब योगी सरकार ने द्वादश माधव मंदिरों के कायाकल्प का बीड़ा उठाया है।

## इन सुविधाओं का किया जाएगा विकास

मुख्यमंत्री के निर्देश पर मंदिरों में भव्य मुख्य द्वार निर्मित किये जाएंगे। इसके साथ ही चाहरदीवारी निर्माण, सार्वजनिक शौचालय, पेयजल की व्यवस्था, शू रैक, इंटरलॉकिंग और लैंडस्केप, पाथवे, सड़क और फुटपाथ, बेंच, भित्त चित्र, कूडादान, यात्री शेड, प्रकाश व्यवस्था लैंप आदि और पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। पहले चरण में नौ माधव मंदिरों का कायाकल्प किया जाएगा। इसमें झूसी स्थित संकष्टहर माधव और शंख माधव, द्रौपदी घाट स्थित बिंदु माधव, चौफटका स्थित अनंत माधव, चौक स्थित मनोहर माधव, बीकर गांव स्थित पद्म माधव, छिंवकी स्थित गदा माधव और अरैल स्थित आदिवेणी माधव तथा चक्र माधव मंदिरों को भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है।

### कहां प्रतिष्ठित हैं कौन से माधव

1 : वेणीमाधव : यह प्रयाग के नगर देवता हैं। इनका मंदिर दारागंज स्थित त्रिवेणी तट पर है।

2 : अक्षयवट माधव : गंगा-यमुना के मध्य में यह विराजमान हैं।

3 : अनंत माधव : दारागंज में अनंत माधव का प्राचीन मंदिर है।

4 : असि माधव : नागवासुकी मंदिर के पास असि माधव वास करते हैं।

5 : मनोहर माधव : जानसेनगंज में मनोहर माधव का मंदिर है।

6 : बिंदु माधव : द्रौपदी घाट के पास बिंदु माधव का निवास है।

7 : श्रीआदि माधव : संगम के मध्य जल रूप में आदिमाधव विराजमान हैं।

8 : चक्र माधव : प्रयाग के अग्नि कोण में अरैल में सोमेश्वर मंदिर के निकट स्थित हैं चक्र माधव।

9 : श्रीगदा माधव : यमुना पार के क्षेत्र स्थित छिवकी रेलवे स्टेशन के पास गदा माधव का प्राचीन मंदिर है।

10 : पद्म माधव : यमुनापार के घूरपुर से आगे भीटा मार्ग पर वीकर देवरिया ग्राम में स्थित हैं पद्म माधव।

11 : संकटहर माधव : झूसी में गंगा तट पर वटवृक्ष में संकटहर माधव का वास है।

12 : शंख माधव : झूसी के छतनाग में मुंशी के बगीचे में शंख माधव की स्थली मानी जाती है।

# पोर्टल पर साप्ताहिक स्टॉक की घोषणा करेंगे दाल कारोबारी

## दालों की जमाखोरी रोकने तथा मूल्य वृद्धि को लेकर योगी सरकार ने खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**कारोबारियों का निरीक्षण एवं सत्यापन के साथ व्यापारियों का पोर्टल पर तत्काल कराया जाए रजिस्ट्रेशन**

लखनऊ, 6 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश में दालों की जमाखोरी को रोकने तथा मूल्य वृद्धि को लेकर योगी सरकार ने खाद्य एवं रसद विभाग के आला अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए हैं। कहा गया है कि केंद्र सरकार की ओर से घोषित संशोधित स्टॉक लिमिट को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए दाल के कारोबारियों का निरीक्षण एवं सत्यापन कराया जाए। इसके अलावा जो व्यापारी अभी तक पोर्टल पर रजिस्टर्ड नहीं है, उनका तत्काल रजिस्ट्रेशन कराया जाये। वहीं शासन की ओर से निर्देश दिया गया है कि सभी दाल के कारोबारियों से निर्धारित पोर्टल पर साप्ताहिक स्टॉक की घोषणा करायी जाए।



## साप्ताहिक स्टॉक की घोषणा

विभाग के अधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि सरकार से मिले निर्देश में प्रदेश में कार्यरत डीलर, इम्पोर्टर, मिलर, स्टॉकिस्ट व ट्रेडर से भारत सरकार के रजिस्ट्रेशन कराते हुये उनसे साप्ताहिक (प्रत्येक शुक्रवार) स्टॉक की घोषणा कराने हेतु समय-समय पर डीएम से अनुरोध किया गया है।अद्यतन स्थिति के अनुसार केंद्र सरकार के पोर्टल पर कुल 1,878 दाल के कारोबारी पंजीकृत हैं, जिनके द्वारा समस्त दालों को मिलाकर 138442 मी0टन स्टॉक की घोषणा की गयी है, जिसमें तूर दाल का स्टॉक 24686 मी0टन, उरद दाल का स्टॉक 16376 मी0टन एवं मसूर दाल का स्टॉक 39150 मी0टन घोषित किया गया है।

## जल्द रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश

दरअसल, उत्तर प्रदेश के अम्बेडकर नगर 04, अमरोहा 04, कन्नौज 05, कासगंज 06, श्रावस्ती 06, फरुर्खाबाद 07, इटावा 07, अमेठी 09, मैनपुरी 09 एवं सुल्तानपुर में 09 रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर हुए हैं। इन जनपदों में पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन जल्द कराने के निर्देश दिए हैं।

# बी-पैक्स सदस्यता महा अभियान में जुड़े कुल 28.85 लाख नए सदस्य

**महा अभियान में कुल 69.08 करोड़ रुपए की शेयर धनराशि हुई अर्जित**

**19 लाख से ज्यादा लघु, सीमांत एवं बड़े कृषकों ने ली बी-पैक्स की सदस्यता**

**2 लाख कुशल श्रमिक, 5 लाख अकुशल श्रमिक, 2.62 लाख पशुपालक भी जुड़े**

**सबसे ज्यादा सदस्यता और शेयर कैपिटल एकत्र करने में शाहजहांपुर प्रथम स्थान पर**

लखनऊः 6 अक्टूबर। प्रदेश में 1 से 30 सितंबर 2023 तक संचालित किए गए बी-पैक्स सदस्यता महा अभियान- 2023 ने अभूतपूर्व एवं ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे प्रदेश में यह महा अभियान चलाया गया, जिसमें 20 लाख लक्ष्य के सापेक्ष कुल 28.85 लाख बी-पैक्स में नए सदस्य बने तथा 69.08 करोड़ रुपए की धनराशि अर्जित की गई। योगी सरकार का मानना है कि बी-पैक्स सदस्यता महा अभियान प्रदेश में सहकारिता आंदोलन को नई दिशा देने में मील का पत्थर साबित होगा। बी-पैक्स सदस्यता महा अभियान की सफलता से जिला सहकारी बैंकों का कैपिटल बेस मजबूत होगा तथा ऋण वितरण में वृद्धि होगी। बी-पैक्स को भी 10 लाख तक की कैश क्रेडिट लिमिट दी जाएगी, जिससे किसानों को बी-पैक्स के माध्यम से खाद,बीज की उपलब्धता सुलभ होगी। अभियान की सफलता दशार्ती है कि सहकारी क्षेत्र में आमजन का विश्वास बढ़ा है तथा प्रदेश सरकार की वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनामी को प्राप्त करने में सहायक होगी।

## सदस्य बनाने में शीर्ष पर रहा शाहजहांपुर

प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियान के दौरान बी-पैक्स में बने कुल 28.85 लाख सदस्यों में 18.77 लाख लघु एवं सीमांत कृषक (2 हेक्टेयर से कम जोत), 48,570 बड़े कृषक (2 हेक्टेयर से अधिक जोत) के साथ ही 2.01 लाख कुशल श्रमिक, 4.86 लाख अकुशल श्रमिक, 2.62 लाख पशुपालक तथा 7,633 मत्स्यपालकों ने बी-पैक्स की सदस्यता ग्रहण की। सबसे ज्यादा सदस्यता ग्रहण कराने तथा शेयर कैपिटल एकत्र करने में जनपद शाहजहांपुर प्रथम स्थान पर रहा। शाहजहांपुर में कुल 1,25,022 बी-पैक्स सदस्य बने तथा कुल 3,00,67,023 रुपए की शेयर धनराशि अर्जित हुई। शाहजहांपुर प्रति पैक्स सबसे ज्यादा औसत सदस्य (1087.15) बनाने एवं शेयर कैपिटल (261452.37) संचित करने में भी पहले स्थान पर रहा। यहां लघु एवं सीमांत कृषकों की संख्या 82,255 रही, जबकि बड़े कृषकों की संख्या 1915 रही। 8099 कुशल श्रमिक, 19,881 अकुशल श्रमिक, 1116 मत्स्य पालक, 11,704 पशुपालक सदस्य बने।

## बी-पैक्स से मिलेंगे अनेक लाभ

- बी-पैक्स के माध्यम से नए कृषक सदस्यों को अन्य बैंकों से सस्ती दर पर यानी 3 प्रतिशत ब्याज पर फसली ऋण की सुविधा दी जाएगी तथा फार्म मेकेनाइजेशन के लिए दीर्घकालीन ऋण कि सुविधा 5 से 7 वर्ष के लिए उपलब्ध कराई जाएगी।
- मत्स्य पालक कृषकों को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से एवं पशुपालकों को नंद बाबा दुग्ध मिशन योजना से जोड़ा जाएगा तथा 3 प्रतिशत ब्याज पर केसीसी के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।
- अकुशल, कुशल कामगारों को ह्यलेबर क्लब बनाकर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा तथा रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इन्हें श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ भी दिलाया जाएगा।
- कृषक उत्पादक समूहों का बी-पैक्स के साथ एमओयू बनाकर निर्यात एवं स्थानीय बाजार का प्लेटफार्म भी उपलब्ध कराने की सुविधा दी जाएगी। इसके अतिरिक्त जन औषधि केंद्र के रूप में सस्ती एवं गुणवत्तापरक जेनेरिक दवाएं कृषकों को उपलब्ध कराई जाएंगी।
- एआईएफ योजना में कृषक उत्पादक समूहों की प्रक्रिया इकाई की स्थापना के लिए सस्ते ऋण की सुविधा जिला सहकारी बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।
- एफपीओ और पैक्स को ड्रोन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी तथा पीएम स्वनिधि योजना में स्ट्रीट वेंडर को ऋण की सुविधा जिला सहकारी बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।

## सहकारी स्वयंसेवकों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

योगी सरकार बी-पैक्स सदस्यता महा अभियान-2023 में अच्छा कार्य करने वाले सहकारी स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र एवं प्रोत्साहन राशि भी देगी। कम से कम 100 सदस्य बनाने वाले सहकारी स्वयंसेवकों को संतोषजनक प्रमाण पत्र, प्रति पैक्स 280 से 400 सदस्य बनाने वाले सहकारी स्वयंसेवकों को उत्तम प्रमाण पत्र के साथ 5000 रुपए की प्रोत्साहन राशि, प्रति पैक्स 400 से 600 सदस्य बनने वाले सहकारी स्वयंसेवकों को अति उत्तम प्रमाण पत्र एवं 7500 रुपए की प्रोत्साहन राशि तथा प्रति पैक्स 600 से अधिक सदस्य बनाने वाले सहकारी स्वयंसेवकों को उत्कृष्ट प्रमाण पत्र एवं 10000 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

# डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बाल कल्याण समिति एवं मिशन वात्सालय की समीक्षा बैठक हुई संपन्न।

**बाल श्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति पर अंकुश लगाने को लेकर अधिकारी गण करें प्रभावी कार्रवाई।**

**एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान का जनपद में व्यापक स्तर पर किया जाए प्रचार प्रसार।**

**बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए स्कूलों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कैंप का किया जाए आयोजन।**

**बालक/बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही प्रदेश सरकार की योजनाओं का पात्रों तक शत प्रतिशत पहुंचाये लाभः डीएम**

गौतमबुद्धनगर 06 अक्टूबर, 2023 आज डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बाल श्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति पर पूर्णतः अंकुश लगाने तथा प्रदेश सरकार के द्वारा बालक/बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र बालक/बालिकाओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से बाल कल्याण समिति/मिशन वात्सालय एवं विभागीय योजनाओं से संबंधित समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनपद स्तरीय बाल संरक्षण तथा किशोर/किशोरी सशक्तिकरण वार्षिक कार्य योजना में उल्लेखित विभिन्न मुद्दों यथा- अनाथ बच्चों का पुनर्वासन एवं पहचान, बाल श्रम एवं भिक्षावृत्ति की रोकथाम, बाल कल्याण समिति के कार्यों की समीक्षा, एक युद्ध नशे के विरूद्ध, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं सखी वन स्टॉप सेन्टर योजना आदि विषयों पर गहन समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्यमंत्री बाल सेवा (सामान्य) योजनान्तर्गत चिन्हित बच्चों को योजना से लाभान्वित किये जाने पर समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। इसी क्रम में उ०प्र० रानी लक्ष्मी बाई सम्मान कोष योजनान्तर्गत लम्बित प्रकरणों पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं नोडल मेडीकल ऑफीसर को निर्देशित किया गया कि प्रकरणों का निस्तारण यथाशीघ्र किया जायें। जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा बालक एवं बालिकाओं के उत्थान को लेकर विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका सभी अधिकारी गण आपसी समन्वय स्थापित करते हुए जनपद में व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार सुनिश्चित कराते हुये प्रत्येक पात्र बालक/बालिका तक प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजना का लाभ पहुंचाएं, ताकि कोई भी पात्र बालक/बालिका प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे। जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान को लेकर निर्देश दिए कि जनपद के प्रत्येक विद्यालय में जो प्रहरी क्लब बनाए गए हैं, उनमें नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाएं और निरंतर अभियान चलाकर यह भी सुनिश्चित किया जाए की किसी भी विद्यालय से 100 गज की दूरी पर कोई भी पान, बीड़ी, सिगरेट, गुटके की दुकान संचालित होती न पाया जाए, और यदि कोई भी दुकान संचालित होती पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध जुमार्ना लगाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने इसके लिए जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि उनके द्वारा सभी स्कूल प्रबंधकों को पत्राचार के माध्यम से अवगत करा दिया जाए कि वह भी यह सुनिश्चित कर लें कि उनके स्कूल के समीप कोई भी पान, बीड़ी, सिगरेट, गुटके की दुकान संचालित नहीं हो रही है और यदि कोई भी दुकान संचालित होती संज्ञान में आती है तो तुरंत इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाए ताकि संबंधित दुकानदार के विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जा सके। जिलाधिकारी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि उनके द्वारा स्कूलों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कैंप का भी आयोजन कराया जाए ताकि बालिकाओं को सशक्त बनाया जा सके। जिलाधिकारी ने बाल श्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति पर अंकुश लगाने को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारीगण आपसी समन्वय स्थापित करते हुए जनपद में बाल श्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति पर अंकुश लगाने को लेकर प्रभावी कार्रवाई

# डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में बृहद रोजगार मेले का नोएडा में हुआ आयोजन।

**हाईरैंक बिजनेस स्कूल नोएडा में आयोजित रोजगार मेले का माननीय सांसद डॉक्टर महेश शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह ने किया शुभारंभ।**

**रोजगार मेले में 589 अभ्यर्थियों को किया गया चयनित।**

उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में आज जिला सेवायोजन कार्यालय, गौतमबुद्धनगर द्वार हाईरैंक बिजनेस स्कूल, ए-42 सुशील मार्ग, इन्स्टीट्यूशनल एरिया सेक्टर-62 नोएडा गौतमबुद्धनगर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। रोजगार मेले का शुभारम्भ फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर माननीय सांसद डॉ० महेश शर्मा व मुख्य विकास अधिकारी गौतमबुद्धनगर जनार्दन सिंह के द्वारा किया गया। माननीय सांसद डॉ महेश शर्मा द्वारा रोजगार मेले में आये अभ्यर्थियों के उज्जवल भविष्य की



कामना करते हुए उनको केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी संग प्रिय आनंद ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मेले में 28 कम्पनियो ने प्रतिभाग किया एवं 1145 अभ्यर्थियों ने अपना पंजीकरण कराया, जिसमें 589 अभ्यर्थियों को चयनित/शोर्टलिस्ट की सूची प्राप्त की गयी। उन्होंने बताया कि एम. लता गौतम, निदेशक केन्द्रीय रोजगार अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# सोशल मीडिया/आईटी विभाग की आयोजित होने वाली कार्यशाला की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया विभाग/ आईटी विभाग की बैठक जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल के मुख्य अतिथि एवं जिला संयोजक सोशल मीडिया धनंजय द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में संपन्न हुई, जिसमें आगामी 9 अक्टूबर को सोशल मीडिया/आईटी विभाग की आयोजित होने वाली कार्यशाला की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया बैठक को संबोधित करते हुए



जिला अध्यक्ष श्री मुखलाल पाल ने कहा कि सोशल मीडिया/आईटी विभाग पार्टी का महत्वपूर्ण विभाग है जिसका उपयोग हम सभी को करना है, एवं कार्यशाला के माध्यम से हमें प्रशिक्षित होकर पार्टी के कार्यक्रमों विचारधारा के साथ-साथ गतिविधियों के प्रचार प्रसार में भागीदारी निभानी होगी, बैठक की अध्यक्षता कर रहे मीडिया विभाग सोशल/मीडिया विभाग के जिला संयोजक धनंजय द्विवेदी ने बताया कि 9 अक्टूबर दोपहर 11:00 से आयोजित होने वाली कार्यशाला में प्रदेश संयोजक माननीय शुभम जी मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे, वहीं जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी की अध्यक्षता में जिला टीम सोशल मीडिया एवं आईटी टीम लोकसभा टोली, विधानसभा टोली, मंडल टोली के संयोजक सहसंयोजक व सदस्य प्रतिभाग करेंगे, बैठक में राहुल सिंह, विनोद सिंह, राजा सिंह, सुयश सिंह गौतम, सिद्धार्थ दीक्षित, अखिलेश कुमार, दिनेश शर्मा, प्रशांत सिंह गौतम, उमेश त्रिपाठी, उमंग मिश्रा, पंकज मिश्रा, शुभम तिवारी, अवनीश मौर्य, रणवीर द्विवेदी, अंकित तिवारी, सत्यम जोशी, शिवांशु शुक्ला मौजूद रहे

# सत्याग्रहियो व क्षेत्रीय लोगों ने लिखा खून से 107 खत

## *क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का दोहरा चरित्र हो रहा उजागर : प्रवीण*

**दैनिक समाज जागरण अतुल बाजपेई**

खागा विजयीपुर-गाजीपुर मार्ग निर्माण के लिए नरैनी चौराहे पर बीते दो अक्टूबर से चल रहे सत्याग्रह में जिस प्रकार से जनप्रतिनिधियों की कारगुजारी सामने आ रही है, उससे निपटने के लिए क्षेत्र के लोग तैयार खड़े हैं। सत्याग्रही प्रवीण पांडेय की बिगड़ती हालत पर भी जनप्रतिनिधियों व जिला प्रशासन के अधिकारियों ने संज्ञान नहीं लिया। उधर सड़क सत्याग्रह का समर्थन करते हुए असोथर, खखरेडू व किशुनपुर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने इसे आर-पार की लड़ाई का रूप देने की बात कही।

पांचवें दिन मां दुर्गा, भारत माता की आरती के साथ सत्याग्रह की शुरूआत हुई। लोधौरा गांव से सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। ग्रामीणों का कहना था पांच दिनों से जिम्मेदार अधिकारियों की कान में जूं तक नहीं रेंगी है। सत्याग्रही की तबीयत लगातार बिगड़ती जा रही है। खराब सड़क की बात करने पर हमेशा वादा किया जाता था कि बहुत जल्दी बनेगी। अब जब सड़क के लिए पांच दिनों से सत्याग्रह जारी है तो वही जनप्रतिनिधि क्षेत्रीय लोगों के बीच आने से घबराते हैं। जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से सड़क बनवाए जाने की उम्मीद छोड़कर अब सत्याग्रहियों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल व मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी बात रखी है। सत्याग्रही प्रवीण पांडेय ने कहा कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का दोहरा चरित्र लोग जान चुके हैं। मुबारकपुर आजमगढ़ से विधायक अखिलेश जी ने विजयीपुर-गाजीपुर मार्ग को लेकर हो रहे सत्याग्रह पर विधान सभा में तारांकित प्रश्न उठाया है। जिसमें उन्होंने लोक निर्माण मंत्री से इस पर जवाब मांगा है। उन्होंने प्रमुख सचिव विधानसभा को संबोधित पत्र लिखकर नियमों के प्राविधानों के तहत तारांकित प्रश्न उठाया है। प्रश्न में उन्होंने पूछा है कि जिस विजयीपुर-गाजीपुर मार्ग के लिए स्थानीय लोग सत्याग्रह कर रहे हैं आखिर उसका निर्माण कब होगा, होगा कि नहीं। प्रवीण पांडेय ने कहा कि अयाह शाह व खागा विधानसभा के अंतर्गत आने वाले राजमार्ग का निर्माण शुरू कराने में बहानेबाजी करने वालों को जनता सबक सिखाने की पूरी तैयारी कर चुकी है।

वहीं आज किशनपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल शुक्ला अपने पदाधिकारियो के गाजीपुर से विजयीपुर रोड सत्याग्रह मे पहुंच कर धरना प्रर्दशन मे शामिल हुये उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी क्षेत्रवासियों को एक होकर अपने हक की लडाई लडने के लिए प्रवीण पाडेय के इस सत्याग्रह मे शामिल होकर लडना चाहिए



**खून से खत लिखने में दिखा उत्साह**

महामहिम राष्ट्रपति, राज्यपाल, प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के नाम खून से पत्र लिखकर सभी को विजयीपुर-गाजीपुर मार्ग की बदहाली से अवगत कराया। केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय, सडक संघर्ष समिति के संयोजक धर्मेंद्र दीक्षित, नागेंद्र सिंह, आलोक द्विवेदी, भगत सिंह, रावेंद्र सिंह, कुलवंत सिंह, संदीप मौर्या, विनोद कुमार दुबे, सुनील शुक्ला, जय सिंह, गोकरन सिंह, दिनेश चंद्र, शिवबरन सिंह, प्रकाश सिंह, कुलदीप सिंह, सुधीर सिंह, आशीष शुक्ला, दुर्गेश पटेल, रवि कुमार, अतुल कुमार मौर्या, पप्पू, वीरेंद्र कुमार, सुधाकर पटेल, राजेश्वर सिंह पटेल, राजस्वरूप सिंह, जितेंद्र सिंह, शिवचरण सिंह, टाइगर पहलवान,संतराम सिंह, रोशन लाल, रमेश चंद्र कश्यप, राजकुमार शर्मा, पंकज कश्यप आदि रहे।

# सरकारी कर्मचारी,ट्रैक्टर मालिक को दे दिया आबादी, आधा सैकड़ा अपात्र

## *डीएम के निर्देश के बाद एसडीएम की जांच अधर में लटकी*

## *निर्माण कार्य न रुकवाएं जाने से ग्रामीण में रोष व्याप्त*

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर थरियांव थाना क्षेत्र के दिहुली गांव में निवर्तमान प्रधान राकेश कुमार लोधी और लेखापाल द्वारा आबादी के आवंटन में जमकर धांधली की गई है ।जिसमें एक सपा नेता की अहम भूमिका बताई जा रही है ।शुक्रवार को पड़ताल के बाद एक चौकाने वाला मामला सामने आया है ।जहां सपा नेता प्रधान और लेखापाल द्वारा सरकारी कर्मचारी तक को आबादी आवंटित कर दी गई है ।जबकि गांव में सैकड़ों पात्र ग्रामीण



योजना से वंचित हैं ।मामले की शिकायत लागतार ग्रामीण जिले के आला अधिकारियों से कर रहे हैं ।लेकिन लेखपाल और प्रधान के गढ़जोड़ के आगे प्रशासनिक मशीनरी फेल साबित हो रही है ।जब जिले के जिम्मेदार अधिकारियों के पास ग्रामीणों को न्याय नही मिलेगा तो भला ग्रामीण कहां और किससे न्याय की उम्मीद करेंगे ।ग्रामीणों ने बताया कि प्रधान द्वारा सरकारी भूमि कर जबरन कब्जा किया जा रहा है ।जिसे रुकवा कर जांच करने के लिए सक्षम अधिकारी की मांग बीते एक सप्ताह से डीएम से कर रहे हैं। आला अफसरों के संजीदा न होने से ग्रामीणों में न्याय की आस खत्म हो रही है ।ग्रामीणों के बताया जिस लेखपाल के खिलाफ शिकायत है ।वही मौके पर जांच के नाम पर खानापूरी कर प्रधान के गुर्गों से हस्ताक्षर करवा कर अफसरों को जांच रिपोर्ट देकर भ्रमित कर रहा है ।जांच में मालूम चला कि ग्राम पंचायत में आधा सैकड़ा ऐसे आवंटित आबादी पत्रावली की सूची में नाम दर्ज है ।जो पूर्णतय मानक विहीन है ।मामले पर सदर एसडीएम प्रभाकर त्रिपाठी का कहना रहा कि डीएम के पास दी गई शिकायत अभी डॉक से प्राप्त नहीं है ।मिलने पर मौके पर जाकर जांच कर कार्यवाही की जाएगी !?

# 2 महीने के बच्चे के लिए किया सर्व फार ह्यूमैनिटी के सदस्य राहुल कुमार ने रक्तदान

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

इमरजेंसी केस में जिले के प्राइवेट अस्पताल जे के चिल्ड्रेन में भर्ती रुद्रांश पुत्र शिवम निवासी मालवा फतेहपुर है, बच्चे को अचानक बुखार अजाने के कारण बच्चे को प्लेटलेट्स और रक्त की कमी हो गयी , डॉक्टर ने इलाज के दौरान बताया बच्चे को 200 एम एल ताजे बी पॉजिटिव रक्त की अवश्यकता है जिससे बच्चे के पिता काफी परेशान थे जानकारी आभा रक्तकेन्द्र द्वारा सर्व फार ह्यूमैनिटी के पास पहुची टीम के सदस्य ने देर न करते हुए केस की



जांच कर सर्व फार ह्यूमैनिटी ग्रुप में डाला गया ,ग्रुप में मैसेज करते ही राहुल कुमार जो कि देवीगंज निवासी है रक्तदान के लिए तैयार हो गए और रात 10 बजे आभा रक्तकेन्द्र पहुचकर अपना 29 वा रक्तदान किया ,बच्चे के पिता ने टीम के सेवा कार्यो की प्रशंसा करते हुए शिवम द्विवेदी ने अपना रक्तदान भी किया जिससे सर्व फार ह्यूमैनिटी टीम आगे भी किसी जरूरतमंद की मदद कर सके ।। सर्व फार ह्यूमैनिटी टीम से गुरमीत सिंह, सौम्या सिंह व आभा रक्तकेन्द्र से श्याम मोहन तिवारी ,सनद उपस्थित रहे ।।

# स्कूल प्रबंधतंत्र की लापरवाही से पांच वर्षीय छात्र की स्कूली बस से हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले में स्कूल प्रबंधतंत्र की लापरवाही से पांच वर्षीय छङत्र्ृ के छात्र की स्कूली बस की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा। बताया जा रहा है कि स्कूल की छुट्टी के बाद बच्चे घर के लिए निकल रहे थे तभी स्कूल बस के चालक ने लापरवाही पूर्वक बस को निकाला जिससे पांच वर्षीय छात्र बस के पहिये के नीचे आ गया। जिससे बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई, बस चालक बस छोड़कर घटना स्थल से भाग गया। जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर फरार बस चालक की तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के दक्षणी गौतम नगर मोहल्ला निवासी चंद्र भान गुप्ता का 5 वर्षीय



पुत्र सार्थक गुप्ता जो कोतवाली क्षेत्र के शिव पुरम मोहल्ले के सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज में LKG का छात्र था। आज वह छुट्टी होने पर घर के लिए ई रिक्सा में सवार होने जा रहा था। तभी अचानक पीछे से आई स्कूली बस ने बच्चे को कुचल दिया। जिससे बच्चा गम्भीर रूप से घायल हो गया। तुरन्त स्कूल के वाहन से उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहाँ ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने जाँच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बच्चे के परिजनों की माने तो स्कूल स्टाफ की लापरवाही से उनके बच्चे की मौत हुई है। बच्चे की मौत के बाद स्कूल प्रबंधतंत्र ने घटना की जानकारी देना उचित भी नही समझा। जब स्कूल गए तो उन्हें घटना की जानकारी हुई, हलांकि इस मामले में सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज फरार बस चालक की तलाश कर रही है।

# किसान को जहरीले साँप ने काटा, इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले के हाथगांम थाना क्षेत्र के खूंटारे पर मजरे सठेरवां गाँव के समीप खेतो में काम करने गए किसान को जहरीले सांप ने काट लिया। सांप काटने की बात उसने आकर अपने परिजनों को बताइ तो तुरंत परिजन उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने किसान को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल जाते समय रास्ते में किसान की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थानां क्षेत्र के खूंटारे पर मजरे सठेरवां गाँव निवासी राम दुलारे का 45 वर्षीय पुत्र ऊदल सिंह खेतो में काम करने के लिए गया था। तभी उसको किसी जहरीले सांप ने काट लिया। सांप काटने की बात उसने आकर अपने परिजनों को बताइ तो तुरंत परिजन उसको इलाज के लिए हाथगांम सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने किसान को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल जाते समय रास्ते में किसान की मौत हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बन्दर को रोटी खिलाने गए बृद्ध पर बन्दर ने हमला कर किया घायल

**दैनिक समाज जागरण**
**जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले के ललौली थानां क्षेत्र के ओती गाँव मे घर के बाहर दरवाजे पर लगे नीम के पेड़ पर बैठे बन्दर को रोज की भांति आज भी बृद्ध रोटी खिलाने गया था। तभी बन्दर ने बृद्ध पर हमला कर उसको घायल कर दिया। तुरंत परिजनो ने घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेन्स घायल वृद्ध को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र की ओती गांव निवासी राम कुमार द्विवेदी का 65 वर्षीय पुत्र ओम प्रकाश द्विवेदी घर के दरवाजे लगे नीम के पेड़ पर बैठे बंदर को रोज की भांति आज भी रोटी खिलाने गया था। तभी बंदर ने ओम प्रकाश के ऊपर हमला कर घायल कर दिया। तुरंत परिजनों ने घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर घायल को भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

# बन्दर को रोटी खिलाने गए बृद्ध पर बन्दर ने हमला कर किया घायल

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले के ललौली थानां क्षेत्र के ओती गाँव मे घर के बाहर दरवाजे पर लगे नीम के पेड़ पर बैठे बन्दर को रोज की भांति आज भी बृद्ध रोटी खिलाने गया था। तभी बन्दर ने बृद्ध पर हमला कर उसको घायल कर दिया। तुरंत परिजनो ने घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेन्स घायल वृद्ध को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र की ओती गांव निवासी राम कुमार द्विवेदी का 65 वर्षीय पुत्र ओम प्रकाश द्विवेदी घर के दरवाजे लगे नीम के पेड़ पर बैठे बंदर को रोज की भांति आज भी रोटी खिलाने गया था। तभी बंदर ने ओम प्रकाश के ऊपर हमला कर घायल कर दिया। तुरंत परिजनों ने घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर घायल को भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

# डीएम साहब : यहां तो गन्दगी में ज़िन्दगी बिताने को विवश हैं ग्रामीण

*भनवापुर विकास खण्ड के राजस्व गांव जेरूइयां में सफाईकर्मी की लापरवाही से गंदगी का अंबार*

*ग्रामीणों का आरोप, अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद भी गांव में नहीं आता है सफाईकर्मी*

*ग्रामीणों ने मीडिया कर्मियों को बुलाकर सुनाया सफाई कर्मी की दास्तान*

**दैनिक समाज जागरण**
**सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड भनवापुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भड़रिया के राजस्व गांव जेरूइयां में स्वच्छ भारत मिशन हुआ फेल एक तरफ केंद्र सरकार प्रदेश सरकार गांव में साफ सफाई को लेकर जागरूक है तो वही तैनात सफाई कर्मचारी मनोज कुमार का हमेशा गायब रहना आम बात है। राजस्व गांव जेरूइयां के श्यामसुंदर ने जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवा के कहा की हमारे गांव में तैनात सफाई कर्मी दो दो महीने तक नही आता है। जब की संचारी रोग अभियान दस्तक भी चल रहा है गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है वही ग्रामीणों ने मीडिया टीम को फोन से बुला कर मीडिया कर्मियों को बताया कि हमारे यहां सफाईकर्मी नही आता है सतीश, बिफई,



अवधराम रामसहज देवी प्रसाद रिंकू तिवारी जानकी किशमती अमृता आरती अनिता संतोष कुमार गंगाराम सरोजमति रूपा आदि ने जांच कर कार्यवाई का माग किया है ।जब इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी लाले ने कहा की मामला संज्ञान में जांच की जाएगी जांच में दोषी पाए जाने के उपरान्त विधिक कार्यवाही की जाएगी। सूत्रों के अनुसार सहायक विकास अधिकारी का यह बयान बहुत पहले से ही अधिकारियों का डायलॉक बन चुका है। और उसी डायलॉक को सहायक विकास अधिकारी ने सुनाकर अपना पलड़ा झाड़ लिया है। लेकिन सवाल यह है कि आखिर एक चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी यानि सफाईकर्मी की कैसे हिम्मत हो रही है कि ग्रामीणों द्वारा अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद भी वह बेंदाजी कर रहा है। आखिर उसके बेंदाजी करने के पीछे का राज क्या है। भरोसेमंद सूत्रों की माने तो उस बेअंदाज सफाई कर्मी को अच्छी तरह से मालूम है कि उसके अधिकारी तो सिर्फ डायलॉक से ही काम चलाते हैं जांच और कार्रवाई तो कभी होती ही नहीं है। अब देखना यह है कि सफाई कर्मी के भ्रट रवैए से और अधिकारियों की उदासीनता से ग्रामीणों को गंदगी से कब तक जूझना पड़ेगा। शायद यह कहना गलत ना होगा कि गंदगी जहां एक तरफ भयानक बीमारियों को दावत देती है। वहीं दूसरी तरफ सरकार के स्वच्छ भारत स्वच्छ भारत सपने को तार तार कर रही है।

# पुलिस विभाग में फेरबदल : कुछ को मिली थाने की कमान तो कुछ ने गंवाई थानेदारी

*थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर और थानाध्यक्ष ढेबरुआ को देखना पड़ा पुलिस लाइन का रास्ता*

*बड़ी संख्या में हुए तबादले से पुलिस विभाग में हड़कंप*

**दैनिक समाज जागरण**
**सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर। तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए कई थाना प्रभारियों को इधर से उधर किया है। कुछ को थाने की कमान सौंपी तो कुछ को पुलिस लाइन रास्ता दिखा दिया है। तबादले की इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में हर का मचा हुआ है। बताते चलें कि उपनिरीक्षक दिनेश कुमार सरोज थानाध्यक्ष उसका बाजार को थानाध्यक्ष भवानीगंज बनाया गया। उप निरीक्षक चंदन कुमार धनाध्यक्ष लोटन को त्रिलोकपुर थाने का बनाया



थानाध्यक्ष। उपनिरीक्षक शशांक सिंह थानाध्यक्ष खेसरहा को ढेबरुआ थाने की मिली जिम्मेदारी। उपनिरीक्षक यशवंत सिंह थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर को लोटन थाने का मिली कमान। उपनिरीक्षक शिव नारायण सिंह को भवानीगंज धनाध्यक्ष को जोगिया थाने की सौंपी गयी कमान। निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह पेशी क्षेत्रधिकारी इटवा को खेसरहा थाने का बनाया थाना प्रभारी। निरीक्षक तहसीलदार सिंह को प्रभारी निरीक्षक थाना त्रिलोकपुर और छत्रपाल सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना ढेबरुआ से हटाकर पुलिस लाइन भेजा। निरीक्षक रामदरश यादव निरीक्षक अपराध थाना ढेबरुआ से हटाकर आई०जी ०आर०एस,निरीक्षक सन्तोष कुमार यादव को निरीक्षक अपराध थाना त्रिलोकपुर से हटाकर मॉनिटरिंग सेल,निरीक्षक विजय कुमार को अतिरित्त निरीक्षक से हटाकर मीडिया सेल की दी गयी जिम्मेदारी।

# सरकारी ट्रामा सेंटर में एक्स-रे मशीन का हुआ शुभारंभ।

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। सरकारी ट्रामा सेंटर में एक्स-रे मशीन का शुक्रवार की दोपहर पूजन कर शुभारंभ कर दिया। सरकारी ट्रामा सेंटर में सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों को अब एक्स-रे के लिए भागना नहीं पड़ेगा अभी तक तो चिकित्सक प्राथमिक उपचार के बाद एक्स-रेके लिए के लिए लिख देते थे।



जिलाअस्पताल 2:00 बजे के बाद बंद होने के कारण दूसरे दिन मरीज को एक्स-रे के लिए आना पड़ता था परंतु अब इस मशीन के लगने से मरीज को भागना नहीं पड़ेगा शुक्रवार की दोपहर स्टाफ नर्स चंचल के द्वारा विधिवत मशीन का पूजन कराया गया औरप्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर डॉक्टर राहुल जैन, डॉक्टर के के गर्ग ,डॉक्टर राघवेंद्र प्रताप सिंह, फार्मासिस्ट जगदीश कुमार, फार्मासिस्ट करण सिंह के अलावा स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे डॉक्टर राहुल जैन ने बताया। कि मरीजों को एक्स-रेके लिए अब परेशान नहीं होना पड़ेगा मरीज का तुरंत एक्स-रे करने के बाद उपचार दिया जाएगा जिससे मरीज जल्द ही स्वस्थ हो सके।

# महिला कल्याण विभाग एवं जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने "उमंग" के तहत किशोरियों व महिलाओं को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं, टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर, मासिक धर्म स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद ।उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा और जिलाधिकारी आईएएस डॉ. उज्ज्वल कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी आईएएस दीक्षा जैन एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी मिथलेश सिंह के निदेर्शानुसार जनपद की किशोरियों को एनीमिया मुक्त किए जाने, सशक्त बनाने के उद्देश्य से "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना" एवं मासिक धर्म स्वच्छता की जागरूकता हेतु एक नई पहल 'एक युद्ध एनीमिया के विरुद्ध'- "उमंग" न्याय पंचायत स्तरीय शिविर के अंतर्गत एक कदम महिला स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण की ओर बढ़ाते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम के सहयोग से महिला कल्याण विभाग द्वारा विकासखंड टूंडला के ग्राम पंचायत हिम्मतपुर के श्री शिवराज सिंह शीला देवी इंटर कॉलेज में उमंग कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें, ग्राम पंचायत क्षेत्र की लगभग 200 किशोरियों एवं बच्चियों की निःशुल्क एनीमिया टेस्टिंग व खून की जांच और सेनेटरी नैपकिन वितरण किया गया।

इस दौरान महिला कल्याण अधिकारी फिरोजाबाद अनम अकाशा ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, महिला हेल्पलाइन एवं घरेलू हिंसा, विधवा पेंशन आदि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों के प्रति जागरूक करते हुए पंपलेट वितरण किए और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाई।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पोषण, माहवारी स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि, आयरन फोलिक एसिड की गोली खाने से एनीमिया की शिकायत दूर की जा सकती है। "जिन बच्चों में खून कम पाया गया है वह अत्यधिक हरी सब्जियां, गुड, चना और स्वच्छ पानी में भिगोकर किशमिश आदि का सेवन करें।

इस अवसर पर मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधान अध्यापक नितेश चौहान, कार्यक्रम विभाग के सुपरवाइजर सहित स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर संजीव, डॉ संजय कुमार स्टाफ नर्स, अक्षय शर्मा, लैब टेक्नीशियन शिव कुमार एवं फिजियोथेरेपिस्ट डॉ० उर्मिला यादव सहित ग्राम पंचायत हिम्मतपुर, ककरारी, गढ़ी मदारी, पखरपुर, गढ़ी ठाकुरन, छिकाऊ, नगला सूरज से सावित्री देवी, गीता, संगीता यादव, अंजना, वंदना, रेणु देवी, गीता, बबीता शर्मा, कमलेश, ओमवती व अन्य आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं और छात्राएं उपस्थित रहीं।

# विश्व शिक्षक दिवस पर सांसद फिरोजाबाद ने अश्वनी जैन को किया सामाजिक योद्धा की उपाधि से सम्मानित।

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

सिरसागंजः- लोकसभा फिरोजाबाद के सांसद डॉ चन्द्रसेन जादौन ने अपने कैम्प कार्यालय पर श्री एम. डी. जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के प्रवक्ता एवं जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन को समाज सेवा के प्रति दिखाए समर्पण एवं जन-जागरूकता के कार्य को पूर्ण कराने हेतु किए गए परिश्रम एवं अपने दायित्वों के प्रति लगन एवं निष्ठा से अभिभूत होकर सामाजिक योद्धा की उपाधि से सम्मानित किया।

डॉ चन्द्रसेन जादौन ने बताया कि अश्वनी कुमार जैन द्वारा समाज में जन-जागरूकता हेतु समय- समय पर विभिन्न क्षेत्रों स्वच्छ भारत अभियान, सड़क सुरक्षा अभियान, पर्यावरण संरक्षण मुहिम, वृक्षारोपण अभियान, संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम, मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, हर घर तिरंगा कार्यक्रम,



मेरी माटी मेरा देश आदि को सफल बनाने एवं उनके लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु दिए गए निदेर्शों के निर्वहन हेतु पूर्ण निष्ठा एवं क्षमता के साथ योगदान दिया है। उन्होंने श्री जैन के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीष प्रदान किया।

अश्वनी कुमार जैन ने माननीय सांसद फिरोजाबाद डॉ चन्द्रसेन जादौन जी, सांसद प्रतिनिधि डॉ ललित मोहन जादौन जी, समस्त जनप्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, समस्त समाजसेवियों, जनपद के समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, मीडिया वर्ग एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

# 9 अक्टूबर से 14 तारीख तक चलेगा बच्चों एवं गर्भवती महिलाओ का टीकाकरण अभियान


**दैनिक समाज जागरण**

शिकोहाबाद। सघन मिशन इन्द्रधनुष का तृतीय चरण आगामी 09 अक्टूबर से 14 अक्टूबर 2023 तक चलाया जाएगा जिसमें 0-7 वर्ष के सभी छूटे हुये बच्चों को 11 जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए निःशुल्क टीके लगाए जायेगें, सभी गर्भवती महिलाओं को टिटनेस के निःशुल्क टीके तथा आवश्यक जॉचे की जायेंगी। उक्त अभियान में 3327 गर्भवती महिलाओं एवं 0-7 वर्ष के बच्चों 17648 0 झ 5 का टीकाकरण से अच्छादित किया जायेगा। इस अभियान के तहत 1630 सत्रों का आयोजन किया जायेगा, अभियान के दौरान सभी सामु० / प्रा० स्वास्थ्य केन्द्रों एवं उपकेन्द्रों पर ए०एन०एम०, आशा एवं आंगनवाड़ी वर्करों के द्वारा टीकाकरण का कार्य पूर्ण किया जायेगा। इस अभियान के दौरान 0झ7 वर्ष के सभी छूटे हुये बच्चों को पेन्टा, ओ०पी०वी०,आई०पी०वी०, रोटा,एम0आर0, पी०सी०वी० बी०सी०जी०, आदि एवं गर्भवती महिलाओं को टी०डी० वैक्सीन से अच्छादित किया जायेगा। टिकाकरण के पश्चात होने वाली प्रतिकूल घटनाओं से घबराने की जरूरत नही है यदि कोई भी प्रतिकूल घटनाएं होती है, तो आपके निकट प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आशा, ए०एन०एम० से तत्काल सम्पर्क करें ।

# आचार्य श्री विमल सागर का जीवन

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। आचार्य श्री का जन्म एटा जिले के कोस्मा ग्राम में सन 1915 में हुआ था। उनकी माँ कटोरी देवी तथा पिता बिहारी लाल जैन बहुत ही धार्मिक स्वाभाव के थे आचार्य श्री के ग्रह अवस्था का नाम नेमीचंद जैन था। उन्होंने बताया कि 28 जून 1950 को ग्रह त्याग कर बावन गजा मध्य प्रदेश में छुल्लक दीक्षा ग्रहणकी एवं ऋषभ सागर के नाम से प्रसिद्ध हुए तथा अपने गुरु आचार्य महावीर कीर्ति महाराज से 23 फरवरी 1950 को एलक दीक्षा तथा 21 मार्च 1952 को सोनागिर मध्य प्रदेश में मुनि दीक्षा ग्रहण की तथा विमल सागर महाराज के नाम से जाने जाने लगे।



मार्च 1960 में टूंडला उत्तर प्रदेश में आचार्य महावीर कीर्ति महाराज ने ही आपको आचार्य पद से सुशोभित किया। इसके बाद आपको अनेकों उपाधि यों से नावाजा गया जिसमे सन 1963 में सोनागिर में आपको चारित्र चक्रवर्ती तथा वाराणसी में आपको सन्मार्ग दिवाकर की उपाधि दी गई। आपको जैन एवं जैनेत्तर समाज के लोग भोले बाबा के नाम से भी पुकारते थे और 19 दिसम्बर सन 1994 को सम्मेद शिखर जी में आपने समाधि ली। आज भी सेंकड़ों श्रद्धालु शिखर जी के पहाड़ पर चढने से पूर्व आपका आशीर्वाद लेना नहीं भूलते। ऐसी मान्यता है कि आचार्य श्री का आशीर्वाद लेकर 28 किलोमीटर के पहाड़ पर चढने पर कोई भी कठिनाई नहीं होती है।

# भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 88वीं जयंती बनाई किसानों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ शुक्रवार को क्षेत्र के किसानों ने ब्लाक कार्यालय परिसर पहुंचकर किसानों के मसीहा भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक बाबा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 88 वीं जयंती के अवसर पर एक सभा कर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। तथा अरदास कर मिष्ठान का वितरण किया इस अवसर पर प्रमुख किसान नेता मदन सिंह राणा एवं अतुल कुमार शर्मा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत किसानों के सच्चे ईमानदार हितैषी थे।चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत का जन्म 6 अक्टूबर 1935 को मुजफ्फरनगर जिले के सिसौली गांव में हुआ था। वह भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के अध्यक्ष रहे महेंद्र सिंह टिकैत की 15 मई 2011 को 75 की आयू में उनकी बीमारी के चलते मौत हो गई थी अपने पिता की मृत्यु के बाद आठ वर्ष की आयु में महेंद्र सिंह टिकैत को बलियान खाप का चौधरी बनाया गया था उनके दो बेटों नरेश टिकैत और राकेश टिकैत ने उनकी मृत्यु के बाद भारतीय किसान यूनियन की बागडोर संभाली और नरेश टिकैत को भारतीय किसान यूनियन का प्रमुख तथा राकेश टिकैत को प्रवक्ता बनाया गया उन्होंने केंद्रीय



सरकार के बनाए गए कृषि कानूनों के खिलाफ जनवरी 2021 में आंदोलन कर विरोध प्रदर्शन किया इस आंदोलन में पूरे भारत से हजारों की संख्या में किसान जुड़ा था भारतीय किसान यूनियन हमेशा किसानों के हितों की रक्षा के लिए तत्पर रहती है सभा के अध्यक्षता मुख्य अतिथि बाबा जग्गा सिंह भूरी वाले ने तथा संचालन वरिष्ठ किसान नेता अतुल कुमार शर्मा ने किया इस अवसर पर प्रमुख किसान नेता मदन सिंह राणा, विजेंद्र सिंह, अजविंदर सिंह बिंसला, हरप्रीत सिंह बिंसला, गुरमुख सिंह, सोनू सिंह, गुरविंदर सिंह, शरीफ अहमद अंसारी, मुख्तियार सिंह, अहमद सईद, सतनाम सिंह, रईस अहमद, मौहम्मद रियाज, जसवीर सिंह, हाजी सईद अहमद, अनीस अहमद, सोनू धेती, संजय चौहान, परमजीत सिंह, दर्शन सिंह, सुखदेव सिंह, सरताज अंसारी, कुलदीप सिंह, रोहित चौधरी, यशपाल सिंह, व अर्जुन त्यागी आदि दर्जनों किसानों ने भाग लिया।

# 35 वर्ष भवन जर्जर स्थिति में:एक समय सिंचाई विभाग के डाक बंगले में रुकते थे मंत्री व अधिकारी, आज देखरेख के अभाव में बदहाल पड़ा भवन

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ। क्षेत्र के महत्वपूर्ण सरकारी गेस्ट हाउसों में से एक जो बड़े-बड़े नेताओं तथा मंत्रियों तथा उग्रवाद के दौर में सुरक्षा बलों के पड़ाव के रूप में प्रयुक्त होने वाला डाक बंगला आज देख-रेख तथा मरम्मत के अभाव में जर्जर होकर ध्वस्त हो गया है।भूतपूर्व सैनिक कलोनी कादराबाद स्थित विभागीय उपेक्षा झेल रहे डाक बंगले की बदलने वाली है तस्वीर।लाखों रुपए के खर्च से होगा। जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र की भूतपूर्व सैनिक कॉलोनियों के केन्द्र बिन्दु रहे कादराबाद में सिंचाई विभाग के द्वारा एक डाक बंगले का निर्माण कराया गया था जिसकी सुन्दरता देखते ही बनती थी। लेकिन मौजूदा समय में



उपेक्षा के कारण इसकी स्थिति बेहद खराब हो गयी थी। शिवसेना जिलाध्यक्ष संजय राणा के अथक प्रयासों के चलते अब इसके दिन बहुरने वाले हैं। संजय राणा के अनुसार उन्हें इस काम को अंजाम तक पहुँचाने में लगभग 9 माह का समय लगा। सिंचाई विभाग के अधिकारियों के सहयोगात्मक रवैये से यह काम संभव हो पाया है।

## गुलदार का आतंक: फिर से एक किशोरी पर किया हमला,ग्रामीणों ने बचाई जान, कई गांवों में दहशत का माहौल

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ़ / रेहड़ शुक्रवार की देर शाम खाना बनाने के लिए घर के पास ही घेर से पानी लेने गई एक 19 वर्षीय युवती पर गुलदार ने हमला कर जख्मी कर दिया। परिजनों के शोर मचाने पर गुलदार जंगल की ओर भाग गया। घायल किशोरी को ग्रामीणों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम ब्लॉक क्षेत्र थाना रेहड़ के गांव उदयपुर उर्फ चांदपुर निवासी नीलम 19 वर्ष पुत्री संजय कुमार गांव के बाहरी छोर पर अपने घर में खाना बना रही थी के खाना बनाने के लिए वह घर से सटे घेर में खड़े नल पर पानी लेने के लिए गई थी



कि अचानक गुलदार ने मुंह से गर्दन पकड़ हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया युवती की चीख-पुकार सुनकर परिजन लाठी डंडे लेकर दौड़ पड़े शोर सुनकर गुलदार जख्मी हालत में युवती को छोड़कर भाग गया गुलदार के हमले में जख्मी कर दिया। घायल युवती को परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से प्राथमिक स्वा केंद्र कासमपुरगढ़ी भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सूचना पाकर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी शुभ सूचित,वन रेंजर अधिकारी नगीना प्रदीप कुमार शर्मा, राहुल कुमार, मुजीब अहमद, ब्लाक प्रमुख प्रदीप कुमार बबली ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर घटना पहुंचे ब्लॉक क्षेत्र में लगातार गुलदार के हमलो से ग्रामीणों सहित किसानों में दहशत का माहौल है। वहीं गुरुवार को थाना क्षेत्र गांव शाहपुर जमाल राष्ट्रीय राजमार्ग डिवाइडर टांग फिलाकर आराम फरमा गुलदार दिखा गया था। जिसको लेकर ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार को पड़कर जंगल में छुड़वाने की मांग की है।

## बसपा के संस्थापक काशीराम के परिनिर्वाण दिवस को लेकर बैठक आयोजित

**दैनिक समाज जागरण**

बिसौली आई एम खान। आगामी 9 अक्टूबर को बसपा के संस्थापक काशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर नोयडा में होने कार्यक्रम को लेकर बसपाइयों ने बैठक आयोजित कर रणनीति तैयार की। मंडल सेक्टर प्रभारी केके उपाध्याय ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र से पांच बस व 50 छोटे वाहनों द्वारा कार्यकताओं को नोयडा ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी सभी विरोधी दलों को मात देगी।



## कुशल समाजसेवी राजीव गोयल बने एमएसएमई इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष

**नोएडा समाज जागरण डेस्क**

नोएडा के कर्मठ एवं जुझारू, हरदिल अजीज समाज सेवी राजीव गोयल को एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन नोएडा के उपाध्यक्ष बनाया गया है । इसके साथ ही उनको संस्था के प्रचार प्रसार की पूरी जिम्मेदारी भी दी गई है। संस्था के अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र सिंह नाहटा ने उनको संस्था के सभी सदस्यों की तरफ से बधाई तथा शुभकामनाएँ दी है। इसके साथ ही संस्था के सभी साथियों से श्री नाहटा ने अपील की है कि राजीव गोयल का पूरा सम्मान करे। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा है कि श्री गोयल ,संस्था के अनुरूप संस्था के उद्देश्य को पूरा करेंगे और उद्योग विकास के लिए उद्योगों मे उत्पादन बढ़ाने के लिए एवं रोजगार और राजस्व बढ़ाने के लिए जो जिम्मेदारी दी गई है उनका निर्वहन करेंगे।





## प्रयागराज विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों का सपरिवार सम्मेलन आज

**दैनिक समाज जागरण**

बिसौली आई एम खान। प्रयागराज विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों का 'सपरिवार सम्मेलन' कल शनिवार को कृष्णा लान में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक नगर के प्रसिद्ध व्यवसायी संजय गर्ग ने बताया कि उक्त सम्मेलन का मकसद सभी पुराने साथियों का एक मंच पर मिलना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का नियोजन व मार्गदर्शन एसएसपी डा. ओपी सिंह करेंगे। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सभी पुराने छात्र सपरिवार रात्रिभोज में भी शिरकत करेंगे।

## उत्तर प्रदेश रेहड़ी पटरी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष ने की सुरक्षा की मांग। डीजीपी को लिखा पत्र

**नोएडा समाज जागरण डेस्क**

नोएडा/ उत्तर प्रदेश रेहड़ी पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा आगामी दिसंबर माह मे निकाले जाने वाली रथ यात्रा से पहले एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री श्याम किशोर गुप्ता ने प्रशासन के निशुल्क सुरक्षा की मांग किया है। उनको आशंका है कि पथ विक्रेताओं के लिए निकाले जा रहे जागरुकता रैली से माफिया को परेशानी होगी और हमला करवा सकते है।

उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेश को लिखे एक पत्र मे उन्होंने कहा है कि एसोसिएशन के द्वारा आगामी दिसंबर मे प्रस्तावित रथ यात्रा से पहले उनको आस-पास के जिले मे पथ विक्रेताओं से मिलकर रथ यात्रा का प्रयोजन बताने का निश्चय किया है, इसी कारण से वेंडर से वार्ता हेतू उनको जाना होगा। उन्होंने कहा है कि हमे आशंका है कि इसी दौरान ठेली पटरी माफिया के लोग उन पर हमला भी कर सकते है।

क्योंकि वह लोग नही चाहते है कि ठेली पटरी वाले अपने अधिकार को जाने। क्योंकि अगर ठेली पटरी वाले अपने अधिकार को जान गए तो माफियाओं का दुकान बंद हो जायेगा। हम पर पहले भी हमला हो चुका है नोएडा पुलिस कार्यालय सेक्टर 6 के सामने इसलिए हमने डीजीपी उत्तर प्रदेश से निशुल्क स-रक्षा की मांग की है।



## एसडीएम न्यायालय के रिटायर कर्मचारी का तीन वर्ष के बाद भी कुर्सी से मोह भंग नहीं हो पाया

### एसडीएम कल्पना जायसवाल ने भी इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया

**दैनिक समाज जागरण**

बिसौली आई एम खान। उपजिलामजिस्ट्रेट न्यायालय परिसर में मेज पर पांव रखे बैठा व्यक्ति कोई कार्यरत बाबू या कर्मचारी नहीं बल्कि तीन वर्ष पूर्व सेवानिवृत्त हुआ पेशकार ओमवीर सिंह है। रिटायर होने के बाद भी इसका अपनी कुर्सी से मोहभंग नहीं हो पाया है। प्रतिदिन ओमवीर इसी कुर्सी पर बैठकर वादकारियों से वसूली करता है। हैरानी की बात तो यह है कि एसडीएम कल्पना जायसवाल ने भी इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया। उनके सामने तीन वर्ष पूर्व सेवानिवृत्त हुआ कर्मचारी सीना तानकर वादकारियों को लूटता नजर आता है। लोगों का तो यहां तक कहना है कि इससे पहले भी एक कर्मचारी रिटायर होने के बाद काफी समय तक उसी कुर्सी पर विराजमान नजर आता था। बीते कुछ दिनों से जरूर वह परिसर में नहीं आ रहा है। बहरहाल उक्त रिटायर कर्मचारी के विरुद्ध कोई कार्रवाई होती है या नहीं यह तो भविष्य के गर्भ में छिपा है लेकिन उक्त मामले में एसडीएम की लापरवाही जरूर दिखाई दे रही है।



## जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा महामहिमा राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी संभल के द्वारा दिया गया ज्ञापन

दैनिक समाज जागरण संभल।उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा महामहिमा राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी संभल के द्वारा ज्ञापन दिया गया ज्ञापन में जिला अध्यक्ष विजय शर्मा जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत कुमार सिंह जिला सचिव सागर अली जिला सचिव मनवीर सिंह जिला सचिव कासिम खान किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विनोद साथी बहजोई ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अल्वी चंदौसी नगर अध्यक्ष मुनेश कुमार जोशी साहू संजीव कुमार मनोज कुमार शर्मा राजू दिवाकर शाहरुख खान प्रमोद गोस्वामी रामेश्वर शर्मा आदि लोग मौजूद रहे



## जिला पदाधिकारी गण जन प्रतिनिधियों अनुसूचित मोर्चो मंडल अध्यक्षों मंडल प्रभारियों की आवश्यक बैठक संपन्न

**दैनिक समाज जागरण**

संभल। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय सम्भल पर जिला पदाधिकारी गण जन प्रतिनिधियों अनुसूचित मोर्चों मंडल अध्यक्षों मंडल प्रभारियों की आवश्यक बैठक संपन्न हुई बैठक की शुरूआत भारत माता श्यामा प्रसाद मुखर्जी दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया बैठक की प्रस्तावना जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह द्वारा रखी गई उन्होंने कहा कि हमे पार्टी द्वारा दिये गये कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान देना होगा हमे 5 तारीख से 21 तारीख के मध्य होने वाले महिला मोर्चा एवं अनुसूचित मोर्चों सम्मेलन की सफलता में लगना होगा लोकसभा चुनाव परिणाम को हमे अपनी मेहनत से सफलता की और ले जाना है इसके लिए हमे अभी से जन जन तक जाना होगा माननीय प्रधानमंत्री जी ने नारी शक्ति बंधन अधिनियम पारित कर महिलाओं को विशेष सम्मान दिया है जिला प्रभारी चौधरी राजा वर्मा ने कहा कि पार्टी द्वारा तय किए गए सम्मेलन में हमें मंडल स्तर पर महिला मोर्चे एवम अनूसूचित मोर्चे को साथ लेकर कार्यक्रम की सफलता की ओर जाना है अनुसूचित मोर्चे का सम्मेलन 18 अक्टूबर को होना तय हुआ है इसके लिए हमारे सभी जनप्रतिनिधि पदाधिकारी एवं कार्यकताओं को घर-घर तक जाकर सम्मेलन के विषय में जानकारी देनी है जिससे हमारे सम्मेलन को सफल बनाया जा सके उन्होंने कहा की नारी शक्ति वदन अधिनियम भी की महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी तय करने के लिए एक बड़ा कदम है जिसे जन जन तक कार्यकताओं के माध्यम से पहुंचाना है जिसमे सभीकार्यकताओं की जिम्मेदारी भारतीय जनता पार्टी द्वारा सुनिश्चित की गई हैबैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह एवं संचालन अर्जुन वाल्मीकि ने किया बैठक में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल जिला पंचायत अध्यक्ष अनामिका यादव पूर्व जिला अध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़कवंशी भीष्म शर्मा डॉ नरेंद्र सिंह, परमेश्वर लाल सैनी अजीत उर्फ राजू यादव राजेश शंकर राजू मंजू दिलेर कमल कुमार कमल अवधेश यादव इंदू रानी दिवाकर धीरेंद्र यादव अंजू चौधरी सतीशअरोरा चंद्रसेन दिवाकर चरन सिंह भारती दिनेश जाटव महावीर जाटव चंद्रसेन राणा तेजपाल सैनी कमल दिवाकर गोतम जी विपिन गुप्ता मुकुल रस्तोगी सौरभ गुप्ता सोनू चाहल हिरदेश यादव देवेंद्र सिंह चाहल जयप्रकाश गुप्ता मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी उपस्थित रहे



## रामशरण वैद्य आदर्श इंटर कॉलेज में हमारा विद्यालय स्वच्छ विद्यालय थीम पर निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**

बिसौली आई एम खान। रामशरण वैद्य आदर्श इण्टर कॉलेज मई- बसई में स्वच्छता पखवाड़े के छटे दिन 'हमारा विद्यालय-स्वच्छ विद्यालय' थीम पर निबन्ध एवं रंगोली, मेहंदी एवं कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में छात्र- छात्राओं ने बढ़ - चढ़कर भाग लिया तथा प्रातियोगिताओं के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने का संदेश दिया। निबन्ध प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में राज गौतम प्रथम, रानी द्वितीय तथा श्रद्धा सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर वर्ग में दीक्षा व सृष्टि प्रथम, अनुष्का व सेवी द्वितीय तथा लक्ष्मी तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम का संचालन हरदीप सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रबंधक अखिलेश कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य डॉ घनश्याम दास, रामाधार शर्मा, विश्वेश पाठक, लखपति सिंह, अंकित सिंह, मनोज कुमार, आनन्द सिंह, विपिन शर्मा, रऊफ अहमद, कामेंद्र सिंह, विनोद कुमार, अमित पाराशरी, आशीष, शिवानी, वंदना, मीना आदि उपस्थित रहे।



## महिला बाल सुरक्षा संगठन के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान

दैनिक समाज जागरण संभल। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिला बाल सुरक्षा संगठन के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान 'शक्ति दीदी' नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, बच्चों एवं महिलाओं के विरुद्ध छेड़छाड़ में यौन शोषण एवं छेड़छाड़ जैसी अप्रिय घटनाओं की रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संभल कुलदीप सिंह गुनावत के कुशल निर्देशन में और नोडल अधिकारी पुलिस उपाधीक्षक क्षेत्राधिकारी बहजोई दीपक कुमार के नेतृत्व में संभल कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत बाल विद्या मंदिर में बालिकाओं/छात्राओं को जागरूक करते हुए उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं के बारे में और मिशन शक्ति दीदी प्रोजेक्ट के बारे में तथा गुडझटच, बेड-टच के बारे में जानकारी दी गयी तथा प्रोजेक्टर के माध्यम से समझाते हुए जागरूक किया गया। इस अभियान में महिला थाना प्रभारी पुनम आनंद, एंटी रोमियो प्रभारी निरीक्षक सीताराम, महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी राधेश्याम शर्मा, महिला उपनिरीक्षक 1.सीमा चौधरी, 2. रेशु मलिक, 3. प्रेरणा यादव व महिला मुख्य आरक्षी मैलानीकुजूर तथा थाना संभल की महिला बीट आरक्षी (शक्ति दीदी) कोमल ओर मोनिका उपस्थित रहीं ।



## सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप

# पेशकार ने दर्ज कराया अधिवक्ता के मुंशी के खिलाफ मुकदमा

**दैनिक समाज जागरण**

शाहाबाद, हरदोई ।शाहाबाद तहसील के एसडीएम न्यायालय में फर्दे अहकाम पर काले पेन से क्रॉस बनाकर सरकारी कार्य में बाधा पैदा करने एवं पेशकार को गाली गलौज करने का मामला तूल पकड़ गया है। कोतवाली में एसडीएम न्यायालय के पेशकार ने लगभग डेढ़ माह के बाद वकील के मुंशी के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने तथा गाली गलौज करने का मुकदमा पंजीकृत कराया है। शाहाबाद एसडीएम के न्यायालय में कार्यरत अहलमद संबद्ध पेशकार देवेंद्र कुमार पांडे पुत्र स्वर्गीय नंदकिशोर पांडे निवासी ग्राम हूंसेपुर के अनुसार 30 अगस्त को वह न्यायालय में कार्य कर रहे थे। उसी समय रामसनेही मिश्रा एडवोकेट अपने मुंशी सुशील कुमार के साथ न्यायालय में आते और विचाराधीन मुकदमा वाद संख्या 13 अंतर्गत धारा 116 संहिता 2006 मुकदमा मुरारी शरण बनाम बूटा सिंह आदि ग्राम इटारा परगना आलमनगर तहसील शाहाबाद की पावती दिखाने के लिए कहा। बकौल पेशकार उनके द्वारा पत्रावली पत्रावली दी गई तो 21 अगस्त 2023 की फर्द अहकाम पर मुंशी सुशील कुमार ने काले पेन से दो बार क्रॉस करके काट दिया। पेशकार द्वारा जब ऐसा करने से टोका गया तो उपरोक्त मुंशी ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हमलावर हो गए। डेढ़ माह के बाद फिलहाल शाहाबाद कोतवाली में अधिवक्ता रामसनेही मिश्रा के मुंशी सुशील कुमार के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने तथा जान माल की धमकी देने के आरोप में पेशकार द्वारा मामला दर्ज कराया गया।

प्रचार नही तो व्यापार नहीविज्ञापन के लिए संपर्क करे.

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।।

1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक

साइज 3X5 Cm

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण: शासन से 533 लीज बैक मामलों में आधे खारिज! किसान नेताओं में वर्चस्व की जंग शुरू

-राजेश बैरागी- एसआईटी की जांच में फंसे 533 लीज बैक मामलों में से लगभग आधे खारिज किए जाने से किसान आंदोलन का जिन्न एक बार फिर सुलह समझौते की बोतल से बाहर निकल आया है। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह द्वारा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को लिखे एक पत्र में केवल 296 प्रकरणों में ही किसानों की लीज बैक प्रक्रिया शुरू करने को कहा गया है।इसी 4 अक्टूबर को लिखे गए इस पत्र में शेष 237 प्रकरणों में गलत तरीके से पात्रता तय करने वाले प्राधिकरण के तत्कालीन अधिकारियों की जानकारी शासन को उपलब्ध कराने का आदेश भी दिया गया है जिससे उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा सके। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर आज अजब-गजब नजारा था। ओटीटी पर प्रदर्शित और बिहार के चारा घोटाले पर आधारित वेबसिरीज 'महारानी' के दो किरदारों भीमा और नवीन कुमार सरीखे पुराने साथी मनवीर भाटी और रूपेश वर्मा अलग अलग अपने समर्थकों संग मुख्य कार्यपालक अधिकारी से मिलने पहुंचे थे। पहले रूपेश वर्मा ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी रवि कुमार एनजी से मुलाकात की। फिर मनवीर भाटी और उनके साथ आए समर्थकों ने मुलाकात की।123 दिनों तक प्राधिकरण पर धरना आयोजित करने वाले रूपेश वर्मा ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी को 533 लीज बैक प्रकरणों पर शासन से आए पत्र के लिए धन्यवाद दिया। मनवीर भाटी ने इस पत्र को किसानों के साथ धोखा करने और अपनी आशंका सच होने का दावा किया। रूपेश वर्मा ने बाद में एक और बयान जारी कर मनवीर भाटी का नाम लिए बगैर उनके आरोपों को खारिज कर दिया। दिलचस्प है कि इस संबंध में प्राधिकरण की ओर से आज कोई बयान जारी नहीं किया गया। किसान आंदोलनों में पुराने साथी रहे रूपेश वर्मा और मनवीर भाटी अब इस प्रकरण को लेकर आमने-सामने आ गए हैं। रूपेश वर्मा जहां प्राधिकरण के पक्ष में खड़े दिखाई दे रहे हैं वहीं मनवीर भाटी कल एक प्रेस वार्ता कर प्राधिकरण पर धरना प्रदर्शन की घोषणा कर सकते हैं।( नेकदृष्टि)

## स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

हरदोई। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के तत्वाधान में तहसीलदार/सचिव तहसील विधिक सेवा समिति बिलग्राम विनीत कुमार सिहं के निर्देश पर तहसील प्रशासनिक अधिकारी विनोद कुमार त्रिवेदी की अध्यक्षता व ग्राम प्रधान संजीव कुमार की उपस्थति मे पंचायत भवन ग्राम हैबतपुर में गांधी जयती के अवसर पर स्वच्छता जागरुकता अभियान सप्ताह 02 अक्टूबर 2023 से 08 अक्टूबर 2023 तक मनाये जाने के उपलक्ष मे स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित लोगों को तहसील प्रशासनिक अधिकारी व लीगल एड क्लीनिक संचालक प्रदीप कुमार ने जागरूक करते हुए कहा कि माहत्मा गांधी जी के द्वारा देखा गया स्वच्छ व विकसित भारत का सपना पूर्णरूप से साकार किया जा सकता है। अब हमारा भी कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत



माता की सेवा करें, मै शपथ लेता हूं कि स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगा और उसके लिए समय दूंगा, हर वर्ष 100 घंटे अथवा सप्ताह मे 2 घंटे श्रमदान करके के इस संकल्प को पूरा करूगा। मै न गंदगी करूगां न गंदगी करने दूंगां, सबसे पहले स्वयं से मेरे परिवार से मेरे मुहल्ले से एवं अपने कार्य स्थल से शुरूआत करूगां, मै आज जो शपथ ले रहा हूं वह अन्य सौ व लोगों से कराऊंगा, वे भी मेरी तरह स्वच्छता के लिए सौ घंटे दें,हम इस विचार के साथ गांव गांव व गली गली स्वच्छ भारत का प्रचार करुगां, तथा इस अभियान मे सभी लोगों का अपना अपना योगदान है कि कूडा कचरा को इधर उधर न फेकें, गीले एवं सूखे कचडे को अलग अलग रखें, पालीथीन का प्रयोग न करें फुटपाथ विक्रेता कूडें को उचित आकार के डस्टविन मे रखें व कूडा घर व नगर निगम की गाडियों मे ही कूडा डालें, खुले मे सौंच न करें अपने गांव को सौच मुकत करायें, बालको मे स्वच्छता की भावना विकसित करें, स्वच्छता कार्यक्रम मे ग्रामवासी मौजूद रहें।

## बीडीओ ने जन चौपाल में ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

### गांव की चौपाल में ही किया समस्यायों का निस्तारण

**दैनिक समाज जागरण,संवाददाता**

सवायजपुर, हरदोई।विकास खंड भरखनी के प्राथमिक विद्यालय मुंडेर में खंड विकास अधिकारी ने एडीओ व ब्लॉक कर्मियों के साथ सरकार की विकास परक जनहित योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देते हुए ग्राम चौपाल में उनकी समस्याएं सुनकर उनका मौके पर निस्तारण कर दिया।

जानकारी के अनुसार विकास खंड भरखनी की ग्राम पंचायत मुंडेर में खंड विकास अधिकारी अशोक द्विवेदी ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनको मौके पर निस्तारित कराया। ग्रामीणों द्वारा गांव में साफ-सफाई न होने की शिकायत पर बीडीओ अशोक द्विवेदी ने जल्द ही मुंडेर गांव मे सफाई कर्मी नियुक्त करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि गांव में इच्छुक व्यक्ति मनरेगा के तहत काम कर सकता काम करने का पैसा सीधे उसके खाते आएगा। बीडीओ



ने ग्रामीणों से कहा कि वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, पंचायत सहायकों के माध्यम से ऑनलाइन कराकर समाज कल्याण विभाग सूची भेजने की जानकारी दी। बीडीओ ने बताया स्पॉन्सरशिप योजना के तहत ऐसे बच्चे जिनके माता पिता या कोई एक कोरोना काल की अवधि या किसी अन्य कारण मृत्यु हो गयी है तो ऐसे निराश्रित दो बच्चों को लाभ देने के लिये सरकार ने स्पॉन्सरशिप योजना शुरू की है जिसमे लड़की को 23 बर्ष तक 25 सौ प्रति माह व लडके को 18 बर्ष की आयु तक 25 सौ रुपए प्रति माह देगी ऐसे लोग तत्काल एक अपने अभिभावक का जॉइंट अकाउंट, बच्चे का आधार कार्ड, जन्मप्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल, लेकर अपने ब्लाक से एक फार्म लेकर बाल विकास विभाग मे जमा कर दें।इस मौके पर एडीओ पंचायत, ग्राम प्रधान पंकज शुक्ला, ग्राम विकास अधिकारी, एनम, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती बुधपाल सिंह, रामप्रताप सिंह कोटेदार, शिवकात दीक्षित समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## पुलिस व आबकारी की संयुक्त टीम की छापेमारी से हड़कम्प

### निर्धारित मूल्य से अधिक रेट पर बिक्री करने पर की गयी कार्यवाही

**समाज जागरण,बी जी मिश्र**

हरदोई।जिला आबकारी अधिकारी प्रदीप दुबे ने बताया कि जनपद में अवैध मद्य निष्कर्षण एवं बिक्री के विरूद्ध प्रशासन, पुलिस व आबकारी विभाग की गठित संयुक्त टीमों द्वारा लगातार चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत औचक रूप से आबकारी दुकानों की चेकिंग, राष्ट्रीय/राज्य राजमार्गों पर स्थित संदिग्ध ढाबों, वाहनों एवं एल्कोहल व एथेनॉल तथा मिथाइल के टैंकरों की सघन चेकिंग की जा रही है। अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए अवैध मद्य निष्कर्षण की प्राप्त सूचना के आधार पर संयुक्त टीमों द्वारा शुक्रवार को सवायजपुर कोतवाली के कंजड़पुरवा, कन्धारी, थाना कोतवाली देहात में कंजड़बस्ती ओमपुरी थाना बेहटा




गोकुल में खनिगवाँ एवं कसियापुर सहित औचक दबिश में 10 छापेमारी की कार्यवाही करते हुए लगभग 80 ली0 अवैध कच्ची शराब जब्त कर तथा लगभग 250 कि०ग्रा० लहन को मौके पर ही नष्ट कर 05 अभियुक्तों के विरूद्ध 05 गिरफ्तारी करते हुए जेल भेजते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। इसके अतिरिक्त थाना बेहटा गोकुल के अर्न्तगत संचालित बीयर दुकान मानपुर में निर्धारित मूल्य से अधिक रेट (ओवर रेटिंग) पर विक्रेता बिक्री करते हुए पाया गया। विक्रेता के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओ के अर्न्तगत कार्यवाही की गयी।

## आयकर विभाग द्वारा स्रोत पर आयकर की कटौती एवं संग्रहण विषय संगोष्ठी सम्पन्न

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

हरदोई।अंतर्गत आने वाली समस्त नगर पंचायतो एवं नगर पालिका परिषदों में आयकर कटौती को लेकर जागरूकता लाने के उद्देश्य से आयकर विभाग द्वारा आज हरदोई नगर पालिका प्रांगण में स्थित कमांड सेंटर सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस बैठक को सचिन कुमार, आयकर अधिकारी (टीडीएस), सीतापुर ने संबोधित किया। इस कार्यशाला में हरदोई की समस्त नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। इस संगोष्ठी के दौरान सचिन कुमार, आयकर अधिकारी (टीडीएस), सीतापुर, ने टीडीएस के प्रावधानों की जानकारी विस्तारपूर्वक दी। उन्होंने यह बताया कि नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों द्वारा भुगतान करते समय स्रोत पर आयकर कटौती नहीं की जा रही है। जानकारी आगे बढ़ाते हुए उन्होंने बताया कि ठेकेदारों इत्यादि को एकमुश्त तीस हजार रुपये से अधिक देने पर या पूरे वित्तीय वर्ष में एक लाख रुपये से अधिक देने पर टी.डी.एस. कटौती का प्रावधान है। जिसके अनुपालन न होने की स्थिति में कटौती कर्ता के विरुद्ध पेनाल्टी का प्रावधान भी




है।

इसके अतिरिक्त यह भी देखने में आया है कि कुछ नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के द्वारा टी. डी. एस. की कटौती तो की जाती है परन्तु टी.डी. एस. का स्टेटमेंट समय से नहीं फाइल किया जाता है या काटे गये कर की राशि को सरकारी खाते में जमा नहीं किया गया। उन्होने बताया कि कटौती की गयी राशि को अगले महीने की 07 तारीख तक उचित चालान द्वारा आयकर विभाग के खाते में जमा हो जाना चाहिए, यदि राशि 07 तारीख के बाद जमा होती है तो ब्याज देयता बन जाती है। प्रत्येक तिमाही के अंत में, उसके अगले महीने की आखिरी तारीख तक टी.डी.एस. का रिटर्न कटौतीकर्ता को कटौतियों का विवरण देते हुए ई-फाइलिंग द्वारा जमा करना होता है। ऐसा न करने की दशा में आयकर अधिनियम कि धारा 201 के तहत कटौतीकर्ता के विरुद्ध जुमार्ना व व्याज देयता बनती है तथा धारा 234 के तहत 200 रुपये प्रति दिन के हिसाब से लेट फाइलिंग फीस की देयता बनती है जब तक कि टी.डी. एस. रिटर्न फाइल नहीं हो जाता। इसके अतिरिक्त संगोष्ठी में टी.डी.एस. से सम्बंधित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। समस्त नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के संबंधित अधिकारिओ से अपील की गई कि वे आयकर अधिनियम के कर कटौती संबंधी कायदे-कानून के तहत कार्य करते हुए भारत सरकार के राजस्व संग्रह में सहयोग करें। संगोष्ठी के अंत में आयकर अधिकरी ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि आयकर अधिनियमों का अनुपालन करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है इसमें किसी भी लापरवाही होने पर जुमार्ना/ब्याज के साथ-साथ अभियोजन की कार्यवाही भी की जा सकती है।

## दुग्ध सहकारी समितियों का किया जायेगा गठनः-जिलाधिकारी

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

हरदोई।जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि शासन के निदेर्शानुसार जनपद मे नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत प्रारम्भिक दुग्ध सहकारी समितियों का गठन किया जाना है। योजना के अन्तर्गत दुग्ध उत्पादकों को गाँव में ही उनके दूध के उचित मूल्य पर विक्रय की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्रारम्भिक दुग्ध सहकारी समितियों का गठन व संचालन किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे विकासखण्ड, जिनमें वित्तीय वर्ष 2023-24 में ग्राम स्तर पर दुग्ध समिति का गठन नही किया गया, में



दुग्ध समिति का गठन किया जाना है। प्रत्येक दुग्ध सहकारी समिति के गठन व संचालन पर रू0 69,000/- का व्यय तथा उक्त प्रत्येक समितियों में डाटा प्रोसेसिंग मिल्क कलेक्शन यूनिट (डी०पी०एम०सी०यू०) की स्थापना की जाएगी, जिसकी अधिकतम लागत रू0 1,50,000/- होगी। दुग्ध समिति के गठन हेतु ग्राम में कम से कम 40 दुग्ध उत्पादक/कृषक अपना दूध समिति को विक्रय करना चाहते हों तथा ग्राम में बिक्री योग्य कम से कम 70 लीटर दूध उपलब्ध हो, ऐसे ग्रामों का ही चयन किया जाएगा। डेयरी समिति के गठन का कार्यान्वयन एवं निगरानी पी०सी०डी०एफ०लि० द्वारा की जायेगी। मुख्यालय स्तर पर किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत समितियों का गठन के नाम से अलग बैंक खाता खोला जाएगा, जिसका संचालन प्रबन्ध निदेशक, पी०सी०डी०एफ०लि० द्वारा किया जाएगा। दुग्ध समिति/दुग्ध संघ को प्रबन्ध निदेशक, पी०सी०डी०एफ०लि० द्वारा दुग्ध समिति के गठन एवं रांचालन हेतु आवश्यकतानुसार धनराशि डी०वी०टी० के माध्यम से अवमुक्त की जाएगी। प्रबन्ध निदेशक, पी०सी०डी०एफ०लि० द्वारा बैंक खाते में अर्जित व्याज की धनराशि मिशन निदेशक, नन्द बाबा दुग्ध मिशन को वापस की जाएगी। पी०सी०डी०एफ०लि० द्वारा दुग्ध समितियों के गठन एवं संचालन की मासिक प्रगति आख्या मिशन निदेशक, नन्द बाबा दुग्ध मिशन को उपलब्ध करायी जाएगी। पी०सी०डी०एफ०लि० द्वारा उपलब्ध करायी गयी कार्ययोजना में दुग्ध समितियों के गठन हेतु जनपदवार लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं। उपलब्ध करायी गयी उक्त कार्ययोजना के क्रम में शासन द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु अधिक से अधिक दुग्ध समितियों का गठन किया जायेगा।

## बिना रजिस्ट्रेशन अबैध रूप से क्षेत्र में चल रहे क्लीनिक

### अप्रशिक्षित डॉक्टरों के हवाले भोलेभाले लोगो की जिंदगी

**दैनिक समाज जागरण,अभय तिवारी**

अरवल,हरदोई। थाना क्षेत्र के बेड़ीजोर में बिना मानक और बिना रजिस्ट्रेशन के झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार है। इनके पास न तो कोई डिग्री है और न ही डॉक्टरी का सही ज्ञान जिसके चलते कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

आपको बता दें अरवल थाना क्षेत्र के बेड़ीजोर में एक - दो नहीं बल्कि कई बिना रजिस्ट्रेशन के प्राइवेट क्लिनिक हैं, जिनमें इलाज करने वाले डॉक्टरों के पास न तो



कोई डिग्री है और न ही कोई अनुभव। बीते महीने में करीब दो - तीन मरीजों को उचित समय पर उचित इलाज न मिलने पर अपने प्राण देकर कीमत चुकानी पड़ी। यहां तक कि बिना किसी डिग्री के झोलाछाप छोटी - मोटी सर्जरी भी कर देते हैं। इन झोलाछाप डॉक्टरों को गलत या सही से कोई मतलब नहीं है इन्हें सिर्फ मोटा पैसा कमाना है।

## बिना पंजीयन अबैध रूप से संचालित पैथालॉजी कर रहे आर्थिक शोषण

### अप्रशिक्षित युवकों द्वारा सेम्पिल की हो रही जांच

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

हरदोई।हरपालपुर कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में अबैध रूप से अप्रशिक्षित डॉक्टरों द्वारा क्लीनिकों के संचालन की भले ही शिकायते आम हो लेकिन लोगो की जिंदगी से खिलवाड़ करने में असली भूमिका तो अप्रशिक्षित पैथालॉजी लैब पर काम करने बाले युवकों की होती है।जिससे उनकी जांच रिपोर्ट के आधार पर मरीज को मर्ज के मुताबिक इलाज न मिल पाना जीवन के लिए खतरा बन जाता है।

जानकारी के अनुसार सरकार भले ही बिना लाइसेंस मानक विहीन चल रही अबैध क्लीनिकों पर कार्यवाई का फरमान जारी कर रही हो लेकिन हरपालपुर कस्बे में आधा दर्जन पैथालॉजी लैब भोले भाले मरीजों का आर्थिक शोषण करने से बाज नही आ रहे है।सरकारी अस्पताल में पहुंचकर यह जांच के लिए मरीजों का सेम्पिल लेकर उन्हें गुमराह करने का काम कर रहे है।सरकारी अस्पताल में जब जांच की सुविधा एक प्रशिक्षित एलटी द्वारा उपलब्ध है तो फिर यहां तैनात डॉक्टर मरीजों की बाहर पैथालॉजी की हुई जांच रिपोर्ट क्यो मानकर दवाएं लिखते है।मसलन इस मामले में कुछ तो दाल में काला जरूर होगा।कमीशन के खेल में बिना पंजीयन अबैध रूप से संचालित इन पैथालॉजी सेंटरो पर आखिरकार कब कार्यवाई होगी।सीएचसी को जाने बाले मुख्य मार्ग पर स्थित इन पैथालॉजी लैब पर आखिरकार जिम्मेदारों की नजर क्यो नही पहुंच पा रही है। बिना पंजीयन व अप्रशिक्षित लोगो द्वारा जांच के नाम पर भारी भरकम रकम लेकर दी जा रही रिपोर्ट पर एलटी के फर्जी हस्ताक्षर होते है।साथ ही इनकी रिपोर्ट पर ही मरीज को दवाएं दी जाती है।अगर रिपोर्ट गलत है तो दवाएं भी उसी गलत रिपोर्ट के अनुसार मिलेंगी जिससे मरीजों की जिंदगी और सेहत से हो रहे खिलवाड़ का जिम्मेदार आखिरकार कौन होगा।

## कुलदीप विश्व हिंदू महासंघ के जिला महामंत्री बने

**दैनिक समाज जागरण**

शाहाबाद, हरदोई। कस्बा निवासी कुलदीप त्रिपाठी को विश्व हिंदू महासंघ का दोबारा जिला महामंत्री मनोनित किया गया है। ज्ञात हो पिछले माह की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू महासंघ ने सभी कार्यकारिणी को भंग कर दिया था। काफी मंथन के पश्चात हरदोई का जिम्मा संजीव अग्निहोत्री को दिया गया।जिला महामंत्री श्री त्रिपाठी ने बताया राष्ट्रीय नेतृत्व ने दोबारा विश्वास जताकर बड़ी जिम्मेदारी दी है। विश्व हिंदू महासंघ का गठन प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया था। वह संरक्षक के रूप में कार्यरत हैं। जल्द ही जनपद की सभी तहसीलों में हिंदू महासंघ की कार्यकारिणी का गठन कर लिया जाएगा। गोरक्षा से लेकर हिंदुओं के मान सम्मान के लिए महासंघ हमेशा सबके सुख दुख में भागीदार बनता रहा है और आगे भी रहेगा।

### मामला तूल पकड़ने पर डीएम ने डीडीओ को सौंपी जांच

## सीडीपीओ का रिश्वत लेते वीडियो वायरल

### वायरल बीडीओ में आंगनवाड़ी सहायिका से 500 के कई नोट लेते हुए दिखा

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

हरदोई। बाल विकास पुष्टाहार विभाग में रिश्वत लेने और देने का खुला खेल चल रहा है। सोशल मीडिया पर रिश्वत लेने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें पिहानी में तैनात सीडीपीओ आंगनबाड़ी सहायिका से 500 के नोटों की रिश्वत लेते हुए दिखाई दे रहीं हैं। मामले में डीएम एमपी सिंह ने जांच करा कर कार्रवाई की बात कही है। हरदोई के पिहानी ब्लॉक में सीडीपीओ के रिश्वत लेने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें सलवार सूट पहने सामने खड़ी महिला सीडीपीओ बताई जा रही है, वही अपने हाथ में रुपये लेते हुए हंस कर तारीख के बारे में बोल रही है। दूसरी ओर वीडियो में नजर नहीं आने वाली आंगनबाड़ी





सहायिका बताई गई है। वही अपने हाथ से सीडीपीओ को 500- 500 के नोट दे रही है। इसी दौरान किसी ने उसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो 19सितंबर का बताया जा रहा है। आरोप है कि सीडीपीओ ने रिश्वत के तौर पर 20हजार रुपये लिए है। वीडियो वायरल होते ही बाल विकास पुष्टाहार विभाग में हड़कंप मच गया है।

डीएम एमपी सिंह ने मामले की गहनता से जांच करा कर कार्रवाई की बात कही है। उन्होंने रिश्वत लेते हुए सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो की जांच डीडीओ को सौंपी है। जांच का ज़िम्मा मिलते ही डीडीओ ने मामले से जुड़े हर एक पहलू को खंगालना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ जांच कर रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

## पुलिस ने चोरियों का नहीं किया खुलासा,एसपी से खुलासे की उठाई मांग

**दैनिक समाज जागरण कमलेश कुमार**

मल्लावां ,हरदोई। क्षेत्र से लेकर कस्बे में लगातार हुई कई चोरियो की घटनाओं से नगर वासियों में दहशत व्याप्त है।लेकिन पुलिस की कार्यशैली पर लोगों के सवालिया निशान उठ रहे हैं। पुलिस के द्वारा चोरो को संरक्षण देने का काम कर रही है। और पुलिस चोरियो का खुलासा करने में नाकाम साबित हो रही है। जिससे नगर वासियों व क्षेत्र के लोगो में रोष व्याप्त है।पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक से लापरवाही बरतने वाले पुलिसवालों पर कार्रवाई और खुलासे की मांग की है। जबकि चोरिया का सीसीटीवी भी सामने आया है।

आप को बतादे कई माह पूर्व क्षेत्र से लेकर कस्बे के छोटे चौराहे पर दो सप्ताह पूर्व ज्वेलर्स और चिकित्सा,मेडिकल स्टोर संचालक के घर से लाखों की चोरी में गौरी ज्वेलर्स की दुकान संचालक महेश सोनी निवासी बाजीगंज ने बताया कि अज्ञात चोर दुकान के पीछे लगे दरवाजे को तोड़कर दुकान में घुसकर तिजोरी को तोड़कर करीब एक किलो चांदी के नए पुराने आभूषण और करीब 12 ग्राम सोने के आभूषण सहित 4 हजार की नगदी चोरी कर ले गए।उसी रात्रि में दूसरी घटना पास में ही मेडिकल स्टोर संचालक बलराम वर्मा का घर है। उन्होंने बताया कि मकान के पीछे से घुसकर मकान में खडी टीवीएस कम्पनी की राइडर बाइक चोरी कर ले गए। तीसरी घटना भगवन्तनगर निवासी डॉ राम प्रकाश के क्लीनिक में पीछे से लेट्रिन से घुसकर कमरों में पड़े तालों को तोड़कर करीब एक घंटे तक खंगालते रहे। गोलक से चुरा ले गए।

चोर का हुलिया क्लीनिक में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। चोर कैसे चोरी कर रहे सीसीटीवी कैमरे में साफ देखने को मिला। लेकिन कस्बा इंचार्ज की कमाऊ नीति के आगे चोरों के हौसले बुलंद हैं। और चोरों द्वारा चोरी की घटनाओं को लगातार करने में सफल हो रहे हैं। सीसीटीवी कैमरे में साफ तौर पर दिखाई दे रहा की चोर द्वारा चोरी की जा रही है लेकिन पुलिस उसको गिरफ्तार नहीं कर पाई है। चोरी की घटनाओं को अंजाम देने में चोरों के हौसले बुलंद हैं। वही नगर में लगातार हो रही बाइक चोरी मोबाइल चोरी की घटनाओं से नगरवासियों में भय व्याप्त है। पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि उनके घरों में हुई चोरियों का खुलासा जल्द किया जाए।वही कस्बा इंचार्ज विजेंद्र पासवान की कार्यशैली पर सवालिया निशान उठ रहे हैं। उनके द्वारा केवल मात्र चोरों से वसूली करने का काम किया जा रहा है। तेंदुआ गांव से एक सप्ताह पूर्व चोरी हुए मोबाइल की घटना में उपनिरीक्षक विजेंद्र पासवान ने कई लोगों को उठाया जिसमें दो लोगों को छोड़कर एक को कोतवाली में बैठाया।

इस मामले में मेडिकल संचालक बलराम वर्मा ने बताया कि जांच कर्ता विजेंद्र पासवान की लापरवाही के चलते खुलासा नहीं हो पा रहा है। जबकि कई बार प्रभावी निरीक्षक को जांच बदलने के लिए कहा लेकिन किसी की नही सुनी गई।जल्द खुलासा न हुआ तो पुलिस अधीक्षक से मिलकर कार्रवाई की मांग करेंगे।

## अमृत कलश में एकत्र मिट्टी और अक्षत ब्लॉक पहुंचाया गया

**दैनिक समाज जागरण**

शाहाबाद,हरदोई। देश में चल रहे मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधान प्रतिनिधि ने पूरे गांव में भ्रमण कर हर घर से मिट्टी और चावल का संग्रह कर अमृत कलश को ब्लॉक मुख्यालय तक पहुंचाया मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लाक के ग्राम लोनी के प्रधान व उनके प्रतिनिधि राम प्रताप पाल ने अपने साथियों के सहित गाजे बाजे के साथ पूरे गांव में घर घर भ्रमण किया और शहीदों को नमन करते हुए अमृत कलश में मिट्टी और अक्षत का संकलन किया। गांव से कलश यात्रा लेकर ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर वीर शहीदों को एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धा सुमन अर्पित



किए। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री के आवाहन पर पूरे देश में चलाए जा रहे इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने का सौभाग्य ग्राम पंचायत लोनी को भी मिला है। यह हम सभी ग्राम वासियों के लिए गौरव की बात है।

## उच्च शिक्षा मंत्री ने क्षेत्र की जनता से किया सीधा संवाद

**दैनिक समाज जागरण,रामप्रकाश राठौर**

शाहाबाद, हरदोई। शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक और प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने ग्राम पंचायत सिमौर में जनता से रूबरू होकर सीधे संवाद किया और कुशल क्षेम पूछने के बाद उनकी समस्याएं सुनी और उनका निस्तारण किया। इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री ने प्रदेश और केंद्र सरकार की तमाम उपलब्धियां भी गिनाई। उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ग्राम पंचायत सिमौर पहुंची यहां पर उन्होंने जनता से सीधे संवाद किया। महिलाओं से गले मिलकर उनका हाल-चाल लिया और उनकी समस्याओं का निराकरण किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया और उनका लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं से कहा सरकार की जनहित कारी योजनाओं के बारे में लोगों को समझाएं और उनका लाभ उठाने के लिए अपील करें । उन्होंने क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों का हवाला भी दिया। उन्होंने कहा डबल इंजन की सरकार बिना भेदभाव के सभी लोगों को विकास के पथ पर ले जाने का कार्य कर रही है । बिना भेदभाव के विकास के कार्य किए जा रहे हैं। पहले की सरकारों में जाति और धर्म के आधार पर विकास कार्य किए जाते थे लेकिन भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास के नारे के आधार पर काम कर रही है। राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के प्रति जागरूक किया एवं उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। ततपश्चात प्राइमरी पाठशाला का निरीक्षण किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख पिहानी कुशी बाजपेयी, एसडीएम सुश्री पूनम भास्कर, बीडीओ, अधिसाशी अभियंता विद्युत, अन्य अधिकारीगण, ग्राम प्रधान कमल देवी, पार्टी कार्यकर्ता व गणमान्यजन उपस्थित रहे।



# जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट का औचक निरीक्षणकर दिये गए दिशा निर्देश

उरई(जालौन) ।जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट का औचक निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने राजस्व अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान अभिलेख जमीन पर रखे मिलने पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुये निर्देशित किया कि एक सप्ताह के अन्दर रैक लगवाकर अभिलेखों का रख-रखाव व्यवस्थित ढंग से रखना सुनिश्चित करें। उन्होने चकबन्दी बन्दोबस्त अभिलेख, संग्रह अनुभाग, दैवीय आपदा, सहायक महानिरीक्षक निबंधन/सहायक उपायुक्त स्टाम्प, औषधि निरीक्षक व नजारत अनुभाग आदि का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को अभिलेखों को व्यवस्थित ढंग से रख रखाव किया जाये, साथ ही समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अपने कार्यालय में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था रहे, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। उन्होने सहायक उपायुक्त स्टाम्प कार्यालय में फाइलों का रख रखाव व गन्दगी देख नाराजगी व्यक्त की, साथ ही निर्देशित करते हुये कहा कि फाइलों का रख



रखाव व सफाई व्यवस्था अपने दैनिक जीवनचर्या में उतारे और साफ-सफाई में विशेष ध्यान दे। इसी प्रकार औषधि निरीक्षक कार्यालय में साफ-सफाई का अभाव मिला व नाम पट्टिका न मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होने नाजिर को निर्देशित करते हुये कहा कि कलेक्ट्रेट परिसर की साफ-सफाई प्रतिदिन करायी जाये, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही व उदासीनता बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को बिना किसी भेदभाव के लाभान्वित करें।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, नगर मजिस्ट्रेट अरूण कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# मदारीपुर में उरई औरैया स्टेट हाईवे के चौराहे पर तेज रफ्तार के कारण आए दिन हो रही है दुर्घटनाएं,

कुठौद जालौन, कुठौंद ब्लॉक क्षेत्र के कस्बा मदारीपुर में तेज रफ्तार ट्रिक निकलने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बा मदारीपुर के चौराहे पर आए दिन तेज रफ्तार से वाहन निकालने के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं चौराहे पर उपस्थित दुकानदार उमाशंकर श्रीवास्तव, पंकज गुप्ता, जितेंद्र दीक्षित, भारत सिंह, कपिल गुप्ता, आदि ने बताया की मदारीपुर चौराहे पर ब्रेकर ना होने के कारण तेजी से बाहन निकलते हैं और बताया की चौराहे पर गोवंशों का जमावड़ा रहता है तथा आटो बाले बीच सड़क पर ऑटो खड़ी कर लेते हैं जिसके



कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं चौराहे पर उपस्थित दुकानदारो ने कहा कि चौराहे पर ब्रेकर बनना बहुत जरूरी है मदारीपुर बाजार करने आए क्षेत्रीय ग्रामीणों ने भी ब्रेकर बनवाने की मांग उठाई और कहां ब्रेकर बनने से हो रही दुर्घटनाएं नहीं होगी

# अधीक्षण अभियंता मनीष दुबेदी ने अभियान के तहत लोगों के बिल और मीटर किये चेक

कुठौंद जालौन, बिजली विभाग आपके द्वार योजना के अंतर्गत शनिवार को शक्ति भवन लखनऊ से आए अधीक्षण अभियंता मनीष दुबेदी, एकशियन महेंद्र नाथ भारती एसडीओ अखिलेश यादव के साथ सिरसा कलार बाजार का भ्रमण कर उपभोक्ताओं की समस्या को सुना साथ ही उपभोक्ताओं के मीटर उनके बिजली बिल भी चेक किया इस दौरान विद्युत व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए उपभोक्ताओं की मणिकरण बिलिंग तथा राज्य संग्रह में आ रही समस्याओं के समाधान को अभियान चलाया गया उन्होंने उपभोक्ताओं को जागरुक



करते हुए कहा कि मीटर बिजली बिल नए कनेक्शन बिजली संबंधित किसी भी समस्या को लेकर जो दिक्कत है उसका समाधान बिजली विभाग द्वारा आपके द्वार पर पहुंचकर ही कर दिया जाएगा आरडीएस योजना से बदली जाएगी जर्जर लाइन खम्मे भी लगाए जाएंगे इस मौके पर जेइ नवनीत अग्रवाल लाईनमैनों में कमलाकांत रोहित मिश्रा सोनू शर्मा बालवीर प्रदीप सभी मोहम्मद आदि लोग मौजूद रहे

# बकहो को मिला पानी टैंकर, ट्रैक्टर एवं जनरेटर, नागरिकों को मिलेगी सुविधा

शहडोल । शहडोल जिले की नगर परिषद बकहो मे जल की समस्या को देखते हुए 3 नग पानी का टैंकर,1 नग ट्रैक्टर और लाइट जाने के कारण वॉटर सप्लाई बंद ना हो उसके समाधान में जेनरेटर (डी॰ जी॰) की व्यवस्था हो चुकी है। जनहित के लिए इन सभी सुविधाओं के मुहैया होने से नागरिकों को परेशानी से निजात भी मिलेगी। क्षेत्र के नागरिकों ने नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती मौसमी केवट ,वैभव विक्रम सिंहउपाध्यक्ष



नगर परिषद बकहो आदि का आभार व्यक्त किया है।

# ढोलर पंचायत में विकास कार्यों की कमी

शहडोल। जनपद पंचायत जयसिंहनगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत ढोलर में विकास कार्यों की कमी दिखाई दे रही है जिसके कारण ग्रामीणों को पंचायत के जनप्रतिनिधियों के असंतोष देखा जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि यदि चालू पंचायत कार्यकाल में हुए विकास कार्यों की बात की जाए तो नतीजा संतोष जनक के अलावा कुछ नहीं निकलेगा। पंचायत में शासकीय प्रदत राशियों का दुरुपयोग किए जाने की खबर है और जिन पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए उन्हें नहीं मिल पा रहा है और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त व्यक्तियों के चहेते को ही योजनाओं का लाभ मिल रहा है। कई ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इस पंचायत में इन दोनों सिर्फ नेतागिरी ही हो रही है और ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान है।

## भारत को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एशिया-पैसिफिक इंस्टीट्यूट फॉर ब्रॉडकास्टिंग डेवलपमेंट (एआईबीडी) के अध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया

भारत एक अभूतपूर्व विकास के तौर पर 2018-2021 और 2021-2023 तक पहले ही एशिया-पैसिफिक इंस्टीट्यूट फॉर ब्रॉडकास्टिंग डेवलपमेंट (एआईबीडी) जनरल कॉन्फ्रेंस (जीसी) के अध्यक्ष के रूप में दो कार्यकाल पूर्ण कर चुका है। भारत को इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संगठन का नेतृत्व करने के लिए लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एआईबीडी जीसी के अध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 50 वर्ष पुराने संगठन एआईबीडी के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है और यह पूरे एशिया-प्रशांत और प्रसारण संगठनों के आत्मविश्वास को भी दशार्ता है। उन्होंने कहा कि दुनिया भारत पर विश्वास जता रही है कि भारत प्रसारण को एक नवीन आयाम प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त करने के अलावा इस दिशा में नेतृत्व प्रदान कर सकता है।

एआईबीडी, यूनेस्को के तत्वावधान में 1977 में स्थापित एक विशिष्ट क्षेत्रीय अंतर-सरकारी संगठन है। इस संगठन में वर्तमान में 44 देशों के 92 सदस्य संगठन हैं, जिनमें 26 सरकारी सदस्य (देश) शामिल हैं, जिनका प्रतिनिधित्व 48 प्रसारण प्राधिकरण और प्रसारक एवं 44 सहयोगी (संगठन) करते हैं। इनमें एशिया, प्रशांत, यूरोप, अफ्रीका, अरब राज्यों और उत्तरी अमेरिका के 28 देशों और क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व है। भारत एआईबीडी के संस्थापक सदस्यों में से एक है और भारत का सार्वजनिक सेवा प्रसारक, प्रसार भारती एआईबीडी में भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय का एक प्रतिनिधि निकाय है।

एशिया-पैसिफिक इंस्टीट्यूट फॉर ब्रॉडकास्टिंग डेवलपमेंट (एआईबीडी) के 21वें आम सम्मेलन और इससे संबद्ध बैठकें 2023 (जीसी 2023) की अध्यक्षता एआईबीडी के अध्यक्ष और प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री गौरव द्विवेदी ने की और इसका समापन 02-04 अक्टूबर, 2023 को मॉरीशस के पोर्ट लुइस में सफलतापूर्वक हुआ। दो दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य नीति और संसाधन विकास के माध्यम से एशिया-प्रशांत क्षेत्र में एक जीवंत और सामंजस्यपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक मीडिया वातावरण बनाना है।

एक अंतरराष्ट्रीय प्रसारण संस्थान में इस तरह के प्रतिष्ठित पद पर रहना न केवल भारत और प्रसार भारती के प्रति अंतरराष्ट्रीय मीडिया के मजबूत भरोसे को दशार्ता है,

# शहडोल एवं रीवा संभाग की 30 सीटों में सिर्फ 2 महिला विधायक

### *50 प्रतिशत महिलाओं को टिकट की उठी मांग*

यू तो घर से लेकर बाहर तक महिलाएं हर मल्टीनेशनल कंपनी की सीईओ जैसे आधी आबादी को सशक्त बनाना, जिससे महत्वपूर्ण पदों पर शोभायमान है या कोई बड़ी सामाजिक कार्यकर्ता या फिर कोई सेलिब्रेटीजबकि समाज के सवार्गीण विकास के लिए महिला सशक्तिकरण बहुत जरूरी है। लेकिन रीवा एवं शहडोल संभाग में विधानसभा की 30 सीट है और वर्ष 2018 में भारतीय जनता पार्टी की सिर्फ दो महिला विधायक निर्वाचित हुई जबकि महिलाओं को 50% आरक्षण की बात कही जाती है लेकिन दोनों संभागों में 50% तो क्या एक चौथाई भी सीट में महिलाओं को टिकट नहीं दिया गया।

**शहडोल**

हर क्षेत्र में महिलाओं को आगे लाने व उनके सशक्तिकरण को भले ही बड़ी-बड़ी बातें राजनैतिक दलों द्वारा की जाती हों, लेकिन जब महिलाओं को आगे लाने की बात होती है तो सभी राजनैतिक दलों के हाथ तंग हो जाते हैं। चाहे वह चुनाव में टिकट देने का मामला हो या फिर संगठन में पद देने का ।इस मामले में सबसे कंजूस राजनैतिक दल भाजपा है। पिछले चुनाव में राजनैतिक दलों द्वारा संभाग में बात की जाए तो भारतीय जनता पार्टी ने रीवा एवं शहडोल संभाग में 2 सीट पर महिलाओं को उतारा था। जबकि दोनों संभाग में विधानसभा की 30सीट है।

बेहतर आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं. सशक्त महिलाएं अपने परिवारों, समुदायों और अर्थव्यवस्था में योगदान करने की अधिक संभावना रखती हैं।

**महिला उम्मीदवार को कब मिलेगा मौका?**

वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में यदि जिले में भाजपा, कांग्रेस जैसे प्रमुख राजनैतिक दलों द्वारा चुनावी मैदान में उतारी गई महिलाओं की बात करें तो रीवा एवं शहडोल संभाग में 30विधानसभा सीटें हैं जिनमें उमरिया एवं शहडोल, सतना जिले की एक सीट छोड़कर अनूपपुर, सीधी ,रीवा, एवं सिंगरौली जिले में महिलाओं को भाजपा व कांग्रेस ने टिकट देने से महरूम कर दिया। जबकि इन जगहों पर महिला नेत्रियों के द्वारा लगातार अपनी दावेदारी अपने-अपने दल में पेश की जा रही थी किंतु संगठन ने सिरे से नकारा जिसके फलतः विधायक बनने का मौका उन नेत्रियों को नहीं मिला है।

**शहडोल संभाग में दमदार मौजूदगी**

यदि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं की सेकंड लाइन टिकट देने की मंशा जाहिर करती है एवं महिलाओं को टिकट देने की बात करती है तो शहडोल जिले की जयसिंहनगर एवं जैतपुर विधानसभा सीट पर महिलाओं पर दांव लगा सकती है। भाजपा सूत्रों की माने तो उमरिया जिले की मानपुर विधानसभा सीट में मीना सिंह को टिकट देने की प्रबल संभावना है और उनका नाम लगभग फाइनल भी हो चुका है अनूपपुर, रीवा , सतना जिले से महिलाओं की दावेदारी कम ही दिखाई दे रही है। अभी हाल ही में सीधी विधानसभा सीट से सांसद रीती पाठक को टिकट प्रदान की गई है।

**विधायक जय सिंह मरावी पर टिका है महिलाओं का राजनीतिक भविष्य**

आने वाले विधानसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी में महिला प्रत्याशी पर भरोसा किया तो महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण निर्णय होगा । शहडोल जिले के जयसिंहनगर विधानसभा सीट से विधायक जय सिंह मरावी पर जिले की दो विधानसभा सीट में महिला दावेदारों का राजनीतिक भविष्य टिका हुआ है। यदि उन्हें जय सिंह नगर विधानसभा सीट से दोबारा मौका नहीं दिया जाता है तो इस विधानसभा सीट से महिलाओं को मौका मिल सकता है वहीं दूसरी ओर जैतपुर विधानसभा सीट से भी जय सिंह को मौका दिया जाता है तो उस विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं की दावेदारी पर विराम लग सकता है और यदि लंबे समय से विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ चुके और विजेता रहे जय सिंह को मौका इस बार नहीं दिया जाता है तो शहडोल जिले की दोनों विधानसभा सीट में महिलाओं की दावेदारी प्रबल हो



सकती है । इस तरह यह कहा जा सकता है कि पूरा का पूरा दरोगमदार जय सिंह मरावी पर ही टिका हुआ है। शहडोल जिले की इन दोनों विधानसभा सीटों में भारतीय जनता पार्टी से महिला दावेदार का नाम चचाओं में है और वह प्रमुखता से टिकट की मांग भी कर रही हैं। जयसिंह नगर विधानसभा सीट केभाजपा कार्यकताओं का कहना भी है कि भारतीय जनता पार्टी के मूल कार्यकर्ता को टिकट प्रदान किया जाए। इस विधानसभा सीट से महिलाओं में भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री श्रीमती संचित सरवटे एवं श्रीमती फूलमती सिंह जिला पंचायत उपाध्यक्ष शहडोल प्रबल दावेदार बताई जा रही है। जैतपुर में बाहरी प्रत्याशी के विरोध में जनता जिले की जैतपुर विधानसभा क्षेत्र जो कि अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है और इस सीट से बाहरी प्रत्याशी को टिकट देने की चचाएं सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यम से हो रही है जिसका विरोध भी विधानसभा क्षेत्र का एक बड़ा वर्ग कर रहा है। विधानसभा क्षेत्र के लोगों का कहना है कि इस विधानसभा सीट से स्थानीय प्रत्याशी को ही टिकट दी जाए और हमें किसी भी कीमत में बाहरी प्रत्याशी बर्दाश्त नहीं होगा। क्या आजीविका मिशन एवं स्व सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को मिलेगा मौका जहां एक ओर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आजीविका मिशन एवं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की भागीदारी राजनीतिक क्षेत्र में देने की बात गंभीरता से कहीं जा रही है और उनके लालपुर बुढ़ार में आयोजित कार्यक्रम में आजीविका मिशन एवं स्व सहायता समूह की महिला सदस्यों ने उनसे चर्चा भी की और जिला पंचायत शहडोल की उपाध्यक्ष फूलमती सिंह एवं जिला पंचायत सदस्य रामवती सिंह गुड्डी को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करने का अवसर मिला और उन्होंने अपनी बातों को बेबाक तरीके से प्रधानमंत्री से रखा भी। प्रधानमंत्री के अलावा प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी पूरे प्रदेश में आयोजित कार्यक्रमों में महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र में भी भागीदारी देने के बात से नहीं थकते हैं । ऐसे में अब यह देखना है कि भाजपा का केंद्रीय एवं प्रदेश संगठन विधानसभा सीट के लिए आजीविका मिशन एवं स्व सहायता समूह से जुड़ी हुई महिलाओं को कितने सीट पर प्रतिनिधित्व देती है। हालांकि नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराते हुए नेतृत्व महिलाओं को दी जा रही है ।तो विधानसभा चुनाव में भी प्रत्येक जिले में विधानसभा सीट से आरक्षण दिया जाए। शहडोल एवं रीवा संभाग में ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि उमरिया एवं सिंगरौली जिले के अलावा शहडोल जिले में भी महिलाओं को विधानसभा सीट पर मौका दिया जा सकता है। बहरहाल दोनों प्रमुख राजनीतिक दल से महिलाएं टिकट की मांग कर रही है।

# विश्व पटल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बढ़ाया भारत का मानः संतोष

कोटा।.देश ने पहली बार देखा ऐसा प्रधानमंत्री जिसने गरीबों और वंचितों को न सिर्फ पक्का घर दिया, बल्कि उन परिवारों का वर्तमान एवं भविष्य भी सुरक्षित किया। गाँव गरीब किसान, छात्रों,बेरोजगारों सहित सभी के हितार्थ महत्वपूर्ण कार्य किये जा रहे है। अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन स्तर उन्नत करने हेतु केंद्र की भाजपा सरकार दृढ़ संकल्पित है। जिसकी गवाह सरकार की हितग्राही मूलक योजनाएं है।

कांग्रेस ने लंबे कालखंड तक देश में शासन किया किन्तु काग्रेश के एजेंडे में कभी राष्ट्र और गरीब कल्याण था ही नही यही कारण था कि गरीब और गरीब होता चला गया। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य संतोष तिवारी ने बताया कि सत्ता में रहते हुए काग्रेश गरीबो,किसानों के हितार्थ कुछ करने की इक्छा शक्ति दिखाई ही नही अर्थात काग्रेश सिर्फ वोटबैंक की राजनीति करती थी आमजन के हित से काग्रेश को कोई लेना देना था नही। काग्रेश टेक्नोलॉजी में भी घोटाले करने का कार्य किया था। कांग्रेस ने 2G के नाम पर सिर्फ घोटाला किया, मोदी सरकार में 5G सर्विस के जरिये देश के लोगों को हाई स्पीड इंटरनेट मिल रहा है ।कांग्रेस शासन के दौरान भारतीय रेल की खस्ता हालत थी मोदी सरकार ने देश को दी हाई स्पीड वंदे भारत। जब कुछ करने का इरादा हो तो सफलता अवश्य मिलती है। दृढ़ इच्छाशक्ति ही संकल्पों को सिद्ध करती है। काग्रेश सरकार के समय रेल और रेल्वे कि हालत क्या थी आपने देखा ही है। और मोदी जी के आने के बाद रेल्वे का जो काया पलट हुआ है वह भी आपके सामने है ।भाजपा की सरकार केंद्र में होने से जहां भारत की सीमाएं सुरक्षित हुई है। सेना का मनोबल बढ़ा है सेना का आधुनिकीकरण किया गया है। अच्छे हथियारों से सेना को सुसज्जित किया गया है। यही कारण है कि विश्व की सेनाओं में हमारी सेना अब्बल है। कांग्रेस शासन के दौरान देश में बार-बार होते थे आतंकी हमले, मोदी सरकार में भारत दुश्मनों को दे रहा है मुंहतोड़ जवाब। सर्जिकल स्ट्राइक जिसका जीवांत उदाहरण है। स्वच्छ भारत यह कोई नारा नही बल्कि भाजपा सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति को प्रदर्शित करता धेय बाक्य है। कांग्रेस शासन में लोग खुले में शौच के लिए थे मजबूर, मोदी सरकार में खुले में शौच मुक्त हुआ भारत। इस हेतु योजना बनाकर उसका सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया तब जाकर कही विशाल राष्ट्र भारत में यह मुकाम हासिल हुआ है। आजादी के बाद भी ग्रामीण भारत का विद्युतीकरण पूर्ण नही किया गया था सौभाग्य योजना बनाकर आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने 18 हजार ग्रामो का विद्युतीकरण किया। कांग्रेस ने सिर्फ कोयला घोटाला किया, जबकि मोदी सरकार ने देश का 100% विद्युतीकरण किया।

चिकित्सा और स्वास्थ्य के छेत्रो में भी भारत की उन्नति विश्व पटल पर भारत का मान बढ़ाती है। कांग्रेस शासन के दौरान देश को पोलियो की वैक्सीन मिलने में 40 वर्ष लगे, जबकि मोदी सरकार के दौरान मात्र 1 साल में भारत को मिली स्वदेशी कोरोना वैक्सीन ।कांग्रेस ने अपने दशकों के शासन के दौरान देश को मात्र दो AIIMS, दिए थे। मोदी सरकार के मात्र 9 वर्ष में भारत में 20 से अधिक AIIMS.कार्य कर रहे है। कांग्रेस सरकार हर घर नल से स्वच्छ जल देने में विफल रही, मोदी सरकार में जल जीवन मिशन के जरिए हर घर पहुंचा नल से पीने का शुद्ध जल। यह है नव भारत की ताकत यह है आदरणीय मतदाता मालिको को एक एक मत की ताकत जो असहाय हो रहे भारत को विश्व शक्ति के रूप में प्रतिश्ठित कर रहा है। आज पूरी दुनिया भारत का मान सम्मान कर रही है। 11 देशों ने अपना सर्वोच्च सम्मान प्रधानमंत्री श्री मोदी जी को दिया, लेकिन कांग्रेस में आज भी अंग्रेजों के गुण हैं और वे अपने दोहरे चरित्र के कारण भारत के मान बिंदुओं पर अघात करते हैं। राहुल गांधी जब भी विदेश जाते हैं तब भारत को अपमानित करते हैं। कमलनाथ भारत को महान नहीं बदनाम बताते हैं। तिवारी ने कहा कि देश की भूपेश सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार में ली है और प्रदेश में कांग्रेस के कार्यकाल में जनता जनार्दन परेशान हो चुकी है और इस बार प्रदेश में सरकार बदलबो का नारा भी बुलंद हो चुका है।

परिवर्तन शंखनाद यात्रा को मिले जन समर्थन से स्पस्ट है कि छत्तीसगढ़ मेंभाजपा बहुमत की सरकार बनाएगी। प्रदेश के प्रत्येक बूथों से शामिल कार्यकर्ताओ की ऊर्जा और उनका जुनून भाजपा के विजयश्री का शंखनाद कर रहा है।

## समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव बनाये जाने के बाद बेल्थरा रोड़ विधानसभा में प्रथम आगमन।

**आशु खरवार समाज जागरण जिला संवाददाता बलिया**

रसडा.(बलिया)। विधानसभा क्षेत्र के नगरा चौराहे पर गुरुवार के दोपहर डॉ संतोष कुमार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव बनाए जाने पर बलिया प्रथम आगमन पर कार्यकताओं ने फूल माला व डीज़े बजाकर स्वागत किया



गया। डॉ संतोष कुमार ने कहा कि बिहार के तर्ज पर यूपी में भी जातीय जनगणना होनी चाहिए ताकि संख्याबल के हिसाब से सभी का विकास हो सके। उन्होंने राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि देश की वर्तमान राजनीति खतरनाक दौर से गुजर रहा है। वर्तमान बीजेपी सरकार पूरी तरह से तानाशाही रवैया में है। नगरा से बेल्थरा रोड जयसवाल धर्मशाला रामलीला मैदान में समापन किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव, ब्लॉक प्रमुख आदित्य गर्ग, प्रधान संघ अध्यक्ष अभय कुमार कौशल, शमशाद बांसपारी, इरफान अहमद, विजय यादव, गोपाल यादव, विनय यादव, जनार्दन यादव समदर्शी, हरिन्द्र यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता सरफराज अहमद समेत अनेक सपा नेता मौजूद रहें। अध्यक्षता शमशाद बांसपारी एवं संचालन ओमप्रकाश यादव ने किया।

# चोरो ने पूर्व मंत्री के पुत्र का स्कॉर्पियो चुराया

**आशु खरवार समाज जागरण जिला संवाददाता बलिया**

रसड़ा(बलिया) क्षेत्र के पहाड़पुर गांव में एक मकान के बाउंड्रीवॉल के अंदर खड़ी पूर्व मंत्री के पुत्र के स्कार्पियो पर गुरुवार की रात्रि में चोरों ने उड़ा दिया। सूचना पर पुलिस कार्यवाही में जुट गई। पूर्व मंत्री स्व घूरा राम के आदित्य गर्ग उर्फ सूर्यकांत ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया की अपनी स्कार्पियो रात्रि में एक बजे हरेराम शर्मा के बाउंड्रीवॉल के अंदर खड़ी किया गया था । शुक्रवार की सुबह गाड़ी खड़ी न रहने पर अवाक हो गए। इधर उधर पता करने के बाद भी कोई जानकारी नहीं मिली। तहरीर पर पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर मामले की छानबीन में जुटी

# एसपी द्वारा पुलिस लाइन में परेड की ली गई सलामी,विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर दिये गए निर्देश

उरई(जालौन) ।पुलिस अधीक्षक डा.ईरज राजा द्वारा पुलिस लाइन उरई में शुक्रवार की परेड की सलामी ली गई। तदोपरान्त पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण एवं पुलिस कर्मचारीगण का अर्दली रूम कर सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये गये। फील्ड यूनिट टीम द्वारा



अधिकारियों/कर्मचारीगण को आपराधिक घटनाओं में वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य संकलन, क्राइम सीन को सुरक्षित करने आदि के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया । इस दौरान क्षेत्राधिकारी भी मौजूद रहे।

# उरई विकास प्रधिकरण द्वारा मुहल्ला लहरिया पुरवा में विवादित अवैध निर्माण परिसर को शील किया गया : सचिव

उरई(जालौन) ।सचिव उरई विकास प्राधिकरण उरई अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि श्री मुव्वस्सर हसन मंसूरी पुत्र जलील अहमद मंसूरी व श्रीमती हमीदन बेगम पत्नी श्री अब्दुल सत्तार मंसूरी निवासी मु० लहारियापुरवा उरई



जिला जालौन निर्माण स्थल-नया पटेल नगर जेल रोड उरई के द्वारा तीसरी मंजिल से अधिक तल एवं सड़क की चौड़ाई से प्रभावित क्षेत्रफल व समस्त तलों पर सैटवैक से प्रभावित क्षेत्रफल को ध्वस्त नही किया गया था जिसे आज दिनांक 6 अक्टूबर 2023 को मजिस्ट्रेट, पुलिस बल व प्राधिकरण कर्मचारियों की उपस्थिति में उ०प्र० नगर योजना एवं विकास अधिनियम-1973 (यथासंशोधित-1997) की धारा-28क (1) के अन्तर्गत विवादित अवैध निर्माण परिसर को सील कर दिया गया है।

# अधीक्षण अभियंता मनीष दुबेदी ने अभियान के तहत लोगों के बिल और मीटर किये चेक

कुठौंद जालौन, बिजली विभाग आपके द्वार योजना के अंतर्गत शनिवार को शक्ति भवन लखनऊ से आए अधीक्षण अभियंता मनीष दुबेदी, एकशियन



महेंद्र नाथ भारती एसडीओ अखिलेश यादव के साथ सिरसा कलार बाजार का भ्रमण कर उपभोक्ताओं की समस्या को सुना साथ ही उपभोक्ताओं के मीटर उनके बिजली बिल भी चेक किया इस दौरान विद्युत व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए उपभोक्ताओं की मणिकरण बिलिंग तथा राज्य संग्रह में आ रही समस्याओं के समाधान को अभियान चलाया गया उन्होंने उपभोक्ताओं को जागरुक करते हुए कहा कि मीटर बिजली बिल नए कनेक्शन बिजली संबंधित किसी भी समस्या को लेकर जो दिक्कत है उसका समाधान बिजली विभाग द्वारा आपके द्वार पर पहुंचकर ही कर दिया जाएगा आरडीएस योजना से बदली जाएगी जर्जर लाइन खम्मे भी लगाए जाएंगे
इस मौके पर जेइ नवनीत अग्रवाल लाईनमैनों में कमलाकांत रोहित मिश्रा सोनू शर्मा बालवीर प्रदीप सभी मोहम्मद आदि लोग मौजूद रहे

# कानपुर में सेना की वर्दी बनाने वाली फैक्टरी में भीषण आग से करोड़ों का नुकसान

## – 50 से अधिक मकान को खाली कराया।

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां देर रात सेना की वर्दी बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लगने से करोड़ों का नुकसान होने का अनुमान है। फैक्ट्री रिहाइशी इलाके में बनी हुई है। मौके पर पहुंची किदवईनगर, फजलगंज फायर स्टेशन से चार गाड़ियों ने घंटों मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। यह घटना नौबस्ता के मछरिया में हुई। यहां इस रिहायशी इलाके में अवैध रूप से फैक्टरी संचालित हो रही थी। जानकारी के मुताबिक नौबस्ता के केशव विहार कॉलोनी निवासी सुनील कुमार की संजयनगर में आर्मी सूट बनाने का कारखाना व गोदाम है। ऊपरी तल पर करीब 20 मजदूर भी रहते हैं। बीती देर रात करीब ढाई बजे भूतल में अचानक आग की लपटें उठने लगीं। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। इसपर मजदूर जान बचाकर छत पर भागे। इधर रास्ते से गुजर रही जेब्रा ने लपटें उठती देखा, तो फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड के जवानों ने मजदूरों का रेस्क्यू करने के बाद आग बुझाना शुरू किया। दर असल अंदर कैमिकल रखा होने से आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। जिसके चलते दमकल कर्मियों ने स्थानीय पुलिस की मदद से 50 से अधिक मकान को खाली कराया।

# दो आदतन अपराधी 06-06 माह के लिए जिलाबदर

**रायसेन, 06 अक्टूबर 2023**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अरविन्द कुमार दुबे द्वारा पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर विभिन्न अपराधों में आरोपी रामप्रसाद सपेरा पिता मुंशीनाथ सपेरा निवासी ग्राम करहोदा थाना उमरावगंज जिला रायसेन को 06 माह के लिए रायसेन जिले की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2006 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 13 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी रामप्रसाद सपेरा को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम् एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से चार माह के लिए निष्कासित किया गया है। इसी प्रकार विभिन्न अपराधों में आरोपी जितेन्द्र उर्फ जितू पिता स्व. मोहनसिंह चौहान निवासी ग्राम गाजीखेड़ी थाना बाड़ी जिला रायसेन को 06 माह के लिए रायसेन जिले की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2006 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 05 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी जितेन्द्र उर्फ जितू को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम् एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से चार माह के लिए निष्कासित किया गया है।

# रानी दुर्गावती जयंती के उपलक्ष में विद्यार्थी परिषद ने निकाली विशाल मसाला यात्रा

रायसेन। रानी गोंडवाना साम्राज्य की महारानी वीरांगना रानी दुर्गावती की जयन्ती के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रायसेन द्वारा विशाल मशाल यात्रा का आयोजन किया गया। जिला संयोजक अश्वनी पटेल ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी जयंती के उपलक्ष्य में विद्यार्थी परिषद



ने मशाल यात्रा निकाली जिसमे हाथ में तलवार लिए हुए रानी दुर्गावती जी झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिला संयोजक अश्विनी पटेल, गोलू नाथ, दीपक तिवारी, राजा आदिवासी, पंकज तोमर, अंशुल उपाध्याय, गोलू चौरसिया, राहुल कुशवाहा, सलोनी भदोरिया, खुशी गहलोत, पायल लोधी, मोना प्रजापति एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीएम शिवराज ने दी रायसेन जिले को 748 करोड़ के विकास कार्यो की सौगात

## मुख्यमंत्री वर्चुअली किया विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा भूमिपूजन

रायसेन। वन परिसर में जिला स्तरीय विकास उत्सव कार्यक्रम स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी तथा केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त सिलवानी विधायक रामपाल सिंह के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्यापूजन और दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा रवींद्र भवन, भोपाल में आयोजित ₹53,000 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का प्रदेश-स्तरीय भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम का रायसेन वन परिसर में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा नागरिकों द्वारा लाईव प्रसारण देखा गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भोपाल में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में रायसेन जिले के लिए 748 करोड़ 66 लाख 84 हजार रू लागत की कुल 97 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सांची विधानसभा सहित सम्पूर्ण जिले को विकास की अनेकों सौगाते दी हैं। जिससे रायसेन जिले के विकास को गति मिलेगी और नागरिकों के लिए भी उन्नति और आर्थिक समृद्धि के नवीन द्वार खुलेंगे। रायसेन जिले को बुधवार को मेडीकल कॉलेज की सौगात मिली है जो कि 750 करोड़ रू से बनाया जाएगा। इसके अलावा आज मुख्यमंत्री द्वारा 748 करोड़ रू लागत की विभिन्न परियोजनाओं की सौगात दी गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सांची विधानसभा और रायसेन जिला विकास के मामले में पहले स्थान पर रहे, इसके लिए वह लगातार काम कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने अपने संबोधन में सांची विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यो और सरकार की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख भी किया। सिलवानी विधायक रामपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी और लोकप्रिय मुख्यमंत्री और बहनों के लाड़ले भैया श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में चहुँओर विकास की गंगा बह रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान बेटा-बेटी, युवा, किसान, महिला, वृद्ध सभी की चिंता करते हैं। उन्होंने इन सभी के कल्याण और आर्थिक उन्नति के लिए अनेकों योजनाएं चलाई हैं। विधायक श्री सिंह ने मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी, सीखो-कमाओ, किसान कल्याण योजना, लाड़ली बहना योजना सहित अनेक योजनाओं का उल्लेख किया। कार्यक्रम में कलेक्टर अरविंद दुबे ने जानकारी देते हुए बताया




कि आज जिले में 748 करोड़ 66 लाख 84 हजार रू के विभिन्न कार्यो का लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया है। इनमें 38 करोड़ 65 लाख 47 हजार रू लागत की 14 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया है तथा 710 करोड़ एक लाख 37 हजार रू लागत की 83 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है। उन्होंने विभागवार विकास कार्यो की जानकारी देते हुए बताया कि जल संसाधन विभाग की 45 करोड़ 43 लाख रू लागत की पांच विकास परियोजनाओं, नगरीय प्रशासन विभाग की एक करोड़ 73 लाख रू लागत की 28 विकास परियोजनाओं, मप्र पर्यटन विभाग की 39 करोड़ 31 लाख रू लागत की एक विकास परियोजना, मप्र जल निगम की 599 करोड़ 88 लाख 70 हजार रू लागत की चार विकास परियोजनाओं, लोक निर्माण विभाग की 38 करोड़ 97 लाख 45 हजार रू लागत की 10 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया गया। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग की चार करोड़ 80 लाख 89 हजार रू लागत की 12 विकास परियोजनाओं, पीएचई विभाग की 18 करोड़ 75 लाख 52 हजार रू लागत की 35 विकास परियोजनाओं, राज्य शिक्षा केन्द्र की एक करोड़ 55 लाख रू की एक विकास परियोजना तथा तकनीकी शिक्षा विभाग की एक करोड़ 55 लाख रू की एक विकास परियोजना का लोकार्पण/शिलान्यास किया गया। इनके अतिरिक्त नगर पालिका रायसेन में अमृत 2.0 के तहत लगभग 10 करोड़ रू लागत के तीन कार्यो का भी शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन, पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू भदौरिया सहित अनेक अधिकारी, लाड़ली बहनें और नागरिक उपस्थित रहे।

**मुख्यमंत्री ने ग्राम सुनारी निवासी लाड़ली बहना से किया संवाद,,,,**

मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा रायसेन जिले के सांची जनपद के ग्राम सुनारी सलामतपुर निवासी लाड़ली बहना श्रीमती आरती राजपूत से वर्चुअली संवाद कर ग्राम में नल-जल योजना आने के बाद जीवन में आए बदलाव के बारे में पूछा गया। जिस पर श्रीमती आरती राजपूत ने बताया कि उनके ग्राम में समूह नल-जल योजना है। जिससे ग्राम के सभी घरों में टोंटी से पानी पहुंच रहा है। श्रीमती आरती राजपूत ने बताया कि पहले पानी के बहुत परेशानी होती थी। हैण्डपम्प और कुएं से पानी भरकर लाना पड़ता था, जिसमें तीन-चार घण्टे लगते थे। समूह नल जल योजना आने के बाद अब घर पर ही नल से जल आ रहा है। इससे पानी के लिए लाईन में लगने और फिर घर तक लाने की समस्या दूर होने के साथ ही समय भी बच रहा है।

# आठ सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए विद्युत कर्मचारी

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 07 अक्टूबर )एक बार फिर विद्युत कर्मचारियों ने कार्यालय में ताला जड़कर हड़ताल पर चले गए जिससे विद्युत सेवा प्रभावित रही।निजीकरण के निर्णय को वापस लेने, पेंशन की ग्यारंटी, संविदा कर्मियों के नियमितिकरण, आउट सोर्स कर्मियों के संविलियन, वेतन विसंगति को दूर करने सहित कुल 6 सूत्रीय मांगों को लेकर मध्यप्रदेश विद्युत मंडल अभियंता संघ, यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एम्पाइज व इंजीनियर, पावर इंजीनियर्स व एम्पलाइज एसोसिएशन के सभी अधिकारी, कर्मचारी, कार्यालय में ताला लटकाकर 06 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष आई.डी. पटले ने कहा कि विगत लंबे समय से सरकार से मांगो के निराकरण को लेकर हम संघर्षरत है लेकिन सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है। जिसके कारण 06 अक्टूबर से नियमित एवं संविदा अधिकारी, कर्मचारी सहित आउट सोर्स के कर्मचारी, हड़ताल पर है, जिससे उपभोक्ताओं को हो रही





परेशानी को लेकर हम खेद व्यक्त करते है।हमारी मांग है कि सरकार विद्युत विभाग के निजीकरण को वापस लेकर, कर्मचारियों को पेंशन की ग्यारंटी प्रदान करे, संविदा कर्मचारियों को नियमित करें ओर प्रतिमाह एक आउट सोर्स कर्मी की मौत पर गंभीरता दिखाते हुए उनके संविलियन और मौत पर 20 लाख रुपए का मुआवजा व वेतन विसंगति को दूर किया जाए। उन्होंने बताया कि विगत लंबे समय से बिजली कर्मचारियों की मांग की जा रही है लेकिन सरकार दूसरों के घरों में उजाला करने वालों का भविष्य अंधकार में डाल रही है। जिससे विद्युत समस्या के सुधारीकरण कार्य में हड़ताल के लंबे चलने पर परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है, वहीं नियमित, संविदा अधिकारी-कर्मचारी एवं आउसोर्स कर्मचारी ने तय किया है कि जब तक सरकार हमारी मांगो पर विचार नहीं करती, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा।आवश्यक सेवा में आने वाले विद्युत सेवा में लगे अधिकारी, कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से होने वाली परेशानियों को देखते हुए सरकार ने हड़ताल पर एस्मा लगा दिया है, बावजूद पूर्व निर्धारित हड़ताल कार्यक्रम के तहत 6 अक्टूबर को बिजली विभाग के सभी संस्थानों के नियमित व संविदा अधिकारी, कर्मचारी, आउटसोर्स कर्मचारी कामबंद कर हड़ताल पर चले गए है।

# ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग के संबंध में प्रशिक्षण सम्पन्न

**रायसेन, 06 अक्टूबर 2023**

आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत जिले की चारों विधानसभाओं में ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग कार्य हेतु शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण दो सत्रों में प्रातः 11 बजे से विधानसभा सिलवानी तथा उदयपुरा का एवं दोपहर 01 बजे से



विधानसभा भोजपुर तथा सांची के लिए प्रशिक्षण रखा गया। प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग तथा मास्टर ट्रेनर्स द्वारा ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों की भी जानकारी दी गई।

# कीटनाशक के प्रभाव में आने से किसान की मौत,खेत में दवाई छिड़कने के दौरान चपेट में आया

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 07 अक्टूबर )लालबर्रा थाना अंतर्गत धपेरा मोहगांव निवासी किसान की कीटनाशक के चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी अनुसार दयाराम पिता कुंवरलाल बिसेन के साले मेहरबान ने बताया कि गुरुवार को अपने जीजा दयाराम के खेत में कीटनाशक का छिड़काव करने गए थे। यहां से शाम 4 बजे घर आने के बाद हाथ, मुंह धोकर खाना खाने के बाद सिरदर्द



होने लगा, फिर वो सोने चले गए। सुबह 4 चार बजे बहन ने देखा तो जीजा को पसीना आ रहा था और उनकी तबीयत खराब हो गई थी। इसके बाद मोहल्ले वाले दयाराम को उठाकर एम्बुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय लाए। शुक्रवार को जिला अस्पताल में उनकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दयाराम का एक बेटा और एक बेटी है। बेटा, काम करने हैदराबाद गया है, जबकि बेटी पढ़ रही है। दयाराम की तहरीर के बाद अस्पताल चौकी पुलिस ने शव बरामद कर पंचनामा कार्रवाई की। इसके बाद शव का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मामले की अग्रिम जांच अस्पताल चौकी पुलिस की डायरी के आधार पर संबंधित थाना पुलिस करेगी।

# राजधानी भोपाल के प्रसिद्ध गुफा मंदिर स्थल पर बनेगा गुफा लोग मुख्यमंत्री ने की घोषणा, 35 करोड़ की लागत से बनेगा संत निवास भवन

**सीएल गौर, संभागीय ब्यूरो, समाज जागरण**

भोपाल। मध्य प्रदेश में अब एक-दो दिन में कभी भी विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो सकता है। ऐसे में आदर्श आचार संहिता लागू होने के पहले सीएम शिवराज सिंह चौहान ने एक ही दिन में करोड़ों के लोकार्पण और निर्माण कार्यों के भूमिपूजन कर रहे हैं। इसी बीच सीएम ने महाकाल लोक की तर्ज पर गुफा मंदिर में गुफा लोक बनाने की घोषणा की है। साथ ही 35 करोड़ रुपए की लागत से संत निवास का निर्माण किया जाएगा।बता दें कि राजधानी भोपाल में ही शुक्रवार को तीन स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर से 36 लाख महिलाओं के खातों में 219 करोड़ रुपए की राशि एलपीजी सिलेंडर के लिए ट्रांसफर की। वहीं, रविंद्र भवन में कई परियोजनाओं का शिलान्यास-



लोकार्पण किया। साथ ही नगर निगम भोपाल और भोपाल विकास प्राधिकरण के 566 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का गुफा मंदिर परिसर लाल घाटी में भूमि-पूजन किया सी एम शिवराज सिंह भोपाल के गुफा मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने संत भवन के भूमि पूजन सहित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने एक बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि गुफा मंदिर में महाकाल लोक की तर्ज पर गुफा लोक बनाया जाएगा। इसके साथ ही 35 करोड़ की लागत से संत निवास बनेगा। सीएम ने कहा कि गुफा मंदिर में मानस भवन का निर्माण तो होगा ही, इसके साथ ही गुफा लोक भी बनाया जाएगा। सीएम ने गुफा लोक की योजना बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

# चलती कार में आग लगने से आग का गोला बनी कार,बाल बाल बचा वाहन चालक

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 07 अक्टूबर )डोंगरिया के पास उस समय अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया जब एक चलती कार में शॉर्ट सर्किट की वजह से भीषण आग लग गई.जब तक कोई कुछ समझ पाता तबतक आग बेकाबू हो चुकी थी, गनीमत थी कि समय रहते वाहन चालक ने कार से निकल कर अपनी जान बचायी अन्यथा थोड़ी सी चूक हुई होती तो जान भी जा सकती थी। आगजनी कि सूचना पाकर अग्नि शमन विभाग मौके पर पहुंच कर आग पर काबू तो पा लिया लेकिन तबतक कार पूरी तरह से राख में तब्दील हो गयी थी। जानकारी अनुसार वाहन क्रमाक एम पी 50 सी ए 0738 वाहन चालक महाराष्ट्र



के भंडारा से बालाघाट आ रहा था, जब वह डोंगरिया के पास पहुंचा ही था कि अचानक इंजन से धुआं निकलते देख उसने वाहन को रोककर जैसे ही बाहर निकला वैसे ही कार में आग लगी गयी जिससे वाहन चालक दूर चला गया और कार धूँ धूँ कर जलने लगी।

# कार्यवाही के बाद मवेशियों को जबरन छुड़ाकर ले जाने वाले तबेला संचालकों पर एफआईआर दर्ज

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 07 अक्टूबर )शहर के मध्य चलने वाले दुग्ध व्यवसाय वाले तबेलों पर 5 अक्टूबर को जिला प्रशासन, पुलिस एवं नगर पालिका द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए हटाया गया था। तबेलों में हजारों की संख्या में मवेशी रखे जा रहे थे, जिससे आस-पास रहने वालों व पशुओं को आवारा छोड़ने पर शहर के आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी और नगर पालिका के पास लगातार शिकायतें पहुंच रही थी। यही नहीं सड़कों पर आवारा घुमते हुए मवेशी दुर्घटना का कारण भी बन रहे थे। नगरपालिका परिषद का हाका गैंग सुबह 5 अक्टूबर को आवारा मवेशियों को लेकर कार्यवाही कर रहा था तभी मवेशी पालकों ने कर्मचारियों को डराया-धमकाया और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए जबरन अपने मवेशी छुड़ाकर ले गये थे। इस घटना को लेकर थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई गई जिसपर 5 मवेशी पालकों पर एफआईआर दर्ज की गई है। नगर के भीतर भारी संख्या में मवेशी रखने के लिये तबेले बनाये गये थे, जिनके मवेशियों को छोड़े जाने पर शहर में आवाजाही प्रभावित हो रही थी, साथ ही दुर्घटनाओं का कारण भी आवारा घुमते हुए मवेशी बन रहे थे। नगरपालिका प्रशासन द्वारा नियमित तौर पर कार्यवाही की जाती है लेकिन देखा जाता रहा है कि मवेशी पालन करने वाले बछड़ों को तो बांधकर रखते थे लेकिन बाकी पशुओं को शहर में विचरण करने के लिये छोड़ दिया करते थे, जिसके बाद यह मवेशी जहां-तहां सड़कों पर विचरण करते हुए या बैठकर आवागमन में बाधा उत्पन्न करते है। साथ ही शहर के भीतर बड़े तबेले संचालन होने की वजह से गंदगी एवं नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में नगर पालिका में तबेला संचालन एवं मवेशियों के आवारा छोड़े जाने को लेकर शिकायतें बढ़ रही थी। नपा ने कार्यवाही तेज की थी और आवारा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाऊस में रखा जा रहा था। 5 अक्टूबर को हाका गैंग की यह कार्यवाही नगर के नावेल्टी हाऊस गली में चल रही थी, जिसमें आवारा विचरण कर रहे कई मवेशियों को हांककर कांजी हाऊस ले जाया जा रहा था। कोतवाली थाने में की गई शिकायत में नपा के सफाई संरक्षक एवं हाका गैंग प्रभारी विजय बिरिया निवासी वार्ड क्र.3 बालाघाट ने बताया कि जब 5 अक्टूबर को प्रातः 7:30 बजे हाका गैंग के कर्मी आवारा मवेशियों को कांजी हाऊस ले जा रहे थे तब काली पुतली चौक के समीप मवेशी पालक अर्जुन फुलसुंघे, करन फुलसुंघे, रिंकू यादव एवं भटेरा निवासी शिवप्रसाद उर्फ नारू सुलाखे वहां लाठी-डंडे लेकर पहुंचे। हाका गैंग कर्मियों से उन्होंने पशुओं को छोडड्ने के लिये कहा और गालियां देते हुए डराने-धमकाने लगे। कर्मियों ने कहा कि सीएमओ के आदेश से ही वे कार्यवाही कर रहे है तब भी वे नहीं माने और मवेशियों को कांजी हाऊस ले जाने से रोका तथा मवेशियों को हाका गैंग कर्मियों के कब्जे से जबरन छुड़ाकर ले गये। इसकी जानकारी नपा सीएमओ को दी गई फिर कोतवाली थाने में पहुंचकर हाका गैंग कर्मियों ने शिकायत दर्ज कराई। जिसपर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने कर्मियों को तथा डराने-धमकाने पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी अर्जुन फुलसुंघे पिता राजेन्द्र फुलसुंघे, आकाश फुलसुंघे, करन फुलसुंघे, रिंकु यादव पिता रमेश यादव सभी निवासी वार्ड क्र. 15 गौली मोहल्ला बालाघाट तथा शिवप्रसाद उर्फ नारू पिता नंदु सुलाखे निवासी वार्ड क्र.5 भटेरा बालाघाट के विरूद्ध भादंवि की धारा 147, 149, 294, 353, 186, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# चोरी के कोयले से धधक रही कैमिकल फैक्ट्री

शहडोल, । कोयलांचल क्षेत्र में अपराधों का ग्राफ सर चढ़कर बोलता है आर्थिक अपराध की सीमा तो कब की लांघ दी गई है। जिस तरह से कोयलांचल में अपराधियों का कारोबार सक्रिय है उस तरह से प्रशासन कार्यवाही करने से कतराता है। बुढ़ार, धनपुरी और अमलाई इस क्षेत्र में हर वो अपराधिक गतिविधियां संचालित है जिसे कानून की भाषा में अपराध कहते हैं। लेकिन इन तीनों ही क्षेत्रों बैठे पुलिस और प्रशासनिक अफसर खुली आंख से देख तो सब रहे है लेकिन न देखने की नौटंकी भी जारी है। सूत्र बताते हैं कि एक अर्से से बुढ़ार अमलाई रोड पर संचालित कैमिकल फैक्ट्री जिस तरह से अवैध कार्यों को अंजाम दे रही है वह अपने आप में कुछ कम नहीं है। जाजू नाम का सक्स दो-दो फैक्ट्रियों का संचालन कर प्रशासन को तो गुमराह कर ही रहा है आसपास के किसानों को भी पीड़ित और प्रताड़ित किए हुए है। फैक्ट्री के पीछे जिस तरह से कैमिकल बहाया गया है उससे किसानों के लिए खेतों में फसल उगने का नाम ही नहीं लेरहा है। वैसे तो प्रशासन इस फैक्ट्री पर पहले से भी मेहरबान है क्योंकि प्रशासनिक अफसरों की आव भगत कर इस फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है। जाजू की यह फैक्ट्री का कैमिकल मध्यप्रदेश के बाहर भी भेजा जा रहा है। वैसे तो यह कहा जाता है कि जाजू लकड़ी के गुटके का इस्तेमाल कर रहे है लेकिन पढ़ें के पीछे की हकीकत ही कुछ और है। दो-दो कैमिकल फैक्ट्रियों के संचालन में क्षेत्र से अवैध कोयला खरीदकर इस फैक्ट्री का संचालन से रूबरू हो सकते हैं। पिछले एक साल में फैक्ट्री से निकलने वाला धुंआ भी जाजू ने कितना कोयला खरीद प्रदूषण कालरी से खरीदा, क्या उसका किन बना हुआ है, इन सवालों का पूरा शायद कागज जाजू के पास तो वैसे तो शहडोल में प्रदूषण गौरतलब नियंत्रण विभाग भी बैठा हुआ है संचालक तत्कालीन कलेक्टर का किसानों की जमीन जो बंजर खासमखास बनकर कोरोना काल में है उसमें अब किसान दाना लाभ भी कतरा रहा है प्रशासन के अगर नुमाइंदों कभी भी छापा मारकर फैक्ट्री जांच करवाई तो प्रदूषण एवं फैक्ट्री के पीछे की जमीनी हकीकत मनमानी तथा आर्थिक घोटाला तीनों ही सामने होगा।पिछले कुछ समय तक इस कैमिकल फैक्ट्री का संचालक बोरियों से कोयला खरीदने का काम पूरी रात करता था। लेकिन इस समय भी बेधड़क कोयले की खरीदी की जा रही है। इस फैक्ट्री के संचालक का पूरा भंडाफोड़ करना है तो उद्योग विभाग से हर हकीकत बाकिफ हुआ जा सकता है । जिस तरह से इस कैमिकल के बीच कमल खिल रहा है उसमें तो केवल प्रशासनिक अफसर और फैक्ट्री का संचालक ही मालामाल हो रहे है। किन- मानकों इस फैक्ट्री संचालक ने पूरा किया अगर इसकी जांच की जाय शायद पूरी हकीकत सामने होगी।

# चौकाने वाली भाजपा क्या फिर चौकाएगी?

**विधायक भी संशय में, दावेदार पशोपेश में**

शहडोल` विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी की घोषणा से राजनीतिक उथल-पुथल मची हुई है। अब यह चर्चा सामने आ रही है कि जिन क्षेत्रों के प्रत्याशी घोषित नहीं हुए हैं वहां भी चौंकाने वाले नाम सामने आ सकते हैं। ज्ञातव्य है की कोतमा से दिलीप जायसवाल एवं पुष्पराजगढ़ से हीरा सिंह श्याम के प्रत्याशी बनाए जाने के बाद जिन क्षेत्रों के प्रत्याशी घोषित नहीं हुए हैं वहां कयासों का दौर चरम पर पहुंच गया है। कहा जा रहा है कि विधायक भी सतर्क हैं कि उनकी दावेदारी कहां से होगी। कहीं उनका भी क्षेत्र तो नहीं बदला जाएगा।इन तमाम कयासों के बीच राजनीतिक पंडितों का मानना है कि जो विधायक हैं उनको भी प्रत्याशी बनाया जाएगा या उनका क्षेत्र भी बदला जा सकता है इसके अलावा नए चेहरे भी मैदान में उतारे जा सकते हैं। वर्तमान में जो उम्मीदवारों की लिस्ट सामने आई उसके बाद विधायकों व नेताओं के मध्य संदेह का माहौल बना हुआ है । कभी भी कुछ भी हो सकनेवाले भाजपा के इस राजनीतिक दौर में अगली लिस्ट आने को लेकर तरह-तरह की चचाओं का दौर जारी है। इन नेताओं के सामने खोने का डर भी है और पाने की भी चिंता है। कुछ राजनैतिक पंडितों का कहना है कि राजनीति की यह रणनीति है सफलता तभी मिलती है जब आपका हर कदम लोगों को चौंकाने वाला लगे। वही भाजपा कर रही है। अर्थात दूसरी पंक्ति के नेता हैं।कहीं ना कहीं चौंकाने वाली भाजपा पुनः नेताओं और दावेदारों को चौंकाने की तैयारी में है । बहरहाल आने वाले दिनों में यह तस्वीर साफ होगी तो कई नेताओं का भविष्य तय हो जाएगा। सूत्रों की माने तो भारतीय जनता पार्टी में शहडोल संभाग के बाकी बची 6 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम तय कर दिए हैं। ऐसी खबर है कि बाकी 6 सीटों में तीन महिलाओं को मौका दिया जा सकता है।

# वन भूमि में होता जा रहा कब्जा

डिंडोरी ।डिंडोरी जिले के अंतर्गत बजाग वन परिक्षेत्र कक्ष क्रमांक 506,507,508,509, शीतल पानी एवं खम्हेरा के घने प्राक्रतिक बीच जंगलों को ग्रामीण जनों के द्वारा कटाई कर खेती योग्य जमीन तैयार करने में लगे हैं एवं फसल डाले गए हैं साथ ही और पेड़ों को काट काट कर अपने अपने कब्जे के लिए होड़ मची हुई है वन विभाग को इस बात की जार का अनुमान होने के बाद कटाई जारी है जो अत्यंत चिंताजनक है। और खेतों में फसल सुरक्षा के लिए पेड़ों को काट कर बाड़ा या रूंधाई किया जाता है । मिली जानकारी के अनुसार एक खेत में सैकड़ों पेड़ों को काट कर उपयोग किया जाता है किंतु वन विभाग बिल्कुल हस्तक्षेप नहीं कर रहा है। शीतल पानी के जंगल के आस पास काफी तादाद में हिरणों का शिकार भी किया जा रहा है लेकिन वन विभाग इसे गंभीरता से नहीं रहा है। जंगलों



में अनेकों जगह हिरणों को मारकर भूनने व हड्डियों को देखा जा सकता है वन विभाग को सूचना देने पर मुखबिर का नाम सार्वजनिक कर दिया जाता है जिसके कारण सूचना तंत्र भी खत्म होते जा रहे हैं

# वेल्डिंग कर रहे मजदूर को करंट लगने से घायल, इलाज के दौरान हुई मौत

**समाज जागरण ब्यूरो**

वाराणसी रोहनिया थाना क्षेत्र के मोहनसराय चौकी अंतर्गत मोहनसराय कनेरी हाईवे पर वेल्डिंग की( वर्कशॉप)दुकान में काम करते वक्त विद्युत करेंट के चपेट में आने से हरसोस निवासी पारसनाथ यादव घायल हो गए सूचना पर पहुंचे वर्कशॉप मालिक रविंद्र मौर्य ने चपेट मे आए पारस को चितईपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सा के दौरान उसकी मौत हो गई वहीं घटना के कुछ घंटो बाद मृतक के परिजनों को सूचना दी गई जिससे परिजनों में रामबली के खिलाफ आक्रोश व्याप्त हो गया

सूचना पर पहुंची रोहनिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेजा

मृतक दो भाइयों में दूसरे नंबर पर था

मृतक को दो लड़का एक दस वर्ष एक बारह वर्ष व एक लड़की है

सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है

रविंद्र मौर्य ने बताया कि रामबली तथा उदयलाल मौर्य साथ में काम कर रहे थे काम करते वक्त करंट लगने से घायल हो गया था जिसे अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित दिया

# फीवर परामर्श के लिए जनपद के सरकारी चिकित्सालयों व स्वास्थ्य केंद्रों का भी हेल्प लाइन जारी

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसीः जिलाधिकारी एस राजलिंगम के निदेर्शानुसार मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने शुक्रवार को काशी इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (KICCC) की स्थापना करते हुए बैठक कर समस्त अधिकारियों व कर्मचारी की ड्यूटी तथा कार्य सुनिश्चित किया।

इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से स्वास्थ्य की जानकारी दी जाएगी। इसके लिए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम लगाई गई है। इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में इस कार्य के साथ-साथ ही संचारी रोग नियंत्रण अभियान की मॉनिटरिंग का कार्य भी किया जाएगा। इसके लिए संचारी रोग कार्यक्रम से संबंधित सभी 10 विभागों से प्रतिदिन जानकारियां ली जाएगी । डेंगू मरीजों का प्रतिदिन फॉलो अप लिया जाएगा तथा उनके क्षेत्र में निरोधात्मक गतिविधि की समीक्षा भी की जाएगी। इसके लिए काशी इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर की हेल्पलाइन भी जारी की गई है 0542 - 2720005 एवं 1533 पर संपर्क करके स्वास्थ्य सुविधाओं, एंटी लार्वा छिड़काव व फागिंग से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसके साथ ही जनपद के शहरी और ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी के लिए विभिन्न राजकीय चिकित्सालयों के हेल्प लाइन नंबर भी जारी किए गए हैं। नीचे दिए गए निम्न नंबरों पर उसे क्षेत्र विशेष के व्यक्ति चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ले सकते हैं।'

# एडी ने जिला अस्पताल में डाला डेरा, घंटों तक की जांच

## डॉक्टर एवं स्टाफ नर्स व फार्मासिस्ट के दर्ज किया गया बयान दिनभर रहा हड़कंप

**समाज जागरण अयोध्या।**

अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण ने बुधवार को जिला अस्पताल में डेरा डाले रखा और करीब छह घंटे तक रुककर उन्होंने वृद्धा की मौत के मामले की जांच-पड़ताल की। इस दौरान दिन भर जिला अस्पताल में हड़कंप मचा रहा।



रविवार को जिला अस्पताल के महिला सर्जिकल वार्ड में भर्ती शहर के रामनगर कॉलोनी निवासी 84 वर्षीय संपूर्णा सिंह को करीब 20 घंटे तक किसी भी चिकित्सक ने नहीं देखा। सोमवार की दोपहर में उनकी मौत हो गई। मंगलवार को अपर निदेशक व सीएमओ ने जिला अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरों को डांट-फटकार लगाई और स्पष्टीकरण मांगा था।

बुधवार की सुबह 11 बजे अपर निदेशक डॉ पवन कुमार अरुण पुनः जिला अस्पताल पहुंचे और प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक के कक्ष में बैठकर उन्होंने करीब छह घंटे तक जांच-पड़ताल की। महिला को इमरजेंसी ओपीडी में भर्ती करने वाले डॉक्टर अजीत कुशवाहा, फार्मासिस्ट सर्वेश श्रीवास्तव, वार्ड में देखरेख करने वाली स्टाफ नर्स व संबंधित फिजिशियन को बुलाकर उनके बयान दर्ज किए और साक्ष्यों को संकलित किया। अपर निदेशक डॉ पवन कुमार अरुण ने बताया कि मामले की जांच करके आख्या शासन को भेजी जाएगी। दोषी चिकित्सक व कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी की मौत

**समाज जागरण अयोध्या।**

जिले के इनायत नगर थाना क्षेत्र अर्न्तगत हैरिंग्टनगंज के एक गांव में



किशोरी का शव घर में संदिग्ध परिस्थितियों मिला है। घटना शुक्रवार की शाम की है। किशोरी के पिता परिवार का जीवन यापन करने के लिए रिक्शा चलाते हैं और मां गांव-गांव जाकर मक्का बेंचती है।

ग्राम पंचायत रेवना पूरे विधा पाण्डेय का पुरवा निवासी राम जियावन की 16 वर्षीय पुत्री का शव घर में होने की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई। पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गई। पोस्टमार्टम के बाद मौत के कारणों का पता चल पायेगा।

# गाली देने का विरोध करने पर दबंगों ने चार लोगों को मारपीट कर किया घायल

फिरोजाबाद। थाना नारखी क्षेत्र में गाली देने का विरोध करने पर दबंगो ने एक ही परिवार के पांच लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया गया है।

रुधऊ मैं शुक्रवार को घर के सामने गाली देने से मना करने पर दबंगों ने लतीफ पुत्र मुंशी खान रणवीर पुत्र मुंशी खान सबीना पत्नी रणवीर अरमान पुत्र रसूली को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।

मारपीट देख वहां काफी लोग एकत्रित हो गए। लोगों ने दोनों पक्षों को समझ कर मामले को शांत कराया।

घटना की थाने में तहरीर दी गई है। पुलिस ने घायलों का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया है।

# नगर आयुक्त महोदय एक नजर बनारस के पक्के माहौल पर भी दीजिए यहां रहना तो छोड़ जीना दुश्वार हो गया है पैदल चलने में भी लोग दूषित हो जारहे हैं

**समाज जागरण वाराणसी**



वाराणसी आस्था और धर्म के तर्ज पर आती विशेष रूप से पहचान रखने वाली काशी जहां प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री का अक्सर आना-जाना लगा रहता है दूसरी और काशी में पितृपक्ष के चलते पूरे हिंदुस्तान के साथ विदेश से भी लोग श्राद्ध करने इस भूमि पर आ रहे हैं और उसका सबसे ज्यादा मुख्य केंद्र मणिकर्णिका घाट पंचगंगा घाट अस्सी घाट गौरी केदारेश्वर घाट हनुमान घाट और डॉ राजेंद्र प्रसाद घाट है अधिकांश घाटों पर जाने का रास्ता गलियों के ही माध्यम से एक दूसरे से जुड़ा हुआ है पिछले एक हफ्ते से मणिकर्णिका घाट जाने वाली गली में सीवर और जलकल दोनों का पानी बह रहा है स्थानीय लोगों के द्वारा अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी समस्या का हाल नहीं निकला दूर-दराज से आने वाले लोग नाले के पानी में होकर श्राद्ध कर्म करने मणिकर्णिका घाट जा रहे हैं ऐसे में वह क्या छवि लेकर काशी की अपने हृदय में जाएंगे यह कर्म करने से पहले लोग स्वच्छ होकर तब श्राद्ध करने बैठते हैं बहते सीवर के पानी के कारण उनके मन में अशुद्ध का भाव उत्पन्न होता है। वही मणिकर्णिका घाट पर बैठने वाले पंडा दुगार्शंकर चौबे ने बताया जो जनता इस शिवर के पानी से होकर हमारे पास श्राद्धकर्म करने आरहे हैं वह बिना कहे दोबारा स्नान कर अपना कार्य करने बैठ रहे हैं और स्थानीय विभाग की शिकायत अपने मुखर बिंदुओं से कर रहे हैं

# घर जा रहे युवक पर मनबढ़ दबंगों ने जानलेवा हमला किया

## दबंगों की दबंगई के शिकार हुए युवक का मनबढ़ो ने लाठी डंडे से मारकर तोड़ा हाथ

**समाज जागरण (जौनपुर)**

जौनपुर। नगर थाना कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र आराजी - गुजीर्खानी निवासी विश्वनाथ बिन्द पुत्र स्वर्गीय रामराज बिन्द थाना कोतवाली को 5 अक्टूबर की रात उस वक्त मनबढ़ दबंगों ने जान से मारने की नीयत से बुरी तरह मारापीटा जब वह नगर स्थित शकरमंडी चौराहे से अपने घर आराजी गुजीर्खानी जा रहा था।घायल युवक विश्वनाथ बिन्द ने पड़ोसी युवकों के खिलाफ थाना कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि उसके पड़ोस के मनबढ़ो ने उसे रास्ते में रोककर बुरी तरह लाठी डंडे से जानलेवा हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। उस पर हमला करने वाले युवकों में कामता प्रसाद यादव, रविशंकर यादव, मनमोहन यादव व अर्जुन आदि लोगों द्वारा लाठी डंडे से हमला किया गया।

घायल युवक ने बताया कि मनबढ़ो द्वारा जानलेवा हमला होने के बाद वह किसी तरह भागकर अपनी जान बचाया। विश्वनाथ ने यह भी बताया कि यदि मैं ना भागता तो उन मनबढ़ दबंगों द्वारा मेरी हत्या भी की जा सकती थी। जाते जाते दबंगों ने मुझे भद्दी भद्दी गाली भी दिया। उन मनबढ़ दबंगों के हमले से विश्वनाथ के हाथ की हड्डी टूट गई है। घायल युवक विश्वनाथ द्वारा बताया गया कि मनबढ़ो द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर मेरे उपर जानलेवा हमला कर घायल किया गया जिसकी शिकायत पर थाना पुलिस ने 323/504 की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया है।

# हाईवे पर छुट्टा पशु बनते हैं मार्ग पर दुर्घटना का कारण

## *मार्ग पर जमें पशुओं की वजह से आयेदिन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं लोग*

अयोध्या



फैजाबाद रायबरेली हाईवे पर स्थित व्यस्ततम इलाका रानी बाजार, बारुन, कुचेरा, इनायतनगर, मिल्कीपुर तथा कुमारगंज के आसपास का इलाका आवारा पशुओं की शरण स्थली बनता जा रहा है। हाईवे पर अक्सर झुंड में आवारा पशु मौजूद रहते हैं। जो सड़क पर दुर्घटना कारण बनते हैं। अभी गत दिनों कई बेसहारा पशुओं की दुर्घटना में मौत हो गई थी। इनकी वजह से आवागमन भी बाधित होता है। आए दिन कई पशु भारी वाहनों की टक्कर से घायल होते रहते हैं। जागरूक लोगों कहना है कि अधिकारियों के दिशा निर्देश के बावजूद सड़कों से आवारा पशुओं को पकड़ने के अभियान में स्थानीय जिम्मेदारों द्वारा उदासीनता दिखाई जाती है। कभी-कभी उच्च अधिकारियों का ज्यादा दबाव बढ़ने पर सिर्फ खाना पूर्ति होती रहती है।

मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र में मिल्कीपुर खजुरहट् मार्ग, हैरिंग्टनगंज - मोतीगंज मार्ग, हैरिंग्टनगंज - शाहगंज प्रभात नगर, हैरिंग्टनगंज - देहली ( सुल्तानपुर ) मार्ग पर इन बेसहारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है। जिसकी वजह से लोगों को आवागमन में कठिनाइयां उठानी पड़ती है और दुर्घटना का अंदेशा सदैव बना रहता है। क्षेत्र के जागरूक दिलीप कुमार पाण्डेय 'एडवोकेट' , अधिवक्ता दुर्गा प्रसाद पाण्डेय, मुन्ना सिंह, डा. विनोद तिवारी आदि लोगों ने इन बेसहारा पशुओं पर अंकुश लगाने का मांग शासन प्रशासन से की है।

# संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को बेवजह राजनीति में घसीटना ठीक नहीं - उपराष्ट्रपति

राजस्थान के अपने एक दिवसीय दौरे पर आए भारत के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने लक्ष्मणगढ़ में मोदी विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय की छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बेवजह संवैधानिक पद पर बैठे हुए व्यक्ति को राजनीति में घसीटा जाना ठीक नहीं है।राजस्थान में उनकी यात्राओं पर उठे सवालों पर पीड़ा व्यक्त करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया की उनकी यात्रा या तो विधानसभा के अध्यक्ष के निमंत्रण पर हुई या फिर केंद्र सरकार के कार्यक्रमों में हुई। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति की कोई भी यात्रा अचानक नहीं होती, बहुत सोच विचार, चिंतन और मंथन के बाद होती है। उन्होंने उच्च और जिम्मेदार पदों पर आसीन लोगों से संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान बनाए रखने का आग्रह किया और कहा राष्ट्रपति से लेकर मुख्यमंत्री तक सभी इस देश के सेवक हैं।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि अब लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में एक तिहाई सदस्य महिलाएं होंगी जो देश को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगी। उन्होंने अधिनियम की प्रशंसा करते हुए कहा कि जब सत्ता की बागडोर महिलाओं के हाथ में होती है तब देश की तरक्की बहुत तेजी से होती है। उपराष्ट्रपति ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रस्तुत किए जाने वाले दिन की याद दिलाते हुए छात्राओं से कहा कि यह विधेयक गणेश चतुर्थी के दिन प्रस्तुत किया गया था इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह आपके लिए और देश के लिए कितना शुभ है, यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है और यह भविष्य में हमारे समाज में बहुत परिवर्तनकारी सिद्ध होगी। उन्होंने आगे कहा कि इससे महिलाओं को उनके हक मिलेंगे और वे विकास की मुख्य धारा में सक्रिय रूप से अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

संस्थान के निदेश की प्रशंसा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि , संस्थान में तपोवन है, योगशाला भी है, हमारी संस्कृति हमारी ताकत है और यह संस्थान भारतीय संस्कृति के मूल सिद्धांतों पर आधारित है। यहाँ भारतीय संस्कृति की झलक दिखती है, भारतीय संस्कार दिखते हैं और यह दुनिया की एक महानतम संस्था है। उन्होंने कहा आपने बहुत मेहनत से संस्थान को इस मुकाम तक पहुंचाया है इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

अपने संबोधन में उन्होंने आगे कहा कि हमारी संस्कृति पाँच हजार सालों से भी पुरानी है। जी-20 के सफल आयोजन के दौरान दुनिया के सभी नेताओं ने हमारी संस्कृति के दर्शन किए और भारतीय संस्कृति से परिचित हुए हमारी संस्कृति का कोई मुकाबला नहीं है। उन्होंने कहा कि जी-20 के आयोजन पूरे देश में किए गए यह अभूतपूर्व है। देश के 58 से अधिक स्थानों पर जी-20 से जुड़ी बैठकें आयोजित की गयी। इससे दुनिया के नेताओं को भारतीय संस्कृति के दर्शन करने का एक सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि दुनिया के नेता हमारे देश से कभी न भूलने वाली यादें लेकर गए हैं। कभी किसी ने इतने सफल आयोजन की कल्पना नहीं की थी जैसा भारत ने करके दिखाया।

उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप ऐसे कालखंड में रह रहे हो जब भारत उन्नति की ओर अग्रसर है और यह उन्नति विश्व में प्रमाणित हो चुकी है। दुनिया स्तब्ध है। चंद्रयान-3 की सफलता का जिक्र करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि 23 अगस्त 2023 को एक ऐसा करिश्मा हुआ जिसकी कभी किसी ने कल्पना नहीं की थी, जब इसरो ने चंद्रयान-3 को चंद्रमा के उस हिस्से पर सफलतापूर्वक उतार दिया जहां दुनिया का कोई देश अभी तक नहीं पहुंच पाया था, यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, हमें भारत की इस उपलब्धि पर गर्व करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि इस उपलब्धि में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

महिलाओं की भूमिका की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि आज हमारे देश में राष्ट्रपति के पद से लेकर वित्त मंत्री जैसे उच्च पदों पर महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिकाओं का निर्वहन कर रही हैं, यह देश के लिए गर्व की बात है। उपराष्ट्रपति ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह दुनिया की एक बेहतरीन अर्थशास्त्री हैं और पूरी दुनिया में उनका एक रुतबा है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमारा देश तेरह साल पहले दुनिया की पाँच सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता था और आज हम विश्व की पांच सबसे मजबूत अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गए हैं और हमने अपनी इस विकास यात्रा के दौरान यूके और फ्रांस जैसी शक्तियों को पछाड़ा है। उन्होंने आगे कहा कि बहुत ही जल्द भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति होगा और इसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उपराष्ट्रपति ने छात्राओं से कहा जब 2047 में भारत अपनी आजादी का शताब्दी वर्ष मना रहा होगा उस समय आप लोग निर्णायक भूमिका में होंगे।

उपराष्ट्रपति ने स्वामी विवेकानंद के वचनों को याद करते हुए कहा कि स्वामी जी ने कहा था कि कोई भी देश महिलाओं को सशक्त किए बिना खुशहाल नहीं हो सकता और न ही तरक्की के उच्च शिखर तक नहीं पहुंच सकता। उपराष्ट्रपति ने पद्म पुरस्कारों का जिक्र करते हुए कहा कि आज भारत में यह परिवर्तन आया है कि सामान्य लोगों को जिन्होंने सराहनीय कार्य किए हैं उन्हें यह पद्मश्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण जैसे अलंकरण प्रदान किये जा रहे हैं,

# रामनगर पंचवटी से लंका मार्ग बदहाल, कैसे होगी रामलीला

## *पंचवटी और लंका मैदान होता है विश्व प्रसिद्ध रामलीला का मंथन*

**सामाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी/ विश्वविख्यात रामनगर का मेला और मेले में प्रयोग होने वाला मार्ग से कलाकार आते जाते हैं हजारों के तादाद में मेला देखने वाले भक्त भी इसी मार्ग का इस्तेमाल करते हैं वह मार्ग पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो चुका है संबंधित विभाग अधिकारी कर्मचारी सब मस्त जितेंद्र कुमार यादव पूर्व पार्षद रामनगर ने जताया विरोध भारी वाहनों के चलने वाले इस मार्ग पर गड्ढों के बनने से छोटे वाहनों का चलना मोहाल हो गया है,इस दौरान हुई बरसात ने गड्ढों में पानी भरने से आवागमन ठहर सा गया है।

पानी के चलते सड़क से आने जाने वाले अंदाज नहीं लगा पाते और अक्सर इन गड्ढों गिरकर चोटिल हो जाते है,वहीं अब रामनगर शहरी क्षेत्र में सुबह नो एंट्री चालू हो जाने के बाद भारी वाहनों को पीएसी से मोड़कर दुर्गा मंदिर पंचवटी और लंका होते होते हुए विश्वसुंदरी पुल और औद्योगिक क्षेत्र की तरफ निकाल दिया जाता है बिहार से छोटे बड़े वाहन इसी रास्ते आते है लगता है लंबा जाम। दरअसल मार्ग क्षतिग्रस्त होने से आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है और हर समय दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है व छोटी गाड़ी अक्सर पलट जाया करते है,जिससे आवागमन बाधित हो जाता है। दो दिन बाद रामनगर की विश्व प्रसिद्ध रामलीला पंचवटी एवं लंका मैदान तरफ शुरू होने वाली है। सुपर्णखा नक्कटैया से लेकर श्रीराम के अयोध्या वापसी तक की लीला का मंचन इसी क्षेत्र में होता है। लीला देखने प्रतिदिन भारी भीड़ जुटती है। यहीं हाल रहा तो क्षतिग्रस्त सड़क लोगों को भारी सिरदर्द दे सकती है। एक महीना पहले खबर चलने के बाद रोड पर गिट्टी डालकर कोरमा पूरा कर दिया गया था फिर वही हाल हो गया सड़क और धस गई है जितेन्द्र यादव पूर्व सभासद प्र, मुन्ना खान, नरेश यादव, पिंटू यादव सत्यजीत विश्वकर्मा, राजेंद्र यादव, बृजेश यादव मोनू सोनकर बनारसी यादव, महानंद मौर्या आदि लोग मौजूद रहे।



# एकपक्षीय पुलिस कार्यवाही के विरोध में रामनगरी का बाजार बंद

- सभी दलों के व्यापारियों ने एकजुट होकर किया बंदी का समर्थन
- मारपीट के विवाद में पुलिस द्वारा एक तरफा कार्यवाही करने का लगा आरोप

**समाज जागरण अयोध्या।**

पुलिस कार्रवाई के विरोध में अयोध्या रामनगरी की बाजार बंद रही। सभी दलों के व्यापारियों ने बंदी का समर्थन किया। व्यापार बंद होने की वजह से श्रद्धालुओं को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मामला व्यापार मंडल के महामंत्री और पूर्व भाजपा सभासद अचल गुप्ता से जुड़ा हुआ है। जिनके खिलाफ मारपीट की घटना को लेकर कोतवाली अयोध्या में मुकदमा पंजीकृत हुआ था।

अयोध्या व्यापार मंडल के अध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता ने बताया कि व्यापार मंडल के महामंत्री और पूर्व भाजपा सभासद अचल गुप्ता का एक मामूली मारपीट का विवाद हो गया था। जिसमें पुलिस ने एक तरफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया। जिसमें अंचल गुप्ता की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस दबिश डाल रही थी। गुरुवार की रात 10:00 बजे पुलिस उनकी दुकान बंद कर कर वहां बैठे रिश्तेदार को थाने ले आई। रात में जब व्यापारियों ने इसका विरोध किया तो उन्हें छोड़ा गया। इस घटना के विरोध में व्यापारियों ने एक दिन की बंदी किया है अगर न्याय ना मिला तो अनिश्चितकालीन बंदी की जाएगी।



वहीं व्यापारी नेता नंद लाल गुप्ता का कहना है व्यापार मंडल के महामंत्री अचल गुप्ता के ऊपर एक बड़ी हस्ती के दबाव में पुलिस ने एक तरफा कार्रवाई की। मामले में दोनों तरफ से फिर दर्ज होनी थी। परंतु एक पक्ष की रिपोर्ट दर्ज की गई । मामूली मारपीट में 307 की धारा लगा दी गई। इसको लेकर के व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल एसपी से मिला था । जहां आश्वासन मिला था कि मेडिकल के आधार पर ही धाराएं लगाई जाएगी और कार्रवाई की जाएगी। परंतु उसके बाद भी प्रशासन एक तरफा कार्रवाई कर रहा है।

# कुशवाहा नगर में मारपीट के मामले में दोनों पक्षों के आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

फिरोजाबाद। थाना उत्तर क्षेत्र में मारपीट के मामले में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ मारपीट व छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। कुशवाहा नगर में 3 अक्टूबर को दो पक्षों के बीच गाली गलौज को लेकर विवाद हो गया था। दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। बाद में उनके बीच पथराव हो गया था। दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ महिलाओं से छेड़छाड़ का आरोप लगाया।

मारपीट के मामले में रूपा देवी पत्नी रामनाथ कुशवाहा ने अंगूरी देवी पत्नी श्रीपाल उसके बेटे दीपेंद्र व विमल तथा दूसरे पक्ष के देवेंद्र ने मुनेश पुत्र रामनाथ प्रीति पत्नी दिलीप दिलीप कुमार पुत्र रामनाथ रूपा देवी पत्नी रामनाथ तथा मुकेश पुत्र रामनाथ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सभी कुशवाहा नगर के रहने वाले हैं।

# घर में घुसकर सो रही महिला से छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

फिरोजाबाद। थाना पचोखरा क्षेत्र में घर पर सो रही महिला के साथ गांव के ही युवक ने घुसकर छेड़छाड़ की। विरोध करने व चिल्लाने पर युवक वहां से भाग गया। महिला के बेटे ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना पचोखरा के क्षेत्र निवासी राजाराम पानीपत में काम करता है। वह अपने परिवार के साथ पानीपत में ही रहता है। उसकी मां गांव में रहती है।

युवक की मां 3 अक्टूबर को घर पर सो रही थी। इस दौरान अजय पुत्र राम प्रकाश ने दरवाजा खटखटाया। महिला ने दरवाजा नहीं खोला। कुछ देर बाद महिला किसी कार्य से बाहर आई।

किवाड़ खुला देख युवक घर के अंदर घुस कर बैठ गया। राजाराम की माने तो उसकी मां के सोते ही युवक ने कमरे में पहुंचकर छेड़छाड़ शुरू कर दी। महिला ने जाग कर चिल्लाना शुरू कर दिया। तभी युवक वहां से भाग गया। महिला ने अपने बेटे को फोन से घटना के बारे में बताया। बेटे ने आकर गुरुवार को घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# नई दिल्ली में छावला स्थित बीएसएफ कैंप में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के लिए 'श्रीअन्न किसान उत्पादक संगठन प्रदर्शनी' का आयोजन किया गया

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस कर्मियों में मोटे अनाजों या 'श्री अन्न' की खपत को बढ़ावा देने के लिए, कृषि और किसान कल्याण विभाग ने गृह मंत्रालय के तहत केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के लिए 'श्रीअन्न किसान उत्पादक संगठन' प्रदर्शनी की 6 अक्टूबर 2023, छावला, नई दिल्ली में बीएसएफ कैंप में मेजबानी की थी। देश के 30 से अधिक किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) ने विभिन्न अर्द्ध सैनिक बलों के लगभग 1,000 उपस्थित लोगों को कच्चे श्री अन्न, रेडी-टू-कुक (आरटीसी) और रेडी-टू-ईट (आरटीई) उत्पादों आदि सहित विभिन्न प्रकार के उत्पादों का प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन कृषि और किसान कल्याण विभाग के अपर सचिव श्री फैज अहमद किदवई ने रिबन काटकर किया। उनके साथ कृषि और किसान कल्याण विभाग की अपर सचिव श्रीमती मनिंदर कौर और संयुक्त सचिव (फसल) श्रीमती शुभा ठाकुर भी उपस्थित थी।

अपने उद्घाटन संबोधन में अपर सचिव श्री फैज अहमद किदवई ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे 75,000 से अधिक एफपीओ छोटे किसानों को संसाधनों और बाजार कनेक्शन के साथ सहायता प्रदान करने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और हरियाणा के 34 श्रीअन्न एफपीओ देश में श्रीअन्न उत्पादों की विविधता का प्रदर्शन करने और भविष्य की खरीद के लिए सीएपीएफ कैंटीन और डिपार्टमेंटल स्टोर के साथ सीधा संबंध स्थापित करने के दोहरे उद्देश्य से इस मेगा आयोजन के लिए एकत्र हुए थे।

श्रीमती शुभा ठाकुर, अपर सचिव (फसल), ने श्रीअन्न अपनाने की उत्सुकता के लिए अर्धसैनिक बलों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस प्रदर्शनी में श्रीअन्न उत्पादों की अपनी श्रृंखला के लिए 34 एफपीओ की सराहना की और श्रीअन्न एफपीओ और अर्धसैनिक बलों के बीच एक उपयोगी सहयोग की आशा व्यक्त की।

इस प्रदर्शनी ने एफपीओ के लिए सशस्त्र बलों और उनके परिवारों के साथ सीधी बातचीत करने का भी अवसर प्रदान किया, जिससे उन्हें घरेलू रूप से उत्पादित श्रीअन्न आधारित उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला से परिचित कराया गया। इसके अतिरिक्त, प्रदर्शनी के दौरान खरीद अधिकारियों और शेफ/रसोइयों को उत्पादों की विविधता, श्रीअन्न खरीदारी में आसानी और अपनी-अपनी संबंधित इकाइयों के लिए भविष्य की खरीद के लिए एफपीओ के साथ जुड़ाव करने का मौका भी मिला।

इस वर्ष की शुरूआत में, गृह मंत्रालय ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के कर्मियों के भोजन में 30 प्रतिशत श्रीअन्न शामिल करने का एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया। अंतर्राष्ट्रीय श्रीअन्न वर्ष के समारोह के अनुरूप, इस निर्णय का उद्देश्य अर्धसैनिक बलों के कर्मियों के लिए ऊर्जा से भरपूर भोजन विकल्प के रूप में श्रीअन्न को बढ़ावा देना और उनकी शारीरिक मांग वाली दिनचर्या में सहायता प्रदान करना है। यह निर्णय इसलिए लिया गया है क्योंकि श्रीअन्न बाजरा फाइबर, खनिज और आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर हैं। अगस्त 2023 में, कृषि और किसान कल्याण विभाग ने असम राइफल्स, सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड, सशस्त्र सीमा बल और विभिन्न सरकारी कैंटीन सहित अर्धसैनिक बलों के साथ काम करने वाले 250 से अधिक शेफों और रसोइयों के लिए एक पाक प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किया था। सफल प्रशिक्षण सत्र ने प्रतिभागियों को साधारण नाश्ते से लेकर पौष्टिक भोजन तक विभिन्न प्रकार के श्रीअन्न आधारित व्यंजनों से परिचित कराया, जिन्हें वे अपनी कैंटीन और मेस सुविधाओं के दैनिक मेनू में शामिल करने के लिए उत्सुक थे। प्रदर्शनी के दौरान 34 से अधिक किसान उत्पादक संगठनों ने कमांडेंट, सेकेंड-इन-कमांड, क्वार्टरमास्टर, शेफ/रसोइया और उनके परिवारों के सामने अपने उत्पादों की अनूठी श्रृंखला प्रदर्शित की और अपने उत्पाद बेचे। प्रदर्शनी के उल्लेखनीय आकर्षणों में फॉक्सटेल श्रीअन्न खाखरा, श्रीअन्न कुकीज, ज्वार के लड्डू, बाजरा रस्क, रागी नमकीन, केक आदि जैसे खाने के लिए तैयार उत्पाद शामिल थे।

# हरियाणा के 11 जिलों की 303 कॉलोनियों को किया जाएगा नियमित - मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर

**विनोद कश्यप**
**प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, अक्टूबरः हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज यहाँ आयोजित एक प्रेस वार्ता में घोषणा की कि हरियाणा सरकार शीघ्र ही 11 जिलों की 303 कॉलोनियों को नियमित कर रही है। नियमित की जाने वाली अवैध कालोनियों में 21नगर पालिकाओं की 193 कॉलोनियों के अलावा नगर एवं योजना विभाग की 110 कालोनियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार हम पूरे प्रदेश में कुल मिलाकर 303 कॉलोनीयों को नियमित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न जिलों में 509 ऐसी पॉकेट कालोनियां भी हैं ,जिनमें बहुत ही कम संख्या में मकान बने हैं। हम सबको आवास मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्प हैं।हमारी योजना है कि प्रदेश के अलग अलग क्षेत्रों की इन कॉलोनियों को भी 31 जनवरी 2024 तक 509 नियमित कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के ऐसे परिवार जिनकी आय 1.80 लाख से कम हैं उनके प्लॉट या फ्लैट के लिए आवेदन मांगे गए हैं, जिसके लिए अब तक 2 लाख आवेदन आए हैं । जिन परिवारों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होगी उन सबके जीवन स्तर में सुधार के लिए ही सरकार ने छोटे छोटे प्लाट और फ्लैट बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं।

मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि ऐसे वर्गों के लोग जिनके पास फ्लैट या प्लाट के लिए योजना के अनुसार राशि उपलब्ध नहीं है, उनके लिए भी प्रबंध किया जा रहा है। यानि ऐसे परिवार जो राशि वो मौजूदा वक्त में जमा करने की स्थिति में हैं, उनके उस पैसे के अलावा बैंक के माध्यम से सहायता दिया जाना प्रस्तावित है।

सरकार की ओर से इस अवधि के दौरान जो कॉलोनियों नियमित होंगी उनके विकास के लिए 3000 करोड़ रुपए रखे गए हैं। इस राशि से कालोनियों में मार्ग और सड़कों के अलावा जल और सीवरेज की व्यवस्था के लिए जिलावार राशि आवंटित कर दी जाएगी।

देखने में आया है कि वर्षों पूर्व बनी कालोनियों में बन रहे मकानों को देखकर शहरों, कस्बों और गांव ही नहीं बल्कि गाँवों की फिरनीयों और शामलाती भूमि को घेर कर लोगों ने अवैध कालोनियों के निर्माण का काम शुरू कर दिया है। सरकार ने ऐसी अनधिकृत कॉलोनी की बढ़ती संख्या पर अंकुश लगाने के लिए ड्रोन या सैटेलाइट इमेजिनरी व्यवस्था करने के लिए सभी नगर निगमों और पालिकाओं को निर्देश जारी किया है। इन की रोकथाम के लिए ड्रोन के माध्यम से सर्वे किया जाएंगे ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते 9 वर्ष के अंतराल के भीतर यानि 2014 से अब तक कुल 1438 कॉलोनी को नियमित किया जा चुका है।

सरकार ने नियमों में इतनी ढील दी है कि अब रेजिडेंशियल वैलफेयर एसोसिएशन की बजाए कोई भी 5 लोग कॉलोनी को नियमित करने के लिए आवेदन करने की छूट मिलेगी और उसके नियमित होने के बाद रेजिडेंट वैल्फैयर एसोसिएशन के जरिए के लिए सभी औपचारिकताएं पूरी कराई जाएंगी।


उन्होंने कहा कि सरकार के नोटिस में एक बात आई कि बहुत से परिवार जिनकी कृषि भूमि , रेजिडेंशियल भूमि के अलावा और भी बहुत सी सम्पत्तियों का सांझा रिकॉर्ड सरकार के पास नहीं था और लोगों ने अवैध तरीके से भूमि, मकान ,दुकानें और शोरूम बना कर मोटा मुनाफा कमा रहे थे और उनके नाम जितना सम्पत्ति कर बनता था न भरकर सरकार को चूना लगा रहे थे,ऐसे विवादों को शांत करने के लिए हमने विवादों से समाधान के तहत संपत्ति कर में बकाया भुगतान पर छूट देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे परिवार और भूमि व सभी प्रकार की प्रापर्टी के मालिकों के लिए भी सरकार ने नरम रवैया अपनाया है। इस 31 दिसम्बर 2023 तक स्व प्रमाणित करने वाले संपत्ति मालिकों को ये छूट दी जाएगी।

**इसमें जो बड़ी बात है वो ये कि मूल राशि पर एरियर और ब्याज पर भी सरकार की ओर से 100 फीसदी की छूट दी जाएगी।यह छूट लगभग 8000 करोड़ की होगी।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में बिल्डर्स कालोनियां काटकर और कई- कई मंजिल की इमारतें बनाने के साथ तैयार किये गए फ्लैट्स को ऊंचे दामों पर बेचने के काम में लगी हुई हैं, ऐसे बिल्डरों को विभिन्न सरकारी व्यवस्थाओं के लिए लाइसेंस लेना आवश्यक था। लाइसेंस के लिए पॉवर विभाग को जमीन देनी पड़ती थी जिससे उपभोक्ताओं को बिजली दी जा सके। अब सरकार ने फैसला किया है कि हर
बिल्डर को कंस्ट्रक्शन से पहले पॉवर हाउस के लिए जमीन और 50 फीसदी पैसा देना होगा।

उन्होंने कहा कि गाँवों और शहरों में बहुत से मकान वहाँ उपलब्ध कराई गई बिजली व्यवस्था से पहले नहीं थे। बाद में बने ऐसे घरों के ऊपर से गुजरने वाली बिजली की तारों को रेजिडेंशियल भूमि से हटाने के लिए हमने 2016 में घरों के ऊपर से गुजर रही तारों को हटाने का एक अभियान चलाया था, जिसके तहत 7849 स्थान पर 11 केवी और 95 स्थान पर 33 केवी लाइनों को दूसरे स्थान पर बदला गया ऐसा होने से अनेकों परिवारों को राहत मिली है। पूरे प्रदेश में शुरू किए गए इस अभियान पर 112 करोड रुपए के करीब खर्च हुए हैं।

बिजली विभाग के नोटिस में आया है कि बाद में निर्मित मकानों की छतों के ऊपर से विभिन्न स्थानों पर बिजली



लाईन्स गुजर रही है। हमने अब फिर से इन लाइनों को हटाने की सरकार ने एक स्कीम बनाई जिसके तहत 151 करोड रुपए खर्च कर लाइनों को बदल जाएगा ।

**उन्होंने कहा कि गांव की फिरनी के 3 किलोमीटर के दायरे में आने वाली ढाणियों के घरेलू कनेक्शन दिए जाएंगे। विभिन्न निगम इसके लिए बुनियादी ढांचा पर होने वाला खर्च 300 मीटर निगम वहन करेंगे ।**

उन्होंने कहा कि हमने 23 जुलाई से कृषि नलकूप उपभोक्ता के लिए स्वैच्छिक लोड निर्धारण स्कीम 2023 शुरू की है। इसमें आवेदन करने की अंतिम तिथि 3 अक्टूबर थी। उस अवधि के दौरान इस स्कीम का लाभ 86304 कृषि नलकूप उपभोक्ताओं ने उठाया है।

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम ने पंचकूला स्थित मुख्यालय पर गत माह उपभोक्ताओं को विभिन्न प्रकार की बिजली समस्याओं से निजात दिलाने के लिए उपभोक्ता सप्ताह का आयोजन किया और उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। जो कृषि उपभोक्ता इसका लाभ लेना चाहते हैं वो अब उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के पोर्टल पर जाकर 31 अक्टूबर तक अपना कनेक्शन लोड बढ़ाने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि बिजली चोरी के मामले निरंतर बढ़ने और ऐसे लोगों की शिकायतें मिलने पर उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाती है। बिजली चोरी करने और स्वयं को बचाने के लिए ट्रांसफार्मर्स तक चोरी करने के मामले एक गंभीर समस्या है। अब इनकी चोरी होने और किसान की शिकायत पर एफआईआर पर दर्ज होगी, नए ट्रांसफार्मर के लिए 25 फीसदी (जो पहले 50 फीसदी था) भरना होगा।

उन्होंने कहा कि सतलुज यमुना सम्पर्क नहर के निर्माण के लिए आदेशों के बावजूद भी पंजाब सरकार ने हरियाणा को पानी देने के लिए ना कर दी है।पहले भी इस मुद्दे पर पंजाब सरकार के साथ बातचीत में समस्या का कोई समाधान नहीं निकल पाया था और पंजाब सरकार ने बैठक में साफ साफ कहा था कि पंजाब के पास हरियाणा को देने के लिए एक बूंद भी पानी नहीं है। 4 अक्टूबर को माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने सतलुज यमुना लिंक नहर विवाद मामले की सुनवाई करते हुए हरियाणा के पक्ष में निर्णय देते हुए इसके शीघ्र निर्माण पर जोर दिया है। हरियाणा की समस्या को समझते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दिया है उसके लिए हम माननीय सुप्रीम कोर्ट का आभार प्रकट करते हैं और कोर्ट के इस आदेश पर प्रदेशवासियों को बधाई भी देते हैं। अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार को पंजाब में सतलुज यमुना सम्पर्क नहर का सर्वे कराने की प्रक्रिया शुरू करने को कहा है। हमारा केंद्र सरकार से यही निवेदन कि इस प्रक्रिया को तुरंत शुरू किया जाए ताकि नहर निर्माण होने पर किसानों को पानी मिल सके।

उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री मान की ओर से यह बात कहना निराधार है कि उनके निवास पर बैठकर हरियाणा के नेता हरियाणा के हितों की बात का नाटक करते हैं।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चीन में चल रहे एशियन गेम्स में हरियाणा के खिलाड़ियों ने 7 गोल्ड, 3 सिल्वर 11 ब्रांज के साथ अभी तक 22 मेडल जीतने पर खुशी जाहिर की और कहा कि विभिन्न पदक जीतने वाले भारत के कुल 655 खिलाड़ियों में से 86 खिलाड़ी हरियाणा प्रदेश से हैं, जो हमारे लिए गर्व की बात है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने पर 3 करोड़ रजत जीतने पर 1.5 करोड़ और कांस्य पदक जीतने पर 75 लाख रुपए और भाग लेने वाले खिलाड़ियों को 7.5 लाख रुपए के इनाम की घोषणा की है।

प्रदेश की मण्डियों में धान और बाजरे की हुई आवक के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अब तक कुल 1383638 मीट्रिक टन धान की आवक हुई जिसमें से 1171569 मीट्रिक टन की खरीद की गई जबकि 6 लाख 82 हजार मीट्रिक टन का उठान किया गया है। जिसमें 4 अक्टूबर तक 23,43 000 क्विंटल बाजरे की आवक हुई, जिसमें से 1947000 क्विंटल की बिक्री और 973000 क्विंटल का उठान हुआ है।

## हरियाणा में लोकसभा और विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी उतारेगी अपने उम्मीदवार

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़ ,अक्टूबरः आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में अपना दबदबा बनाने और अपने अधिक से अधिक उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। आमआदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक तंवर ने कहा है कि आप को हरियाणा के लोग सत्ता सौंपने के लिए इसलिए बेताब है कि इस पार्टी के नेताओं ने अपने अस्तित्व में आने और जनता के साथ किये गए हर वादे को निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। वर्तमान में दिल्ली और पंजाब इसके उदाहरण हैं। जहाँ शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में जितना जनकल्याण हो रहा है उतना पूरे देश में कहीं नहीं है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली और पंजाब से घिरा होने के कारण हरियाणा के लोगों को हरियाणा के मुकाबले इन दोनों प्रदेशों में स्वच्छ राजनीति दिखाई देती है। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल जी ने राष्ट्रीय स्तर पर एक आदर्श नेता के रूप में छवि बनाई है। उसके ही बल पर पंजाब में आम आदमी पार्टी को लोगों ने सत्ता सौंपी और कांग्रेस व अकाली दल जैसी तत्कालीन बड़ी पार्टियों के बड़े बड़े नेताओं को धूल चटाई। पंजाब में कांग्रेस पार्टी जो सत्ता में आने के दावे कर रही थी के कितने ही नेताओं को आम आदमी पार्टी के नेताओं ने चुनाव मैदान में हरा कर साबित किया है कि अब देश और प्रदेश में आम आदमी पार्टी ही जनहित में पूरी इमानदारी से काम कर रही है। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री श्री सिसोदिया पर आबकारी विभाग के अफसरों से साथ मिलकर कमाई करने का जोआरोप लगाकर भाजपा ने ईडी के द्वारा उन्हें जेल भेजने की चाल खेली वो सब के सामने है। न्यायपालिका का श्री सिसोदिया के प्रति रुख ये साबित करने के लिए काफी है कि ईडी से जब न्यायालय ने आबकारी मामले में मिलीभगत के सबूत माँगे तो वो सबूत पेश करने में नाकाम रही।

उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी हरियाणा की 10 की 10 सीटों पर अपने जीतने वाले प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारने की तैयारी में है। पार्टी की और से सभी जिलों में संगठन के बाद हमारा अगला कदम लोकसभा सीटों पर अपने प्रभारी उतारने का था। पार्टी ने सभी 10 सीटों के लिए 10 प्रभारी तैनात किये हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा विधानसभा के चुनाव में भी पार्टी ने सभी 90 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने का बीड़ा उठाया है। हरियाणा में 90 की 90 विधानसभा सीटों पर पंजाब के चेयरमैन और बड़े नेता विधानसभा प्रभारी नियुक्ति की गई है। पंजाब में आम आदमी पार्टी के स्वच्छ छवि के नेता हैं और जितने भी मंत्री हैं सबने अपने अपने विधानसभा क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाई है।

### हरियाणा के 10 लोकसभा क्षेत्रों में नियुक्त प्रभारी

अशोक तंवर ने बताया कि पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा को सोनीपत की जिम्मेदारी दी गई है और करनाल के लिए पंजाब के ही आबकारी एवं कराधान मंत्री बिजली मंत्री हरभजन सिंह को जिम्मेदारी दी गई है ।

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन
समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।।
1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक
साइज 3X5 Cm

# हरियाणा सरकार गाँव की फिरनी के 3 किलोमीटर दायरे में स्थित डेरों- ढाणियों को देगी बिजली कनैक्शन

**इच्छुक उपभोक्ता सौर ऊर्जा कनैक्शन के लिए आगे आएंगे तो मिलेगी 50 फीसदी कैपिटल सबसिडी**

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, 06अक्टूबरः हरियाणा के ग्रामीणों के लिए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि गांव की फिरनी से 3 किलोमीटर के दायरे में आने वाली डेरों-ढाणियों को बिजली के कनेक्शन दिए जाएंगे। इससे पहले हमारी सरकार द्वारा 2016 में फिरनी से 1 किलोमीटर तक बनें 10 घरों को भी कनेक्शन देने का प्रावधान किया गया था। उन्होंने कहा कि यदि अभी भी कोई घर बचता है तो वे सोलर कनेक्शन ले सकते हैं। इस पर सरकार द्वारा 50 प्रतिशत कैपिटल सब्सिडी दी जाएगी। हर घर को बिजली जरूर मिले, इसका प्रावधान राज्य सरकार कर रही है।

उन्होंने कहा कि बेचिराग गांव, जिनकी फिरनी नहीं होती, उन्हें भी कनेक्शन दिए जाएंगे। बेचिराग गांव के लिए एक कनेक्शन रिजर्व करते हैं। लगभग 200-300 गांव ऐसे हैं।

उन्होंने बताया कि 300 मीटर तक कोई सर्विस कनेक्शन चार्ज नहीं लिया जाएगा। 300 मीटर के बाद एचटी, एलटी लाइन की जितनी लंबाई होगी, उसके खर्च का केवल 50 प्रतिशत पैसा उपभोक्ताओं से लिया जाएगा, शेष खर्च निगम वहन करेगा। पहले 150 मीटर के बाद कनेक्शन का सारा खर्च उपभोक्ता से लिया जाता था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां डेरा ढाणियों के मौजूदा बिजली कनेक्शन लकड़ी के खंभों आदि के सहारे है, वहां निगम की ओर से बुनियादी ढांचा प्रदान किया जाएगा। इससे उपभोक्ताओं को लो-वोल्टेज की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। जिस लो वोल्टेज कनेक्शन के लिए लो टेंशन लाइन की लंबाई वितरण ट्रांसफार्मर से 300 मीटर तक विस्तार करने की जरूरत है, उसके लिए सर्विस कनेक्शन चार्ज उतना ही लिया जाएगा, जितना नया कनेक्शन जारी करने या लोड बढ़ाने के लिए लिया जाता है।

**बिजली के ढांचागत विकास हेतु लाइसेंस देने के लिए सरकार ने बनाई नीति**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली के ढांचागत विकास हेतु लाइसेंस देने के लिए सरकार ने एक नीति बनाई है, जिसके तहत नये पॉवर स्टेशन बनाने के लिए जमीन निर्माण से पहले देनी होगी। हाऊसिंग प्लान की अनुमति से पहले 50 प्रतिशत पैसा जमा करवाना होगा। इसके बाद शेष 50 प्रतिशत 2 साल के अंदर या ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट देने से पहले, जो भी जल्दी हो, जमा करवाना होगा। तत्पश्चात इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के बाद विभाग व्यक्तिगत कनेक्शन देगा।

**स्वैच्छिक लोड निर्धारण स्कीम की अंतिम तिथि बढ़ाकर की 31 अक्टूबर**

श्री मनोहर लाल ने कहा कि स्वैच्छिक लोड निर्धारण स्कीम के तहत आवेदन करने की अंतिम तिथि को सरकार ने बढ़ाकर 31 अक्तूबर कर दी है। उन्होंने कहा कि 23 जुलाई से कृषि नलकूप उपभोक्ताओं के लिए स्वैच्छिक लोड निर्धारण स्कीम शुरू की थी। इसमें आवेदन करने की अंतिम तिथि 3 अक्टूबर थी। उन्होंने बताया कि इस स्कीम के तहत अभी तक 86,304 ने आवेदन करके लोड घोषित किया है। इसके अनुसार 600 मेगावॉट अतिरिक्त लोड बढ़ाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के हित में एक और बड़ा फैसला लेते हुए पुलिस विभाग को किसी किसान के खेत से डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर की चोरी होने पर थानों में बिना समय गवाएं एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। ट्रांसफार्मर चोरी होने की स्थिति में नये ट्रांसफार्मर लगाने के लिए किसान को 50 प्रतिशत अब केवल 25 प्रतिशत राशि वहन करनी होगी। यदि ट्रांसफार्मर 10 साल से लगा है तो किसान केवल 10 प्रतिशत राशि देकर नया ट्रांसफार्मर लगवा सकता है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर, नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अरूण गुप्ता, ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री एके सिंह आदि उपस्थित थे।

# दीपावली पर पटाखे फोड़ने के मामले में चण्डीगढ़ प्रशासन हुआ सख्त

## पुलिस को इस दिशा में समुचित कदम उठाने के दिए गए आदेश अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों के निकट पटाखे फोड़ने और प्रदूषण फैलाने वालों पर होगी कठोर कार्यवाही

**अदिति गौड़**
**कार्यालय संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**

चण्डीगढ़, अक्टूबर प्रदूषण से लोगों को राहत दिलाने और चण्डीगढ़ को स्वच्छता मामले में प्रथम स्थान पर बनाए रखने के लिए चण्डीगढ़ प्रशासन ने विभिन्न सरकारी कार्यालयों, पुलिस बल स्वास्थ्य विभाग और इस्टेट आफिस को हिदायत दी है कि इस दिशा में प्रशासन को चेतना बरतने की जरूरत है।

क्योंकि कुछ दिनों बाद दशहरे का त्योहार है और फिर इसके बाद दिवाली आएगी। दोनों ही त्योहारों पर पटाखे खूब फोड़े जाते हैं। जिससे प्रदूषण काफी ज्यादा बढ़ जाता है और परेशानी पैदा हो जाती है। इसीलिए चंडीगढ़ में पटाखे फोड़ने को लेकर अहम निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इन निर्देशों का पालन करना हर हाल में अनिवार्य होगा। वरना फिर कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि, चंडीगढ़ प्रशासन ने शहर में सिर्फ सर्टिफाइड ग्रीन पटाखे बेचने और उपयोग करने को कहा है। ग्रीन पटाखों के अलावा और किसी तरह के पटाखे न बेचे जा सकेंगे और न उपयोग किए जाएंगे। यहां तक कि, प्रशासन ने सभी ई-कामर्स वेबसाइट जैसे फ्लिपकार्ट, अमेजन इत्यादि को चंडीगढ़ में पटाखों का ऑनलाइन ऑर्डर मंजूर न करने की हिदायत दी है। यानि ये ई-कामर्स वेबसाइटस चंडीगढ़ में पटाखों को बेचने का ऑनलाइन ऑर्डर नहीं ले पाएंगी। प्रशासन ने कहा कि, शहर में केवल वही पटाखे बेच पाएंगे जिन्हें लाइसेन्स मिला होगा।

### दशहरे पर पुतलों में भरे जाएं ग्रीन पटाखे

प्रशासन का कहना है कि, दशहरे के त्योहार पर रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के जो पुतले तैयार किए जा रहे हैं। उनमें केवल ग्रीन पटाखे ही भरे जाएं। प्रशासन ने कहा कि, शहर के जिस भी क्षेत्र में पुतले बनाए जा रहे हैं वहां उक्त क्षेत्र के एसएचओ को यह सुनिश्चित करना होगा कि पुतलों में ग्रीन पटाखों के अलावा और किसी तरह के पटाखे तो नहीं भरे गए हैं। इसके अलावा दशहरे पर और कोई भी व्यक्ति पटाखे नहीं फोड़ेगा। दशहरे पर पटाखे फोड़ने की अनुमति नहीं होगी।

### दिवाली पर रात 8 से 10 बजे तक का समय निर्धारित "दिवाली पर रात 8 बजे से 10 बजे तक ही पटाखे फोड़े जा सकेंगे

चंडीगढ़ प्रशासन ने दिवाली पर पटाखों को फोड़ने का समय भी तय किया है। प्रशासन के निर्देश के अनुसार, दिवाली पर रात 8 बजे से रात 10 बजे तक ही पटाखे फोड़े जा सकेंगे। यानि इस समय के बीच केवल दो घंटे पटाखे चला सकते हैं। वहीं दिवाली के अलावा श्री गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व दिवस सुबह 4 बजे से सुबह 5 बजे तक और रात में 9 से 10 बजे तक एक घंटे के लिए पटाखे चलाने की अनुमति होगी।

### साइलेंस जोन में पटाखे फोड़ने की अनुमति नहीं

चंडीगढ़ प्रशासन ने साइलेंस जोन में पटाखे फोड़ने की अनुमति नहीं दी है। प्रशासन का कहना है कि, अस्पताल, नर्सिंग होम और अन्य हेल्थ केयर सेंटर व शैक्षिक संस्थानों, कोर्ट और धार्मिक स्थानों के साथ-साथ ऐसा कोई भी स्थान जो साइलेंस जोन में आता है वहां से लगभग 100 मीटर की दूरी के दायरे तक पटाखे फोड़ने की अनुमति नहीं होगी।

प्रशासन ने सभी संबन्धित विभागों को उक्त निर्देशों की पालना कराने को कहा है। विषेशरूप से पुलिस को यह सुनिक्षित करने को कहा गया है कि, निदेर्शों की अपालना न होने पाये। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया अगर शहर के किसी क्षेत्र में निर्देशों की पालना नहीं होती है तो उक्त क्षेत्र के एसएचओ को इसके लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार माना जाएगा। प्रशासन ने कहा कि, निदेर्शों की पालन न करने वालों पर आईपीसी के साथ अन्य अधिनियमों में तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाये। इसके अलावा प्रशासन ने जनसम्पर्क विभाग को एक व्यापक जागरूकता आभियान चलाने को भी कहा है जिसमें पटाखे फोड़ने के गंभीर परिणामों के बारे में बताया जाये।

### प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर की दुहाई दी

बता देंकि, चंडीगढ़ प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर की दुहाई दी है। सुप्रीम कोर्ट ने साल 2018 में ग्रीन पटाखों को ही बेचने और उपयोग करने का ऑर्डर दिया था।

# गैंगस्टर अमित डागर की पत्नी और लेडी डॉन ट्विंकल को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**एस. के. शर्मा संवाददाता दैनिक समाज जागरण हरियाणा**

गुरुग्राम, अक्टूबरः हरियाणा में गुरुग्राम पुलिस ने कौशल गैंग के कुख्यात गैंगस्टर अमित डागर की पत्नी और लेडी डॉन ट्विंकल को गिरफ्तार किया है। गैंगस्टर की पत्नी पर अपने पति का डर दिखाकर गुरुग्राम की खांडसा मंडी से जबरन वसूली करने का आरोप है। गुरुग्राम की क्राइम ब्रांच सेक्टर 10 ने गैंगस्टर की पत्नी को गिरफ्तार किया है बता दें कि कौशल चौधरी और और अमित डागर के जेल में जाने के बाद से लेडी डॉन ट्विंकल ही पूरी गैंग को ऑपरेट कर रही थी. खांडसा मंडी गुरुग्राम की सबसे बड़ी मंडी मानी जाती है. एसीपी क्राइम ने बताया कि लेडी डॉन कौशल गैंग की फाइनेंशियल सपोर्ट को लगातार मजबूत कर रही थी।

**कोर्ट में पेशकर दी न्यायिक हिरासत**

ट्विंकल की गिरफ्तारी को लेकर एसीपी क्राइम वरुण दहिया ने बताया कि गुरुवार को ट्विंकल को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दरअसल, खांडसा मंडी में उगाही के कारोबार संचालन करने पर पुलिस ने बीती 15 जुलाई को ट्विंकल को गिरफ्तार किया था। जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद ट्विंकल की गैंग ने दोबारा से खांडसा मंडी में उगाही का कारोबार करना शुरू कर दिया था।

# हरियाणा में गुंडागर्दी करने वालों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस कर रही व्यापक प्रबंध

## महिलाओं की सुरक्षा के लिए उठाने हैं प्रभावी कदम

**अदिति गौड़ कार्यालय संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़ , 06 अक्टूबरः हरियाणा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) शत्रुजीत कपूर ने बताया कि प्रदेश के हर जिले में हरियाणा पुलिस की लॉ एंड ऑर्डर कंपनी बनाई जा रही है। ये कंपनी लॉ एंड ऑर्डर जैसी स्थिति में तुरंत पहुंच कर प्रभावी रूप से काम करेगी। इसके अलावा असामाजिक तत्वों पर भी शिकंजा कसा जाएगा।

डीजीपी ने बताया कि प्रदेश में गुंडागर्दी करने वालों की भी लिस्ट बनाई जा रही है। इसके बाद उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा। वे शुक्रवार शाम रेवाड़ी में पुलिस के अधिकारियों के साथ अहम बैठक करने पहुंचे। इस दौरान रेवाड़ी रेंज आईजी राजेन्द्र कुमार के अलावा एसपी दीपक सहारण भी मौजूद रहे।

### महिला सुरक्षा पर पूरा फोकस

डीजीपी ने बताया कि रेवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र है। इस लिहाज से क्षेत्र की सुरक्षा पर भी पूरा फोकस किया जा रहा है। इसके साथ ही हरियाणा में महिला सुरक्षा उनकी प्राथमिकता में है। इसी के मध्य नजर महिला सुरक्षा की दृष्टि में प्रभावी कदम उठाए जा रहे है। साइबर क्राइम को रोकने में भी पुलिस बड़े स्तर पर काम कर रही है। हर जिले में साइबर थाने बन चुके है। उनको जो सपोर्ट चाहिए उसमें हम इजाफा कर रहे है।

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन
समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।।
1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक साइज 3X5 Cm

# हरियाणा में ब्राह्मण समाज पर राजनीति हुई शुरू

## हरियाणा में रोहतक एमडीयू में होने जा रहे 8 अक्टूबर को ब्राह्मण समाज के सम्मान समारोह में मुख्यातिथि पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा

**कैलाश वर्मा संवाददाता दैनिक समाज जागरण हरियाणा**

रोहतक, अक्टूबरः हरियाणा की राजनीति में ब्राह्मण समाज ने 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए अपनी भागीदारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। इस दिशा में ब्राह्मणों ने तय किया है कि किसी भी राजनीतिक दल ने 9 साल के अंतराल में अभी तक ब्राह्मणों के हित की बात नहीं सोची। जबकि यही समाज का एक ऐसा वर्ग है जिसने समय समय पर समाज में चेतना और शिक्षा प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाई है।

इस अवसर पर कुलदीप वत्स ने कहा कि ब्राह्मण समाज के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप के उत्थान के बारे में किसी ने कभी कोई ऐसा काम नहीं किया कि इस वर्ग के बच्चों और परिवारों की आर्थिक स्थिति सुधरे। आज इस समाज के लिए आर्थिक रूप से पिछड़े होने के कारण आरक्षण की जरूरत है। क्योंकि ब्राह्मण ने हमेशा स्वयं को उच्च वर्गीय समझा इसलिए आरक्षण की मांग नहीं की। आज यह वर्ग आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण बुरी हालत में है। उन्होंने कहा कि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में 8 अक्टूबर को ब्राह्मण समाज की ओर से बड़े स्तर पर अपनी माँगों के लिए आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को आमंत्रित किया गया है और उन्होंने अपनी स्वीकृति भी दे दी है। उन्होंने कहा कि इस सम्मान समारोह में बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक की जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है और मैं विश्वास दिलाता हूं कि ब्राह्मण समाज को आरक्षण दिलवाने के लिए वो जी जान लगा देंगे। हालात यहाँ तक पहुँच जाएंगे कि 2024 चुनाव की राजनीति ब्राह्मण समाज के इर्दगिर्द घूमेगी।

# पोर्टल पर गड़बड़ी के चलते फसल को सस्ता बेचने के लिए मजबूर हुए किसान- गुरनाम सिंह चढ़ूनी

## पोर्टल कुछ दिन के लिए खोला जाये दोबारा

**महेश शर्मा संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा**

चण्डीगढ़ ,06अक्टूबरः हरियाणा में सिरसा के उपमंडल कालांवाली के विभिन्न गांवों के किसानों को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर गड़बड़ी के कारण फसल पंजीकरण संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिसके रोषस्वरूप भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के नेतृत्व में किसान एकत्रित होकर प्रदेश सीएम के नाम एसडीएम सुरेश रविश को ज्ञापन सौंपने पहुंचे।

इस दौरान किसानों ने एसडीएम की गैर-मौजूदगी में तहसील कानूनगो को ज्ञापन सौंपकर पोर्टल की गड़बड़ी को दुरूस्त करके किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान करवाने और पोर्टल को कुछ दिन के लिए दोबारा से खोलने की मांग रखी।

भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के ब्लॉक प्रधान सत्ता चहल, युवा ब्लॉक प्रधान गुरप्रीत सिंह दादू बताया कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर किसानों की फसल की जो पंजीकरण किया गया है। प्रशासन की ओर से इस पंजीकरण की वैरीफिकेशन गलत दर्ज की गई है। इस कारण किसानों को अपनी फसल मंडी में बेचने में परेशानी उठानी पड़ रही है। साथ में किसानों को अपनी फसल पोर्टल में गड़बड़ी के कारण कम दाम में प्राइवेट लोगों को बेचनी पड़ रही है। इससे किसानों को प्रति क्विंटल 100 रुपये से 200 रुपये तक की चपत लग रही है।

उन्होंने बताया कि जिन किसानों ने अपनी नरमे, धान की फसल का पंजीकरण करवाया था, पोर्टल उस किसान की नरमे या धान की फसल की जगह कोई ओर फसल दिखा रहा है। पोर्टल में गड़बड़ी के कारण उपमंडल कालांवाली के सैंकड़ों किसान अपनी फसल का सही पंजीकरण नहीं करवा सके है। किसानों ने चेतावनी देते हुए बताया कि अगर किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया तो वे बड़े स्तर पर संघर्ष करने को मजबूर होंगे। इस मौके पर अमरजीत सिंह, गौरवजीत, गगन, भोला, बिंदा, मिट्ठू, गुरदास सिंह किसान मौजूद रहे।

# बीपीएल श्रेणी में बिजली बिल की कंडीशन हटाने से लोगों को मिली राहत

**विनोद कश्यप**
**प्रभारी दैनिक समाज जागरण हरियाणा**
**पंजाब व चण्डीगढ़**

***चण्डीगढ़ अक्टूबरः*हरियाणा**

प्रदेश के सहकारिता, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा है कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने बीपीएल श्रेणी में बिजली बिल की कंडीशन हटाने से प्रदेश के लोगों को बड़ी राहत मिली है।

इससे गरीब परिवारों को सीधा फायदा हुआ है। वर्तमान सरकार गरीब और जरूरतमंद लोगों की भलाई व जीवन उत्थान के लिए योजनाएं लागू कर रही है। सरकार ऑनलाइन सिस्टम से पारदर्शिता के साथ लोगों को योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है।

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल शुक्रवार को अपने जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान भिवानी जिले हलका लोहारू के सिवानी क्षेत्र में गुरेरा, गैंडावास, बिधवान तथा अलाउदीनपुर में ग्रामीणों की समस्याएं सुन रहे थे।

उन्होंने कहा कि गांवों में पर्याप्त व स्वच्छ पेयजल मुहैया करवाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इसके लिए ग्राम पंचायतें जलघर या अतिरिक्त वाटर टैंक के लिए जमीन का प्रस्ताव पारित करके दें। जो ग्राम पंचायतें प्रस्ताव भेजेंगी उन गांवों में तुरंत प्रभाव से जलघर या अतिरिक्त वाटर टैंक का निर्माण करवाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार ने अनुसूचित जाति, गरीब और जरूरतमंद लोगों की भलाई के लिए विशेष ध्यान दिया है। इसी के चलते मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना व मकान मरम्मत योजना की राशि बढाने का काम किया है। गरीब लोगों को हक दिलाने के लिए योजनाओं को परिवार पहचान पत्र के साथ जोड़ा है। आज योजनाओं का सीधा पैसा लाभपात्रों के खातों में जा रहा है। इससे गरीब लोगों के जीवन में खुशहाली आई है।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री की सोच केवल गरीब, किसान और मजदूर के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने की है। हरियाणा में प्रदेश के सभी 90 हलकों में समान रूप से बिना किसी भेदभाव से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

# राजकीय महाविद्यालय में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन सोलो डांस में छात्रा खुशबू ने प्रथम स्थान पर रहकर मारी बाजी

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) : राजकीय महाविद्यालय बरवाला के प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम "प्रतिभा खोज प्रतियोगिता 2023" का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय नलवा प्रिंसिपल कमलेश दूहन ने दीप प्रज्ज्वलित करके कियो इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रिंसिपल अनिल मेहता मौजूद रहे और अध्यक्षता प्रिंसिपल सुंदर सिंह ढांडा ने की मुख्य अतिथि प्रिंसिपल कमलेश दूहन ने छात्र-छात्राओं को प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में बढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और जीवन में इसकी महत्वाकांक्षा बताई। प्राचार्य सुंदर सिंह ढांडा ने बताया कि यह कार्यक्रम हर साल कॉलेज में विद्यार्थियों की प्रतिभा खोजने के लिए करवाया जाता है जिसके बाद वो जोनल व यूनिवर्सिटी लेवल पर जाकर अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं और आगे चलकर अपने कैरियर के रूप में भी मौका तलाश सकते हैं। इस प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें सोलो डांस, ग्रुप डांस, सिंगिंग, हरियाणवी स्किट व मोनो एक्टिंग शामिल रही। मंच का संचालन दलबीर गिल व तीन छात्राओं अंकित, रिंकू व नंदिनी द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता का परिणाम बताते हुए मीडिया प्रभारी लेक्चरर अनूप सिंह ढांडा ने बताया कि इस प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में सोलो डांस में छात्रा खुशबू द्वितीय वर्ष प्रथम स्थान पर रही और ग्रुप डांस में प्रथम स्थान पर 'मुकेश ग्रुप' रहा। गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर द्वितीय वर्ष की छात्रा नेहा रही। एकमात्र हरियाणवी स्किट के माध्यम से विद्यार्थियों ने सामाजिक समस्या व किसानों की समस्याओं को उजागर कर अपनी कला का परिचय दिया और खूब तालियां बटोरी। इस अवसर पर रेखा सलूजा, खुशबू, आशीष गर्ग, पंकज रहेजा, डॉक्टर रघु महेंद्र दूहन, नीलम गिल, श्वेता, मीनाक्षी रानी, डॉक्टर सुशीला, डॉक्टर रेखा दलाल अजय, नीलिमा, सीमा मेहता, अतुल जैन व सतबीर दूहन समेत महाविद्यालय स्टाफ के लगभग सभी सदस्यगण मौजूद रहे

# हरियाणा कांग्रेस का विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और कार्यकताओं ने आज थामा दामन

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, अध्यक्ष उदयभान जी, सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा की मौजूदगी में भाजपा, जेजेपी, इनेलो, आमआदमी पार्टी, शिरोमणि अकाली दल, आर एस एस समेत विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों, सरपंच, पंच, पूर्व प्रोफेसर एवं सैंकड़ों की तादाद में कार्यकताओं ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। इस दौरान प्रमुख रूप से जिन्होंने कांग्रेस ज्वाइन की है, का परिचय निम्न प्रकार से है-

डॉ. राजिंदर सिंह भट्टी शिरोमणि अकाली दल पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, इंटेलेक्चुअल सेल,
रेखा दहिया आम आदमी पार्टी महिला जिला अध्यक्ष, रेवाड़ी और पूर्व प्रत्याशी बावल विधानसभा,
विनीत सिंह चिकारा आर एस एस जिला अध्यक्ष, संरक्षण विभाग, सोनीपत,
धर्मबीर धनखड़ जेजेपी प्रदेश महासचिव, बुद्धजीवी प्रकोष्ठ एवं सीएम विंडो सदस्य,
रणसिंह मलिक इनेलो पूर्व जिला अध्यक्ष, कर्मचारी संघ, सोनीपत,
रोहित नागर, मोहित मलिक, रोहन नैन भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य, सोनीपत,
उमेद सिंह (सेवानिवृत्त एचसीएस ),
बलवान सिंह जेजेपी महासचिव, खरखौदा, ईश्वर रोहिल्ला जेजेपी उप-प्रधान बीसी सेल, खरखौदा,
पवन जोगी जेजेपी सचिव बीसी सेल, खरखौदा,
नरेंदर हुड्डा आम आदमी पार्टी उपाध्यक्ष यूथ विंग, सोनीपत,
साहिल राणा भाजपा उपाध्यक्ष एससी मोर्चा, सोनीपत), दिलबाग सिंह (पूर्व जिला महासचिव युवा मोर्चा, खरखौदा,
रामेश्वर फुरसानी बिश्नोई प्रबंधक-दिल्ली बिश्नोई मंदिर, हलका आदमपुर,
विक्रम धनाना इनेलोपूर्व युवा जिलाध्यक्ष, रेवाड़ी,
बिजेन्द्र सिवाच इनेलो पूर्व जिला महासचिव, सोनीपत,
मनजीत मलिक ,जेजेपी युवा जिला महासचिव, सोनीपत,
प्रकाश नरवाल जेजेपी हलका उप-प्रधान, बरोदा,
बलवान प्रजापत जेजेपी उपप्रधान, बीसी सेल गन्नौर,
रॉबिन मलिक जेजेपी पूर्व युवा हलका अध्यक्ष, सोनीपत,
किताब सिंह जेजेपी हलका सचिव, गन्नौर,
प्रवीण प्रजापत जेजेपी हलका सचिव, बीसी सेल, गन्नौर,
महेंद्र प्रजापत जेजेपी हलका महासचिव, खरखौदा,
धनसिंह कश्यप जेजेपी हलका महासचिव गोहाना,
पटवारी रिजकराम दहिया जेजेपी (कर्मचारी प्रकोष्ठ),
रिटायर्ड हेड मास्टर कृष्ण लाल जेजेपी (कर्मचारी प्रकोष्ठ), जय भगवान मलिक हलका महासचिव, गोहाना, वीरेंद्र लकड़ा इनेलो पूर्व युवा हलका अध्यक्ष, सोनीपत, राजेंद्र पांचाल इनेलो पूर्व हलका अध्यक्ष, बीसी सेल, खरखौदा, ऐडवोकेट प्रमोद पाँवरिया (अधिवक्ता प्रकोष्ठ), रोहित धनकड़ (युवा नेता),
रमेश दहिया जेजेपी हलका उपाध्यक्ष, खरखौदा,

**बिल्लू सरोहा जेजेपी पूर्व चेयरमैन, ब्लॉक समिति, गन्नौर,**

हेमचंद्र दहिया (सरपंच),

**पूर्व सरपंच धर्मबीर दहिया,**

**पूर्व सरपंच राजकुमार,**

**सुधीर मलिक (सरपंच),**

**पूर्व सरपंच जयभगवान गढ़ी,**

**जेजेपी के सदस्य डॉक्टर नरेश लोहचब,**

फतेहाबाद सरपंच एसोसिएशन, हलका रतिया` से रमेश (सरपंच), अनिल कंबोज (सरपंच), मोनपाल कंबोज (सरपंच), हेमराज शाक्य (सरपंच), प्रेम कंबोज (ब्लॉक समिति सदस्य), पंच जगदीश कंबोज, पंच जगदीप सिंह, पंच सिमरनजीत सिंह, पंच जसकरण सिंह एडवोकेट, भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष फतेहाबाद रामेश्वर, कालू राम पंच, सीताराम पंच, रविंदर पंच, सोनू पंचे , सुनील यादव (सोशल मीडिया प्रभारी, बीजेपी साल्हावास मण्डल), प्रधान किशन मलिक आदि शामिल हुए। आप सभी का कांग्रेस पार्टी में स्वागत है।

# हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के गठन को लेकर प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया से मिले सज्जन सिंह नरवाना।

हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा) - हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के गठन को लेकर भारतीय राष्ट्रीय इंदिरा गांधी किसान मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सज्जन सिंह नरवाना ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवम् हरियाणा प्रदेश के संगठन प्रभारी श्री दीपक बाबरिया से मुलाकात की।इस दौरान श्री सज्जन सिंह नरवाना ने प्रदेश प्रभारी श्री दीपक बाबरिया से चर्चा करते हुए कहा कि संगठन निर्माण में पक्के और सच्चे कांग्रेसियों को तवज्जो दी जानी चाहिए, क्योंकि आज वर्तमान समय में पार्टी की मजबूती का पूरा श्रेय इन्हीं सच्चे कार्यकताओं को जाता है, इसलिए संगठन निर्माण में पार्टी के पुराने और समर्पित कार्यकताओं को समायोजित किया जाना चाहिए।वर्तमान समय में कांग्रेस पार्टी में दूसरी पार्टियों से आने वाले सर्वदलीय, मलाईखोर नेताओं की बाढ़ सी आई हुई है, जिनका कांग्रेस पार्टी की विचारधारा में कोई विश्वास नहीं है, ऐसे नेता केवल अपने निजी स्वार्थों की पूर्ति करने के लिए कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैं। ऐसे में इन सर्वदलीय नेताओं के चक्कर में यदि पार्टी के मूल कार्यकताओं की अनदेखी हुई तो यह पार्टी की मजबूती और भविष्य के लिए घातक हो सकता है। क्योंकि आगामी चुनाव में टिकट नहीं मिलने पर ये सर्वदलीय नेता या तो अपने मूल दलों में वापिस या फिर किसी अन्य दूसरे दलों में चले जायेंगे, जो भी दल उनको टिकट दे देगा उसके ही गीत गाने शुरू कर देंगे, ऐसे में उनको पार्टी संगठन में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने से पार्टी को परहेज करना चाहिए, क्योंकि चुनाव के समय पार्टी के महत्वपूर्ण पदों पर बैठे लोग पार्टी छोड़कर भागते हैं तो जनता के विश्वास को ठेस पहुंचती है और पार्टी के विपरीत माहौल बनता है। ऐसे में संगठन निर्माण में पार्टी के मूल कार्यकताओं को ही जिम्मेदारी देनी चाहिए, उधार के लोगों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देना पार्टी के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। इस दौरान श्री दीपक बाबरिया ने बताया कि आपके द्वारा बताई सभी बातों को ध्यान में रखकर ही संगठन निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है,क्योंकि पार्टी हाईकमान का भी यही स्पष्ट निर्देश है कि पार्टी के मूल कार्यकताओं को ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलनी चाहिए, उधार के घोड़ों से कभी मिशन पूरे नहीं किए जा सकते। इस दौरान श्री नरवाना ने भारतीय राष्ट्रीय इंदिरा गांधी किसान मजदूर कांग्रेस के निष्ठावान और समर्पित कार्यकताओं की सूची श्री दीपक बाबरिया को बनने वाले नए संगठन में समायोजित करने के लिए सौंपी।



# हरियाणा के मुख्यमंत्री ने पंजाब सरकार पर किया तीखा हमला, कहा एसवाईएल मुद्दे पर आप अपना रही दोहरा रवैया

**सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को मानते हुए केंद्र पंजाब में एसवाईएल निर्माण के लिए सर्वे की प्रक्रिया जल्द करे शुरू झ मनोहर लाल**

चंडीगढ़(संदीप शर्मा)झ हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने एसवाईएल मुद्दे पर दोहरा रुख अपनाने के लिए पंजाब सरकार तीखा हमला करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी को इस मामले पर अपना एक निश्चित रुख स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक ही पार्टी के नेता अलग-अलग बातें कहते हैं। इस मुद्दे पर आप पार्टी को चर्चा को केवल पंजाब भवन तक ही सीमित नहीं रखना चाहिए बल्कि आपसी सहमति से विस्तृत चर्चा करनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने आज यहां प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि एसवाईएल के मुद्दे पर एक ही पार्टी द्वारा विरोधाभासी बयान दिए जा रहे हैं। एक ही सरकार के 2 चेहरे उजागर हो रहे हैं, दोमुंही सरकार है। पंजाब सरकार इस मुद्दे का सौहार्दपूर्ण समाधान निकालने की बजाय घड़ियाली आंसू बहा रही है।

श्री मनोहर लाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में आदेश में कहा कि केंद्र सरकार जमीन, जो जमीन वापस कर दी है, उसे अधिग्रहित करके सुरक्षित करे। इसके लिए 3 माह का समय दिया है। उन्होंने केंद्र सरकार से सतलुज यमुना लिंक नहर का काम पूरा कराने के लिए पंजाब में सर्वे की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करवाने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने एसवाईएल के शीघ्र निर्माण के संबंध में दिये गये निर्णय पर सर्वोच्च न्यायालय का आभार प्रकट किया है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सदैव आपसी बातचीत से समाधान निकालने के पक्ष में रहा है। लेकिन एसवाईएल के निर्माण और पानी के बंटवारे को लेकर पंजाब का रवैया हमेशा अड़ियल रहा है। पंजाब एसवाईएल निर्माण की बजाये हमेशा पानी के बंटवारे पर जोर देता रहा है, जबकि नहर के निर्माण और पानी के बंटवारे के संबंध में साल 2002 में सर्वोच्च न्यायालय ने हरियाणा के पक्ष में डिक्री देते हुए यह स्पष्ट कर दिया था कि संसद अनुच्छेद 9.1 और 9.2 के तहत राज्यों के बीच के विवाद के मामलों को ह्यअंतर-राज्य जल विवाद अधिनियमह्ल के मुताबिक एक न्यायाधिकरण को सौंपेगी। साथ ही समझौते के पैरा 9.3 से एसवाईएल नहर के निर्माण के विवाद को नहीं जोड़ा गया है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि एसवाईएल नहर के निर्माण का राज्यों के जल बंटवारे से कोई संबंध नहीं है और यह कोई जल विवाद नहीं हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब की तरफ से एसवाईएल नहर के निर्माण से हुई देरी से न केवल हरियाणा को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि रावी, सतलुज और व्यास का अतिरिक्त जल पाकिस्तान को जा रहा है। इससे देश अपनी जल संपदा का लाभ उठाने से वंचित हो रहा है। पिछले दस वर्षों में सतलुज जल का 1.68 एमएफए और रावी-ब्यास का 0.58 एमएफए पानी बह कर पाकिस्तान जा चुका है। इसलिए यह जरूरी है कि राष्ट्रीय स्तर पर हो रही जल संपदा की हानि को रोकने के लिए जल्द से जल्द एसवाईएल नहर का निर्माण पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि एसवाईएल का निर्माण पूरा नहीं होने की वजह से हरियाणा के किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। नहर का निर्माण पूरा होने से प्रदेश के किसानों को सिंचाई के लिए अतिरिक्त जल की उपलब्धता हासिल होगी, जो न केवल खेती की पैदावार बढ़ेगी बल्कि किसानों की आमदनी में वृद्धि करने में सहायक होगी। यह सर्वविदित है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और हरियाणा की भाजपा सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने को लेकर प्रतिबद्ध है और इस संबंध में निरंतर कार्य कर रही है।



मुख्यमंत्री ने एसवाईएल के निर्माण के पूरा हो जाने के अन्य लाभ बताते हुए कहा कि भाखड़ा और नग्गल बांधों से हरियाणा के लिए सिर्फ एक जल वाहक चैनल उपलब्ध है। यह भी अब 69 वर्ष पुराना हो चुका है। यदि इस चैनल में किसी कारणवश कोई रुकावट होती है तो हरियाणा को पानी पहुँचाने की पूरी व्यवस्था रुक जाएगी। इस स्थिति को रोकने में एसवाईएल नहर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह एक वैकल्पिक चैनल के रूप में काम करेगी, जिसका लाभ पंजाब को भी मिलेगा। नहर का काम पूरा हो जाने के बाद यह हरियाणा के अधिकृत हिस्से का पानी ले जाने के अलावा मानसून के दौरान आने वाले अतिरिक्त पानी को भी ले जाएगी, जिसकी वजह से पंजाब में भी बाढ़ की स्थिति बन जाती है।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हरियाणा के निदेशक डॉ. कुलदीप ने कहा कि सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 पर की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता

चंडीगढ़,(संदीप शर्मा)- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हरियाणा के निदेशक डॉ. कुलदीप ने कहा कि सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 (आईएमआई 5.0) के पहले दो दौर अगस्त और सितंबर महीने में सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं। आईएमआई 5.0 का तीसरा दौर 9 से 14 अक्तूबर तक आयोजित किया जायेगा, जिसमे 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए सभी प्रयास किये जाएंगे।

डॉ. कुलदीप ने यह बात आज एनएचएम हरियाणा के कार्यालय में आयोजित राज्य टास्क फोर्स सह समीक्षा बैठक की अध्यक्षता के दौरान कही। उन्होंने बताया कि आईएमआई 5.0 के पहले दौर में राज्य ने आईएमआई 5.0 के लिए गर्भवती महिलाओं के कुल लक्ष्य का 113 प्रतिशत और 0-5 वर्ष की आयु के बच्चों के कुल लक्ष्य का 87 प्रतिशत हासिल किया है। उन्होंने बताया कि दूसरे दौर के आईएमआई 5.0 में राज्य ने गर्भवती महिलाओं के कुल लक्ष्य का 114 प्रतिशत और 0-5 वर्ष के बच्चों के कुल लक्ष्य का 92 प्रतिशत हासिल किया है।

उन्होंने कहा कि सभी देय लाभार्थियों की पहचान करने और 9 से 14 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले तीसरे दौर में 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए सभी प्रयास किए जाने चाहिए। जिलों को यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी टीकाकरण यूडब्ल्यूआईएन पोर्टल पर दर्ज किए जाएं। केवल यूविन प्रविष्टियों को ही कवरेज माना जाएगा। आईएमआई 5.0 का तीसरा दौर 9 अक्तूबर, 2023 से शुरू होने जा रहा है, सभी जिलों को 7 अक्टूबर, 2023 तक भारत सरकार द्वारा लक्ष्य प्रविष्टि शीट जमा करना सुनिश्चित करना होगा।

डॉ. कुलदीप ने कहा कि सभी जिलों को टीकाकरण कार्यक्रम के प्रदर्शन को मापने के लिए भारत सरकार द्वारा दिए गए और उपयोग किए जाने वाले प्रमुख डिलिवरेबल्स की बारीकी से समीक्षा करनी चाहिए। जिलों को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि हर महीने चिकित्सा अधिकारियों (एमओ) की मासिक बैठकों और उपायुक्तों (डीसी) की अध्यक्षता में टास्क फोर्स की बैठकों में प्रमुख डिलिवरेबल्स की समीक्षा की जाए और कवरेज में सुधार के लिए अंतराल का विश्लेषण किया जाए। सार्वजनिक और निजी स्वास्थ्य सुविधाओं, विशेष रूप से वितरण बिंदुओं और बाल चिकित्सा क्लीनिकों/अस्पतालों में टीकाकरण को स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस) पोर्टल में दर्ज किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाना चाहिए कि सभी निजी अस्पताल एचएमआईएस पर रिपोर्ट दर्ज कर रहे हैं। कर्मचारी टीकाकरण के बाद होने वाली प्रतिकूल घटनाओं (एईएफआई) की पहचान करने और त्वरित रिपोर्टिंग के संबंध में उन्मुख हों। शून्य एईएफआई रिपोर्टिंग जिलों (भिवानी, दादरी और नारनौल) को अपने कर्मचारियों को एईएफआई के लिए फिर से उन्मुख करना होगा।

इस अवसर पर डॉ. वीरेंद्र अहलावत ने कहा कि खसरा रूबेला (एमआर) उन्मूलन, भारत दिसंबर, 2023 तक एमआर उन्मूलन हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है और सभी जिले जिला टास्क फोर्स में लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रमुख संकेतकों की बारीकी से समीक्षा करेंगे। प्रत्येक माह आयोजित किया जाना है।

उन्होंने कहा कि एमआर-1 और एमआर-2 कवरेज 95 प्रतिशत से अधिक होना चाहिए। जिलों को ब्लॉक/क्षेत्र विशिष्ट अंतराल को कवर करने के लिए जिला टास्क फोर्स (डीटीएफ)/ ब्लॉक टास्क फोर्स (बीटीएफ) में एमआर उन्मूलन संकेतकों की समीक्षा करनी चाहिए। प्रासंगिक यू-विन मॉड्यूल पर टीकाकरण सेवा वितरण में शामिल स्वास्थ्य सुविधाओं के सभी स्तरों पर स्वास्थ्य देखभाल कार्यकताओं का पुर्न अभिविन्यास सुनिश्चित किया जाना चाहिए। सभी सार्वजनिक और निजी प्रसव केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं के प्रसव परिणाम दर्ज किए जाएंगे। यूविन मॉनिटरिंग एवं सपोर्टिव सुपरविजन, ब्लॉक एवं जिलों की वार रूम टीमें स्तर पर गठित की गई हैं। पंजीकरण और अंतिम टीकाकरण रिकॉर्ड के आधार पर आशा कार्यकताओं जैसे कार्यकताओं के लिए नियत सूची पर व्यापक रूप से जागरूकता प्रदान की जाएगी। टीकाकरण सेवाएं प्रदान करने वाले और डिलीवरी प्वाइंट के रूप में कार्य करने वाले निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम को यूडब्ल्यूआईएन पोर्टल पर नामांकित किया जाना चाहिए।

बैठक में राज्य टीकाकरण अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी और राज्य मुख्यालय (शिक्षा, शहरी स्थानीय निकाय और महिला एवं बाल विकास विभाग) में संबंधित विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे और सभी जिलों के जिला प्रतिरक्षण अधिकारी एवं रेखीय विभाग के प्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए।

# *महिलाओ की सुरक्षा को लेकर पुलिस की अहम पहल, ऑटो पर लगाये जाएंगे स्टीकर।

## *सड़क दुर्घटना के आंकड़ों को कम करने के लक्ष्य पर करवाई कर रही ट्रैफिक पुलिस :– संजीव कुमार*

पंचकूला (संदीप शमा):- ट्रैफिक थाना सूरजपुर में तैनात चलानिंग अधिकारी श्री संजीव कुमार ने बताया कि पुलिस कमिश्नर सिबास कविराज के निदेर्शानुसार जिला में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर शुरूआत करते हुए जिला में चलनें वालें सभी ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा की जानकारी एकत्रित कर ली गयी है और जल्दी ही इन पर स्टिकर लगाकर उनका रजिस्ट्रेशन किया जाएगा । जिस अभियान के तहत हर एक ऑटो पर स्टीकर की लगाया जाएगा। दरअसल, महिलाओं को कई बार ऑटो में सफर करते समय असुरक्षित महसूस होता है कई बार कोई घटना होने पर हम ऑटो का नंबर नोट नहीं कर पाते या कई बार नंबर यात्री को दिखाई नहीं देता, इसलिए अब ऑटो में कुछ जगहों पर ये खास स्टिकर कोड लगाए जाएंगे और इस स्टीकर को ऑटो के साथ



रजिस्ट्रड करके डायल 112 के साथ जोडा जायेगा और ऑटो चालकों की सम्पूर्ण जानकारी पुलिस के पास रखी जायेगी ।

है ।ट्रैफिक पुलिस पहले भी जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर के जागरुक करती रही है और भविष्य में इस तरह की कार्यवाही अधिकारियो के आदेशों से जारी रहेगी ।संजीव कुमार ने बताया ट्रैफिक पुलिस का उद्देश्य पंचकूला को सड़क दुर्घटना मुक्त बनाने का है जिसको लेकर जागरुकता अभियान चलाए जाते हैं और चालान भी किये जाते रहे हैं। संजीव कुमार ने आम जनता से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है कि पुलिस आप की सुरक्षा के लिए है आप घबराये नही पुलिस आपकी सेवा सुरक्षा और सहयोग के लिए हैं।

## नगर आयुक्त ने दशाश्वमेध जोन पर लगाया जन चौपाल, मौके पर ही शिकायतों का कराया निस्तारण

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**
नगर आयुक्त की अध्यक्षता में एवं पार्षदगणों की उपस्थिति में दशाश्वमेध जोन कार्यालय पर जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें निम्न अधिकारी उपस्थित हुए।

1. सुमित कुमार, अपर नगर आयुक्त।
2. डा एनपी सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी।
3. मोईनुद्दीन, मुख्य अभियन्ता।
4. कुमार असीम रंजन, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी।
6. समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्-ाक।
7. अवर अभियन्ता।

कार्यवाही

1. जन चौपाल में आज कुल 14 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। शिकायकर्ताओ को नगर आयुक्त द्वारा व्यक्तिगत रूप से सुना गया। 14 प्रार्थना पत्रों में 07 प्रार्थना पत्र जी0आई0एस0, 02 प्रार्थना पत्र पीला कार्ड से सम्बन्धित, 01 प्रार्थना पत्र आनलाईन हेतु, 01 प्रार्थना पत्र भवन आवंटन से सम्बन्धित, 02 प्रार्थना पत्र अतिक्रमण से सम्बन्धित एवं 01 प्रार्थना पत्र आई0जी0आर0एस0 से सम्बन्धित प्राप्त हुआ।
2. जी0आई0एस0 आपत्ति से सम्बन्धित 05 प्रार्थना पत्रों को तत्काल राजस्व निरीक्षक के माध्यम से निस्तारित करा दिया गया।
3. भवन संख्या डी0 48/56 के पीला कार्ड से सम्बन्धित समस्या का तत्काल निस्तारण करा दिया गया।
4. 01 आनलाईन आवेदन करने के प्रार्थना पत्र का तत्काल निस्तारण करा दिया गया।

14 प्रार्थना पत्रों में से 07 प्रार्थना पत्रों को निस्तारण मौके पर ही करा दिया गया तथा शेष 07 प्रार्थना पत्रों को कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को प्रेषित कर दिया गया। जन चौपाल में प्राप्त समस्त 14 प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई किये जाने के पश्चात कोई शिकायत अवशेष न होने की दशा में नगर आयुक्त की अनुमति से जन चौपाल का समापन किया गया। समापन पश्चात दशाश्वमेध जोन पर कार्यरत कर अधीक्षक, समस्त राजस्व/कर निरीक्षक, लिपिक एव अन्य को जी0आई0एस0 आपत्ति/नामांतरण पत्रावलियों का निस्तारण ससमय करने एवं अक्टूबर माह में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली करने के निर्देश नगर आयुक्त द्वारा दिये गये।

## जिलाधिकारी निखिल टी0 फुंडे की अध्यक्षता में भू-जल सप्ताह के सफल आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**
बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के समस्त विभागाध्यक्षो को अपने सरकारी/अर्द्धसरकारी भवनो पर अनिवार्य रूप से रूफ टाफ रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित कराने एवं जल संचन के अन्तर्गत कार्य कराने हेतु निर्देश दिये। साथ ही अपने स्तर से जनसम्पर्क के दौरान इस कार्यशाला में बतायें गये बिन्दुओं का पालन करते हुए जनता को भूजल का विवेक पूर्वक उपयोग करने के लिये प्रेरित करे जिससे गिरते हुए भूगर्भ जल को सरंक्षित रखा जा सकें।सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई द्वारा शासन के निर्देश के अनुसार वर्ष 2023 के मुख्य विचार बिन्दु यह संकल्प निभाना है- हर एक बूद बचाना है रखा गया है से अवगत कराया गया। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी,जिला विकास अधिकारी, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई, तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## वसंत महिला महाविद्यालय में विश्व शिक्षक दिवस व गोल्डन जुबली वर्ष समारोह का आयोजन

**समाज जागरण वाराणसी सिटी रिपोर्टर**
वाराणसी। राजघाट स्थित वसंत महिला महाविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा विश्व शिक्षक दिवस व विभाग की गोल्डन जुबली वर्ष समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगीत विभाग के द्वारा कुल गीत की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय की एमएड और बीएड की छात्राओं ने नृत्य, संगीत और वादन के साथ किया। जिसके पश्चायत शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुजाता साहा ने सभागार में बैठे अतिथियों, शिक्षकगणों, छात्राओं को शिक्षक दिवस व विभाग की गोल्डन जुबली वर्ष की महत्ता से अवगत कराया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. जेपी पाण्डेय प्रिंसिपल बीटीआईसी पाण्डेहवेली, पीके श्रीवास्तव प्रिंसिपलएम बीसी सारनाथ, मीता कुमार प्रिंसिपल वीकेआईसी कमच्छा, डॉ. अंजू राय प्रिंसिपल बीटीएस रथयात्रा को महाविद्यालय की प्रधानाचार्या प्रो. अलका सिंह, सहायक प्रो. व संयोजक आईक्यूएसी डॉ. महेश शर्मा, सहायक रजिस्ट्रार केंद्रीय उच्च तिब्बती अध्ययन संस्थान वाराणसी प्रमोद कुमार, महाविद्यालय की आईक्यूएसी की समन्वयक प्रो. सीमा श्रीवास्तव ने स्मृति चिन्ह अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। अतिथियों का परिचय प्रो. मिनाक्षी विश्वाल एवं डॉ. प्रवीण कुमार द्वारा दिया गया।कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो. सुजाता साहा द्वारा किया गया।

## बुखार के मरीजों के परामर्श के लिए एकीकृत कोविड कमांड सेंटर में टीम तैयार

**सामाज जागरण सिटी रिपोर्टर**
वाराणसी, 06 अक्टूबर 2023 झ वर्तमान वायरल व डेंगू फीवर संचरण काल को देखते हुये जनपद प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग नजर बनाए रखे हुये हैं। इसके दृष्टिगत बुखार के रोगियों की निगरानी, सरकारी व निजी चिकित्सालयों में जांच व उपचार की निगरानी, विभिन्न अंतर्विभागीय निरोधात्मक गतिविधियों की निगरानी के साथ ही बुखार के मरीजों के परामर्श के लिए एकीकृत कोविड कमांड सेंटर (आईसीसीसी) में टीम तैयार कर ड्यूटी लगा दी गई। शुक्रवार से यह टीम 24 घंटे में तीन शिफ्ट में कार्य करना शुरू कर दिया है। टीम में चिकित्सक, एआरओ व अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से आईसीसीसी पर संपर्क करने के लिए हेल्प लाइन नंबर 0542-2720005 जारी किया गया है। उपरोक्त कार्यों व रिपोर्ट का पर्यवेक्षण के लिए जिला मलेरिया अधिकारी शरत चंद पाण्डेय व पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट डॉ शिशिर कुमार के द्वारा किया जाएगा।

## रोड पर बचकर चले महिलाएं चेन स्नेचर गैंग सक्रिय

**समाज जागरण वाराणसी सिटी रिपोर्टर**
वाराणसी। शहर में छिनैत लगातार घटना को अंजाम दे रहे हैं और पुलिस कागजों तक ही सीमित है। कुछ ऐसा ही मामला थाना लालपुर पाण्डेयपुर अंतर्गत प्रेमचंद नगर कॉलोनी का है। जहां एक बुजुर्ग महिला उर्मिला (64) बाजार से खरीदारी कर घर को जा रही थी। इसी दौरान पीछे से एक युवक पैदल आया और महिला के गले से चेन नोचकर फरार हो गया। सूचना पीड़िता के बेटे ने स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में जुटी हुई है। स्थानीय पुलिस का कहना है कि एक युवक को चिन्हित कर लिया गया है जल्द ही घटना का खुलासा होगा। अब देखने वाली बात यह है कि शहर में लगातार छिनैत घटना को अंजाम दे रहे हैं। ऐसा लगता है कि कोई गिरोह सक्रिय होकर घटना को ताबड़तोड़ अंजाम देने में लगा हुआ है और पुलिस कहती है कि जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। जबकि छिनैत पुलिस के हाथों से काफी दूर दिखता नजर आ रहा है।

## अपर पुलिस आयुक्त ने मडुवाडीह चौराहे यातायात व्यवस्था का लिया जायजा

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो हेड पंकज झा**
वाराणसी-अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डा0 एस चन्नप्पा महोदय द्वारा मंडूआडीह चौराहे की यातायात व्यवस्था का जायजा लेते हुए ड्यूटी पर लगे यातायात कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया तथा साथ ही साथ थाना रामनगर का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान द्वारा थाना कार्यलय के रजिस्ट्रों, अभिलेखों का अवलोकन किया गया तथा रजिस्टरों को अध्यावधिक करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। द्वारा अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये तथा असामाजिक तत्वों पर निगरानी किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## काशी के अमिताभ मिश्र को सर्वपल्ली राधाकृष्णन पुरस्कार

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो हेड**
काशी विद्यापीठ /वाराणसी अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर गत गुरूवार को बागपत में वाराणसी जनपद के काशी विद्यापीठ विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय मनोरथपुर के प्रधानाध्यापक एवं अकादमिक रिसोर्स पर्सन हिंदी भाषा के पद पर कार्यरत अमिताभ मिश्र को श्रेष्ठतम रचनाकार एवं हिंदी शिक्षण के सरलतम नवाचारों के लिए सर्वपल्ली डा0 राधाकृष्णन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
बागपत जनपद में चौधरी केहर सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा पांच अक्टूबर को
अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस के दौरान शिक्षकों को सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के 480 शिक्षकों में से विभिन्न मानकों एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर अलग-अलग विधाओं से कुल 101शिक्ष-ाकों को चयनित किया गया था।
कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर शिक्षा निदेशक सुश्री रमेश शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सहेन्द्र सिंह थे।
इस दौरान उपजिलाधिकारी सुभाष सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी सविरतन गौतम, डायट प्राचार्य अनुराधा वर्मा, अपर जिलाधिकारी एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी गण क्षेत्रीय प्रतिनिधि एवं चार राज्यों के सम्मानित शिक्षक गण मौजूद रहे।

## जौनपुर के सुल्तानपुर की बेटी ने जीता स्वर्ण पदक

सामाज जागरण जौनपुर)
जौनपुर सुरेरी- के सुल्तानपुर गांव निवासी कैलाश मिश्रा महाराष्ट्र मुंबई के दहीसर में रहकर फल विक्रेता का कार्य करते हैं। उनकी बेटी ऐश्वर्या ने चाइना में एशियन गेम में स्वर्ण पदक जीता है। जानकारी होने पर क्षेत्रीय लोगों में खुशी का माहौल रहा। ऐश्वर्या का जन्म व शिक्षा मुंबई में हुआ था। इसकी तैयारी ऐश्वर्या पिछले 11 वर्षो से कर रही थी। देश के लिऐ ऐश्वर्या ने यह चौथा पदक जीता है। सर्वप्रथम थाईलैंड में पहला पदक जीती थी। ऐश्वर्या की जीत पर प्रधानमंत्री ने भी ट्वीट पर बधाई दिया हैं।

## नगर आयुक्त के निर्देश में नगर निगम प्रवर्तन दल द्वारा चला अतिक्रमण अभियान

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो
1. कैंट रेल्वे स्टेशन के सामने सड़क के दोनों तरफ वेंडरों द्वारा अवैध रूप से मार्ग अवरुद्ध कर वेंडिंग करने के कारण आवागमन पूर्ण रूप से प्रभावित हो रहा था अतः उक्त के दृष्टिगत अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार द्वारा प्राप्त निर्देश का अनुपालन करते हुए अतिक्रमण निरीक्षक संजय श्रीवास्तव के साथ कैंट रेल्वे स्टेशन के सामने सड़क के दोनों तरफ सघन अतिक्रमण अभियान चलाते हुए तमाम अवैध वेंडरों को हटवा कर मार्ग को पूर्ण रूप से अतिक्रमण मुक्त करवाया गया ताकि आवागमन में किसी भी प्रकार का व्यवधान न रहे।
2. लोहटिया क्षेत्र से आईजीआरएस द्वारा प्राप्त शिकायत ( गली में चबूतरा बना कर मार्ग अवरुद्ध किये जाने के सम्बन्ध में ) के निस्तारण हेतु जोनल अधिकारी कोतवाली जोन अनुपम त्रिपाठी और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँच अतिक्रमण कर्ता को जमीनी दस्तावेजों के साथ जोनल कार्यालय बुलाया गया ताकि आवश्यक जाँच कर अग्रिम करवाई किया जा सके क
3. गोदौलिया क्षेत्र से आईजीआरएस द्वारा प्राप्त शिकायत (गोदौलिया स्थित नव निर्मित पार्किंग के पीछे वाली गली के मार्ग पर अवैध रूप से मार्ग अवरुद्ध कर दुकान लगाने के सम्बन्ध में ) को निस्तारित करते हुए मौके पर पहुँच गली के मार्ग पर अवैध रूप से लगाये गए दुकानों को हटवा कर मार्ग को पूर्ण रूप से खली करवा दिया गया।
4. रामनगर क्षेत्र से आईजीआरएस द्वारा प्राप्त शिकायत (कालोनी के मार्ग पर सीढ़ी बना कर मार्ग अवरुद्ध करने के सम्बन्ध में ) को निस्तारित करते हुए मौके पर पहुँच अवैध रूप से गली में बनाये गए सीढ़ी को ध्वस्त करवा दिया गया साथ ही स-ार्वजानिक सूचना भी प्रसारित किया गया की जिस किसी भी व्यक्ति का रैंप / सीढ़ी गलिम के मार्ग पर बनाया गया है स्वतः हटा लें।
5. ककर मत्ता क्षेत्र से आईजीआर-एस द्वारा प्राप्त शिकायत (BLW रोड पर अवैध रूप से गुमटी रख मार्ग अवरुद्ध करने के सम्बन्ध में ) को निस्तारित करते हुए मौके पर पहुँच उक्त गुमटी को हटा दिया गया क
6. मढ़ूर गंज स्थित रानीपुर क्षेत्र से आईजीआरएस द्वारा प्राप्त शिकायत (सरकारी आवास में अवैध रूप से कब्जा किये जाने के सम्बन्ध में ) को निस्तारित्त करते हुए मौके पर पहुँच सरकारी आवास में अवैध रूप से रह रहे व्यक्ति को 01 दिन का समय दिया गया ताकि वे अपना सामान सुरक्षित कर आवास को खाली कर सकें।
7. पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में फार्मासिस्ट अमर नाथ द्विवेदी और उनकी टीम के साथ मिल कर लंका और कबीर नगर क्षेत्रों में अवैध पशुपालन / डेयरी के खिलाफ अभियान चलाते हुए कुल 08 गएँ जब्त कर कांजी हाउस भेजा गया।
8. उपरोक्त पूरे अभियान के दौरान अत्यधिक अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों का लगभग 01 गाड़ी अतिक्रमित सामान जब्त कर लिया गया।

## श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग

**सामाज जागरण (जौनपुर)**
जौनपुरः जलालपुर क्षेत्र के त्रिलोचन महादेव निवासी फिल्म अभिनेता चन्दन सेठ के पैतृक निवास स्थान पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन गुरूवार को श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया गया।कथा से पहले कथा की श-ुरूआत इन्द्रभान सिंह इन्दु प्रांतीय उपाध्यक्ष/जिलाध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल प्रतिनिधि,रत्नाकर चौबे वरिष्ठ सपा नेता,डा.जय प्रकाश सिंह सुभासपा राष्ट्रीय महासचिव ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया।छठे दिन व्यास पीठ पर विराजमान कथावाचक बाल ब्यास शशिकान्त महराज(श्रीकाशी)ने रास पांच अध्याय का वर्णन किया।श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया गया।कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं।उनमें गाये जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है वह भव पार हो जाता है।उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है।कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान,कंस का वध,महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध,उधव गोपी संवाद, ऊधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना,द्वा-रका की स्थापना एवं रुक्मणी वि-वाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया। कथा के दौरान कथावाचक शशिकान्त महराज ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला के द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ।जीव और ब्रह्म के मिलने को ही महारास कहते है।इस अवसर पर डा.अवधनाथ पाल(सपा जिलाध्यक्ष जौनपुर),राजेश यादव नवागत थानाध्यक्ष जलालपुर,विनोद सेठ समाजसेवी,संजय सिंह कोरी,गायक चिन्टू सरगम,गुलाब राही,मनीष दुबे मंजुल,जिग्नेश मौर्य भ्रमण,प्रदीप सिंह, अनुराग वर्मा, नागेन्द्र सेठ, अरविन्द विश्वकर्मा, विनय वर्मा,सुदर्शन मिश्रा, हरिशंकर मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## अनिश्चितकालीन प्रदर्शन पर बैठे छात्र ने किया कुलपति कार्यालय के बाहर आत्मदाह की कोशिश, पूर्व सांसद ने धरनास्थल पर पहुचकर जाना छात्रो का हालचाल

**समाज जागरण वाराणसी**
वाराणसीः काशी हिंदू विश्वविद्यालय पीएचडी प्रवेश के लिए जारी नयी त्रुटिपूर्ण नियमावली के खिलाफ अनिश्चितकालीन प्रदर्शन बारहवें दिन भी जारी रहा। बारहवें दिन छात्रों ने एकदिवसीय भूख हड़ताल कर प्रश-ासन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। इसी बीच केंद्रीय कार्यालय पर तब अफरा तफरी का माहौल बन गया जब पिछले बारह दिनों से धरनारत एक छात्र पेट्रोल लेकर आत्मदाह करने कुलपति कार्यालय पहुच गया। आनन फानन में छात्र ने अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया तभी प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सुरक्षाकर्मियों ने बीच बचाव किया। कुछ समय के लिए केंद्रीय कार्यालय पर तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। इस बीच छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कुलपति से मिलने की जिद पर अड़े रहे। तनावपूर्ण स्तिथि को देखते हुए पुलिस बुलाना पड़ा, काफी मान मनौअल के बाद छात्र वापस धरनास्थल की तरफ लौटे जिसके बाद खबर है कि कुलपति ने विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों संग हाई प्रोफाइल मीटिंग की।
आत्मदाह की खबर सुनते ही काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के छात्रसंघ के पूर्व पदाधिकारी एवं वाराणसी से स-ांसद रहे राजेश मिश्र धरनास्थल पर पहुचें एवं धरनारत छात्रों का हालचाल जाना। उन्होंने मांगपत्र को उचित बताते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन को छात्र विरोधी बताया एवं छात्रों के अनिश्चितकालीन प्रदर्शन को अपना समर्थन दिया। राजेश मिश्रा ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पहले के समय के कुलपति छात्र हितों को ध्यान में रखकर फैसले लेते थे अब के कुलपति छात्र विरोधी फैसला लेते हैं विश्वविद्यालय में छात्रसंघ का न होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है विश्वविद्यालय में छात्रो से प्रश-ासनिक अधिकारियों के बातचीत का कोई प्रॉपर चैनल नही है जिसकी आड़ में विश्वविद्यालय प्रशासन मनमनानी हरकतें करता है जिसका खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ता है इसका साक्षात उदाहरण पीएचडी प्रवेश की नयी त्रुटिपूर्ण नियमावली है। आपको बता दें कि पीएचडी प्र-वेश के लिए विश्वविद्यालय में नयी नियमावली जारी की थी जिसमें व्याप्त त्रुटियों के खिलाफ छात्रों ने कई बार परीक्षा नियन्ता से सम्पर्क कर ज्ञापन दिया एवं त्रुटियों को सुधारने की बात कही लेकिन प्रश-ासन ने छात्रों की मांगों को एकदम नजरअंदाज कर दिया जिसके खिलाफ आक्रोशित होकर छात्र पर-ाीक्षानियन्ता कार्यालय के मुख्यद्वार पर अनिश्चितकालिन प्रदर्शन पर बैठ गए। छात्र प्रतिदिन अलग अलग आयोजनों के माध्यम से विश्वविद्यालय प्रशासन को जगाने की कोशिश करते हैं। इस संदर्भ में छात्रो ने पुतला दहन, सांकेतिक शवदाह, आक्रोश मार्च एव कैंडल मार्च भी निकाला था। आपको बता दें कि प्रशासन के अधिकारियों ने एक बार प्रदर्शनकारियों से बातचीत का न्योता भेजा था जिसमें छात्रों की कुछ मांगे मान ली गयी थी वही कुछ मांगो पर प्रशासन ने विचार करने को बोला था।
अनिश्चितकालीन प्रदर्शन पर बैठे छात्र विकास ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन इनदिनों तुगलकी रवैया अपनाया रहा है, छात्रों की मांगों को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन का रवैया असन्तोषजनक है, हमारी कुछ मांगो को मौखिक रूप से जरूर माना गया था लेकिन हमलोग ग्यारहसूत्री मांगपत्र पर नियमावली बनने तक अनिश्चितकालीन प्रदर्शन जारी रखेंगे। अनिश्चितकालीन प्रदर्शन में विकास, पतञ्जलि पाण्डेय, सूर्याभ, राजकुमार डायमंड, शुभम शुक्ला, सौरभ राय, अभिषेक उपाध्याय, हर्ष, अविनाश, मृत्युंजय तिवारी, भीष्मदेव सिंह, प्रिंस पाण्डेय, श्यामल सिंह, अभिजीत राठौर, क्षितिज उपाध्याय, सामंत, अंकित, अभिषेक राय, रणजीत धानका, सौरभ तिवारी, आदित्य भदौरिया, अक्षत, अविनाश सिंह, धर्मेंद्र गोंड, उत्कर्ष द्विवेदी, आशीर्वाद दुबे, दुर्गेश सिंह, अक्षय तिवारी, शुभम मिश्रा, विपिन सिंह समेत दर्जनों छात्र मौजूद थे।

## रुस्तम हत्याकांड का दूसरा आरोपित चढ़ा पुलिस के हत्थे, असलहा बरामद

**सामाज जाइरण (जौनपुर)**
खेतासराय(जौनपुर) स्थानीय थाना क्षेत्र के मझौरा गांव के रुस्तम हत्याकांड में पुलिस ने दूसरे आरोपित को मानीकला रेलवे क्रॉसिंग से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने घटना में स्तेमाल किया गया असलहा और कारतूस को बरामद करने का दावा किया है। आरोपित का हत्या की धारा में चालान न्यायालय भेज दिया।
मालूम हो कि बीते शुक्रवार को उक्त गांव निवासी अबुजर उर्फ रुस्तम को उसके मत्स्य पालन केंद्र पर तीन संख्या में आये बदमाशों ने उसके ऊपर अंधाधुन फायर झोंक दिया। जिसकी इलाज के दौरान मेदान्ता लखनऊ में मौत हो गई। मृतक के भाई जावेद की तहरीर पर गांव के तीन लोगों के खिलाफ नामजद और एक अज्ञात में हत्या की प्रयास की रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस ने मे-डिकल रिपोर्ट के आधार पर धारा को बदल कर हत्या सहित अन्य धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया




। घायलावस्था में अबुजर ने इस हत्याकांड की पीछे प्रधान प्रतिनिधि को जिम्मेदार ठहराया था। आरोप है कि गांव में विकास कार्यों की शि-ाकायत की गई जिस से उन्होंने अपने गुर्गों से घटना को अंजाम दिलाया। शुक्रवार की सुबह एसओ चंदन राय ने आरोपित की मुखबिर से सूचना मिलने पर मानीकला रेलवे क्रॉसिंग से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार उसके पास से घटना में प्रयुक्त असलहा मय कारतूस बरामद हुआ। एसओ चंदन रॉय ने बताया कि पुलिस सभी एंगल में जाँच कर रही है, अन्य आरोपित जल्द पुलिस के शिकंजे में आएंगे।

## 29 साल बाद कैंट स्टेशन पर बिना रुके गुजरेगी गाड़ियां, शुक्रवार से बदला नजर आने लगा नजारा

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो पंकज झा**
वाराणसी। कैंट रेलवे स्टेशन पर चल रहे यार्ड रीमॉडलिंग के वजह से करीब




29 वर्ष के बाद कैंट स्टेशन का नजारा शुक्रवार से बदला नजर आ रहा है। 6 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक कैंट स्टेशन से जफराबाद - लखनऊ रूट की करीब 11 जोड़ी ट्रेनों को स्टेशन पर बिना रुके गुजारी जा रही है। नॉन इंटरलॉकिंग कम की वजह से इन सभी गाड़ियों को गुड्स लाइनों से करीब 10 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से गुजर जा रहा है।
वही 11 जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों का कैंट की जगह काशी और शिवपुर स्टेशनों पर 5 मिनट का ठहराव किया जा रहा है। बता दे की कैंट पर यार्ड रीमॉडलिंग का कार्य 1 सितंबर से शुरू हुआ है जो 15 अक्टूबर तक चलेगी। अधिकारियों के अनुसार शुक्रवार को एनआई दौरान मैन्युअल ऑपरेशन की वजह से सभी गाड़ियां बनारस और शिवपुर रूटों गंतव्य तक जाएगी।
इसी कड़ी में शुक्रवार की सुबह 8:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक का 9 घंटे का ब्लाक रहेगा। वही नॉन इंटरलॉकिंग के दौरान 6 से 15 अक्टूबर तक काशी और वाराणसी सिटी स्टेशनों से कई यात्री ट्रेन लोटा की ओर नहीं जा पाएंगी। इस रूट पर सिर्फ मालगाड़ियों का प्रचलन उक्त समय में करवाया जाएगा।

## वाराणसी मंडल थ्रो बॉल टीम का गठन

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**
काशी विद्यापीठ/ वाराणसी वाराणसी शुक्र पब्लिक स्कूल केराकतपुर के प्रांगण में वाराणसी मंडल थ्रो बॉल टीम के गठन के लिए गाजीपुर जौनपुर



चंदौली व बनारस मिलकर कल 80 प्रतिभागियों ने प्रतिभा किया जिसमें से अपने खेल का शानदार प्रदर्शन कर 12 बालिकाओं ने अपना स्थान प्राप्त किया जिनके नाम इस प्रकार हैंः-अनुषा मौर्य, अनुष्का सिंह, श्वेता राय, सिमर शर्मा, हिमाक्षी, सुमन, पिया पाठक, अंतरा यादव, काव्या अग्रवाल, आयुषी, जागृति वत्स, कीर्ति. टीम कोच जियाउद्दीन खान व टीम मैनेजर वर्षा तिवारी का चयन हुआ। इस मौके पर वाराणसी मंडल ओलंपिक संघ के तकनीकी समिति के सदस्य राधेकांत शुक्ला व अनूप पटेल प्रवचन के रूप में मौजूद रहे जिनके देखरेख में वाराणसी मंडल थ्रो बॉल टीम का चयन हुआ।

## महिला कोटेदार व उसके देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**
वाराणसी फूलपुर थाना क्षेत्र के दल्लीपुर की महिला कोटेदार व उसके देवर के खिलाफ आपूर्ति निरीक्षक ने अनियमितता व खाद्यान्न बेचने समेत अनेक आरोपो के तहत मुकदमा दर्ज कराया। पूर्ति निरीक्षक प्रदीप कुमार मिश्रा ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया कि राशनकार्ड धारकों की शिकायत पर जांच की गई तो 327 कार्ड धारकों के सापेक्ष अगस्त माह में 50 फीसदी कार्डधारकों को खाद्यान्न वितरीत किये गए। अन्य ग्रामीणों को दौड़ाया जा रहा है। पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर जब कोटेदार द्वार सुरसत्ती देवी को मौके पर बुलाया गया तो नही आई। अपने देवर सुरेंद्र को भेज दी। ग्रामीणों व कार्डधारकों द्वारा बताया गया है उक्त महिला कोटेदार के जगह उसका देवर ही खाद्यान्न का वितरण करता है।वही जांच के दौरान खाद्यान्न में कमी व वितरण में अनियमितता मिलने उच्चाधिकारियों के आदेश पर फूलपुर थाने में महिला कोटेदार व उसके देवर के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

## केबल जली पानी हवा के लिए तरसे लोग

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**
वाराणसी चौबेपुर।स्थानीय गांव में लगा ट्रांसफार्मर के बाजार में जाने वाली केबल के जलकर गल जाने से चौबेपुर आधी बाजार व गांव के लोग पूरी रात बिजली न होने के कारण किसी तरह रात बिताई।दूसरे दिन दोपहर बाद बिजली की आपूर्ति की गई।
बताया जाता है कि गांव के ट्रांसफार्मर से चौबेपुर बाजार में निकलने वाली केबल रात में अचानक जलकर पिघल कर गिर गयी।जिससे आधी बाजार व कुछ गांव के लोगो की बिजली कट गयीं।लोग किसी तरह रात काटी।दूसरे दिन शुक्रवार को किसी तरह केबल को जोड़कर बिजली की आपूर्ति की गयीं।

## काशी में धूमधाम से मनाया गया जीवित्पुत्रिका व्रत

**समाज जागरण सिटी रिपोर्टर**
वाराणसीः जीवित्पुत्रिका व्रत मे हजारों की तादात में महिलाओं ने लक्सा लक्ष्मीकुंड स्थित माता लक्ष्मी के मंदिर और माता जूतियां के दरबार में टेका माथा कथा सुनकर भक्त हुए निहाल। पुलिस प्रशासन की मेले में सुरक्षा के दृष्टिगत भारी पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी। वाहनों का आना-जाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहा। वही जीवित्पुत्रिका व्रत करने वाली महिला गुड्डन मेहरोत्रा ने बताया इस व्रत को पूरे विधि विधान से करने वाले की हर मनोकामना पूर्ण होती है।

## जानिए कब जारी होगी पीएम किसान सम्मान निधि की 15वी किस्त

सामाज जागरण (जौनपुर)
जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम किसान सम्मान निधि के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई।
बैठक में उप परियोजना निदेशक डॉ रमेश चंद्र यादव ने अवगत कराया कि 15 अक्टूबर के बाद पीएम किसान सम्मान निधि की 15वी किस्त जारी होगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिनका भी ई केवाईसी पूर्ण नहीं है उनका ई केवाईसी सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण कराएं, जिन लाभार्थियों का भूमि सत्यापन नही हुआ है उनका शत-प्रतिशत सत्यापन करा दिया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान चलाकर आधार सीडिंग, भूमि सत्यापन और ई-केवाइसी कराएं।
जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन कर्मचारियों के पास आधार सीडिंग से जुडे अधिक मामले लम्बित है, उनके द्वारा कैम्प लगाकर 15 दिन में एक अभियान चलाकर कार्य पूर्ण कराया जाए। सचिव, पंचायत सहायक, ग्राम प्रधानों के साथ समन्वय करते हुए सीएससी केंद्रों पर भी इस कार्य को पूर्ण कराएं।
इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, उप परियोजना निदेशक आत्मा डा0 रमेश चन्द्र यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।